RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 232
नई दिल्ली, बुधवार, 28 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नौ साल में देश का सड़क नेटवर्क 59% बढ़ा

राष्ट्रीय-11

# संतुष्टिकरण के रास्ते पर चलेगी भाजपा: मोदी

● प्रधानमंत्री मोदी ने समान नागरिक संहिता की वकालत की, विपक्षी एकता का उड़ाया माखौल

● कहा, वोट बैंक की राजनीति के कारण पसमांदा मुसलमानों के साथ बराबरी का व्यवहार भी नहीं किया जाता



भोपाल में मंगलवार को मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/भोपाल

**इस** बात पर जोर देते हुए कि जनता ने 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को फिर सत्ता लाने का मन बना लिया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए उसकी एकता के प्रयास को देश में भ्रष्टाचार की 'गारंटी' बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण की नीति नहीं अपनाएगी बल्कि सभी समुदायों के संतुष्टिकरण के लिए काम करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? और कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर मुसलमानों को उकसाया जा रहा है। मोदी ने भोपाल में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के बजाए संतुष्टिकरण के रास्ते पर चलेगी। मोदी ने कहा कि विपक्ष समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने के लिए कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय मुसलमानों को यह समझना होगा कि कौन से राजनीतिक दल उन्हें भड़काकर उनका फायदा लेने के लिए उनको बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम देख रहे हैं समान नागरिक संहिता के नाम पर लोगों को भड़काने का काम हो रहा है।

एक घर में परिवार के एक सदस्य के लिए एक कानून हो, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा। फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? हमें याद रखना है कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। उन्होंने कहा, ये लोग (विपक्ष) हम पर आरोप लगाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि वे मुसलमान, मुसलमान करते हैं। अगर वे वास्तव में मुसलमानों के हित में (काम) कर रहे होते, तो मुस्लिम परिवार शिक्षा और नौकरियों में पीछे नहीं होते। मोदी ने मध्य प्रदेश में भोपाल की अपनी यात्रा के दौरान कहा, कुछ (शेष पेज 9)

## पांच वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



भोपाल में पांच वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी देने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का दौरा किया और देश के विभिन्न हिस्सों के अहम शहरों को जोड़ने वाली पांच वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

मोदी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां से उन्होंने दो वंदे भारत ट्रेनों को प्रत्यक्ष तौर पर तथा तीन को तीन वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोदी ने सोमवार को ट्वीट किया, ये ट्रेन मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, बिहार और झारखंड के बीच संपर्क को बढ़ाएंगी। यह पहली बार है कि एक दिन में इतनी अधिक वंदे भारत ट्रेनें शुरू की गई हैं। इनमें से दो मध्य प्रदेश के लिए हैं, जहां साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रानी कमलापति (भोपाल)-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव (गोवा)-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, और हटिया-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ... ये सभी सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें हैं।

# कैग करेगा केजरीवाल के आवास का ऑडिट

● सीएम बंगले के पुनर्निर्माण में अनियमितताओं को लेकर उपराज्यपाल के पत्र पर गृह मंत्रालय ने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के पुनर्निर्माण में कथित अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघनों का विशेष ऑडिट करेंगे। राज निवास के अधिकारियों ने मंगलवार को दावा किया कि गृह मंत्रालय ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के 24 मई को प्राप्त एक पत्र पर गौर करने के बाद विशेष कैग ऑडिट की सिफारिश की।

इस पत्र में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के पुनर्निर्माण में घोर और प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। अप्रैल में पहली बार यह मामला उठा था और उसके बाद से इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ दल आप एवं विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच लगातार वाकयुद्ध जारी है। आप ने दावा किया कि यह आवास 1942 में निर्मित पुराना, कमजोर ढांचा था और इसकी मरम्मत की आवश्यकता थी। दूसरी ओर, भाजपा ने अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच पर जोर दिया। गृह मंत्रालय को 24 मई को लिखे अपने पत्र में उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि कथित अनियमितताओं को मीडिया ने उजागर किया था, जिसके बाद दिल्ली के मुख्य सचिव ने 27 अप्रैल और फिर 12 मई को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली (शेष पेज 9)



फाइल चित्र

## कैग ऑडिट सिफारिश भाजपा की हताशा का प्रतिबिंब: आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के पुनर्निर्माण खर्च की कैग ऑडिट शुरू करने के केंद्र के फैसले की मंगलवार को कड़ी आलोचना की है। सत्तारूढ़ दल आप ने कहा कि यह कदम भाजपा की हताशा को दिखाता है क्योंकि उसे 2024 में लोकसभा चुनाव हारने का डर है। आप ने एक बयान में कहा कि मोदी सरकार के इस कदम से हताशा का संकेत मिलता है, क्योंकि भाजपा को 2024 के आम चुनावों में हार का अंदेशा है। जहां तक मुख्यमंत्री आवास के पुनर्निर्माण के संबंध में खर्चों की कैग से जांच की बात है, तो यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह पिछले साल ही की जा चुकी है, जिसमें वित्तीय अनियमितताओं का कोई सबूत नहीं मिला। आप ने कहा कि कैग ऑडिट दोबारा शुरू करना भाजपा की हताशा, बेचैनी और निरंकुश प्रवृत्ति का स्पष्ट प्रतिबिंब है। सत्तारूढ़ दल ने कहा कि भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनावों (शेष पेज 9)

# महिला पत्रकार का उत्पीड़न अस्वीकार्य: व्हाइट हाउस

● पिछले हफ्ते वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में रिपोर्टर ने मोदी से लोकतंत्र पर पूछा था सवाल

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन



**वॉल** स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्टर सबरीना सिद्दिकी के कथित ऑनलाइन उत्पीड़न की कड़ी निंदा करते हुए व्हाइट हाउस ने घटना को 'अस्वीकार्य' तथा 'अनैतिक' बताया। पिछले हफ्ते वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान सिद्दिकी ने भारत में लोकतंत्र पर पीएम मोदी से सवाल पूछा था।

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के एक दिन बाद संवाददाता को मोदी से सवाल पूछने के लिए सोशल मीडिया पर कोसा जाने लगा और कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि वह पूर्व नियोजित तरीके से सवाल पूछ रही थीं। कुछ ने तो महिला पत्रकार को पाकिस्तानी इस्लामिस्ट कहा। रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने एक प्रश्न के उत्तर में संवाददाताओं से कहा, हमें उस उत्पीड़न की खबरें मिली हैं।

यह अस्वीकार्य है। और हम किसी भी परिस्थिति में कहीं भी पत्रकारों के किसी भी तरह के उत्पीड़न की कड़ी निंदा करते हैं। यह लोकतंत्र के उन सिद्धांतों के लिहाज से अनैतिकतापूर्ण है जो पिछले सप्ताह राजकीय यात्रा के दौरान प्रदर्शित किए गए। सिद्दीकी के प्रश्न के उत्तर में मोदी ने लोकतंत्र के मामले में भारत के रिकॉर्ड का पुरजोर बचाव करते हुए कहा था कि उनकी सरकार का मूल आधार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। उन्होंने कहा था, भारत एक लोकतंत्र है। और जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र है।

हमारी रगों में लोकतंत्र है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरीन ज्यां-पियरे ने कहा, हम व्हाइट हाउस में इस प्रशासन के तहत प्रेस की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसीलिए हमने पिछले सप्ताह संवाददाता सम्मेलन रखा था। उन्होंने कहा, हम किसी पत्रकार को धमकाने या उनके उत्पीड़न के किसी भी प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं जो केवल अपना काम करने की कोशिश करते हैं। क्या प्रधानमंत्री मोदी (शेष पेज 9)

# न्यूयॉर्क में अब दीपावली पर स्कूलों में रहेगी छुट्टी

● शहर के मेयर ने इसे न केवल भारतीय समुदाय बल्कि दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की जीत बताया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

**न्यूयॉर्क** शहर ने आधिकारिक रूप से दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी का ऐलान किया है। मेयर एरिक एडम्स ने इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने इसे शहर और उसमें रहने वाले विभिन्न समुदायों की जीत बताया। एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया है।

उन्होंने सोमवार को सिटी हॉल से की गई एक विशेष घोषणा में कहा कि हमें विश्वास है कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा, यह एक जीत है... केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से, दक्षिण एशियाई और भारतीय-कैरिबियाई समुदाय ने इस पल के लिए संघर्ष किया है। जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं।

उन्होंने कहा, आज, मेयर और मुझे पूरी दुनिया के सामने खड़े होकर यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अब से दिवाली पर न्यूयॉर्क शहर के स्कूलों में हमेशा छुट्टी रहेगी। जेनिफर ने कहा कि दिवाली की छुट्टी को कानून में शामिल किया जाना चाहिए। समुदाय और प्रवासी नेताओं के साथ-साथ शहर के अधिकारियों व सांसदों के बीच एडम्स ने कहा कि न्यूयॉर्क शहर लगातार (शेष पेज 9)

# हर बार हिंदुओं की सहनशीलता की परीक्षा क्यों: उच्च न्यायालय

**फिल्म आदिपुरुष का विवाद**

● मनोज मुंतशिर को नोटिस जारी, केंद्र सरकार व सेंसर बोर्ड से भी जवाब तलब

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**फिल्म** आदिपुरुष के विरुद्ध दाखिल दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी की है। कहा है कि हिन्दू सहिष्णु है और हर बार उनकी सहनशीलता की परीक्षा ली जाती है। वे सभ्य हैं तो उन्हें दबाना सही है क्या।

पीठ का यह भी कहना था कि यह तो अच्छा है कि वर्तमान विवाद एक ऐसे धर्म के बारे में है जिसे मानने वालों ने कहीं पब्लिक ऑर्डर डिस्टर्ब नहीं किया। हमें उनका आभारी होना चाहिए। कुछ लोग सिनेमा हॉल बंद कराने गए थे लेकिन उन्होंने भी सिर्फ हॉल बंद कराया। जबकि वो और भी कुछ कर सकते थे। पीठ ने अपनी इन टिप्पणियों के साथ ही फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर उर्फ मनोज शुक्ला को इस मामले में प्रतिवादी बनाने के लिए दी गई अर्जी को मंजूर कर लिया व उन्हें नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

पीठ ने मामले की पुन: सुनवाई बुधवार को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। साथ ही डिप्टी सॉलिसिटर जनरल को केंद्र सरकार व सेंसर बोर्ड से निर्देश प्राप्त कर यह अवगत कराने को कहा कि वो इस मामले में क्या कार्यवाही कर सकते हैं। जस्टिस राजेश सिंह चौहान एवं जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की अवकाशकालीन खंडपीठ ने यह आदेश कुलदीप तिवारी व नवीन धवन की याचिका पर दिया है। पीठ ने फिल्म में दिखाए गए डिसक्लेमर पर भी टिप्पणी की। कहा कि आप भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, रावण और लंका दिखाते हैं और डिसक्लेमर लगाते हैं कि यह रामायण नहीं है, क्या आपने देशवासियों को बेवकूफ समझा है। याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी ने याचिका में फिल्म के तमाम आपत्तिजनक दृश्यों व संवादों का हवाला देते हुए इसके प्रदर्शन पर रोक की मांग की है जबकि नवीन धवन की याचिका में रोक के साथ फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग भी की गई है।

पीठ के समक्ष बहस के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील का कहना था कि सिनेमेटोग्राफ एक्ट के प्राविधानों तथा इस कानून के तहत बनाई गई गाइडलाइंस का कोई पालन सेंसर बोर्ड द्वारा नहीं किया गया। यह भी बताया गया कि नेपाल देश ने तो फिल्म में (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### धन शोधन मामले में सुपरटेक प्रमुख आरके अरोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले में रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक के मालिक आरके अरोड़ा को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अरोड़ा को प्रिविंसन ऑफ मनी लाड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया। सूत्रों ने बताया कि आरके अरोड़ा से केंद्रीय एजेंसी ने तीन बार पूछताछ की। उसके बाद उन पर कार्रवाई की गई। अरोड़ा को बुधवार को स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जा सकता है, जहां से ईडी आगे रिमांड की मांग करेगी। सुपरटेक ग्रुप, इसके निदेशकों और प्रमोटरों के खिलाफ मनी लांड्रिंग के केस दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। बीते अप्रैल महीने में ईडी ने इस रियल एस्टेट ग्रुप और इसके निदेशकों की 40 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली थी।

# मणिपुर की मदद करने में हमारी सहायता करें: सेना

● महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जानबूझकर मार्गों को अवरुद्ध न करने की अपील की

**एजेंसी।** इंफाल

**सेना** ने लोगों से मणिपुर में शांति बहाल करने में उनकी मदद करने का आग्रह करते हुए कहा कि हिंसा प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य में महिला कार्यकर्ता जानबूझकर मार्गों को अवरुद्ध कर रही हैं और सुरक्षा बलों के अभियान में बाधा डाल रही हैं।

सेना के स्पीयर्स कोर ने सोमवार देर रात ट्विटर पर ऐसी कुछ घटनाओं का एक वीडियो साझा किया और कहा कि इस तरह का अनुचित हस्तक्षेप सुरक्षा बलों को समय पर जरूरी कार्रवाई करने से रोकता है। यह बयान इंफाल ईस्ट जिले के इथम गांव में सेना और महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ के बीच गतिरोध के दो दिन बाद आया है, जिसके कारण सुरक्षा बलों को वहां छिपे 12 उग्रवादियों को जाने देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। स्पीयर्स कोर ने ट्वीट किया, मणिपुर में महिला कार्यकर्ता (शेष पेज 9)

## शाह से मिलीं राज्यपाल राहुल कल पहुंचेंगे मणिपुर

**नई दिल्ली।** हिंसा प्रभावित मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मंगलवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आगामी 29 और 30 जून को हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करेंगे, जहां वह राहत शिविरों में लोगों से मुलाकात करने के साथ ही सामाजिक (शेष पेज 9)

# रसोई से टमाटर गायब, कीमतें आसमान पर

● एक सप्ताह में भाव 20-25 से बढ़कर 80-120 रुपये प्रति किलो पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देशभर** के खुदरा बाजारों में टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। इससे यह जरूरी सब्जी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। खुदरा बाजार में एक सप्ताह के भीतर ही टमाटर के भाव 20 से 25 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 80 से 120 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। सब्जी विक्रेताओं और थोक कारोबारियों ने दामों में वृद्धि का कारण बारिश के कारण टमाटर की आपूर्ति में हुई बाधा को बताया है।

दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी के करीब 300 सफल बूथों पर अच्छी गुणवत्ता वाला टमाटर 78 रुपये किलो बिक रहा है। मोबाइल एप के जरिए ताजा सब्जियां और फल बेचने वाले एगरीटेक स्टार्टअप ओटिपी पर टमाटर 86 रुपये किलो मिल रहा है। इसी प्रकार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बिग बॉस्केट पर भाव 80 से 85 रुपये किलो हैं। दिल्ली के आजादपुर में स्थित सबसे बड़ी फल-सब्जी मंडी के कृषि उपज विपणन कमेटी (एपीएमसी) के सदस्य अनिल मल्होत्रा ने कहा कि हर साल मानसून में टमाटर की कीमतें बढ़ जाती हैं, लेकिन यह इतनी ऊंची कभी नहीं हुईं। बारिश के कारण आपूर्ति में बड़ी गिरावट आई है। हमारा लगभग आधा स्टॉक, जो (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में सब्जी मंडी में टमाटर की खरीदारी करते लोग

## यह मौसमी समस्या, जल्द कम होंगे दाम: सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टमाटर** की कीमतों में आए तेज उछाल को सरकार ने अस्थाई और मौसम-जनित परिस्थिति बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके दाम जल्द ही नीचे आ जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि टमाटर की कीमतों में तीव्र वृद्धि एक अस्थाई समस्या है। उन्होंने कहा कि हर साल इस समय ऐसा होता है। दरअसल टमाटर बहुत जल्द खराब होने वाला खाद्य उत्पाद है और अचानक बारिश होने से इसकी ढुलाई पर असर पड़ता है। उपभोक्ता मामलों के (शेष पेज 9)

# गाजियाबाद के गौर होम्स में लिफ्ट में फंसे 9 लोग

## 15 मिनट तक चीखते-चिल्लाते रहे, मैनुअली खोलकर बाहर निकाला, रेजिडेंट्स में गुस्सा

- रखरखाव के नाम पर लाखों रुपये लेने के बावजूद आए दिन खराब रहती है लिफ्ट



गाजियाबाद के गौर होम्स में लिफ्ट में फंसने के बाद मैनुअल तरीके से पीड़ितों को निकालते हुए स्थानीय लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की गौर होम सोसाइटी की लिफ्ट में सोमवार को 9 लोग फंस गए। अचानक लिफ्ट बंद होने के चलते यह करीब 15 मिनट तक अंदर चिल्लाते रहे। जैसे-तैसे इन्हें मैनुअल तरीके से लिफ्ट खोलकर बाहर निकाला गया।

इस घटना को लेकर रेजिडेंट्स में आक्रोश है। उनका कहना है कि मेंटिनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपया इकट्ठा होता है। बावजूद इसके आए दिन लिफ्ट खराब होती रहती है। उन्होंने यूपी में लिफ्ट एक्ट बनाने की मांग की है। घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की है। लिफ्ट में 9 महिला.पुरुष सवार थे। वह ग्राउंड फ्लोर से ऊपर की तरफ जा रहे थे। अचानक 5वें और 6वें फ्लोर के बीच लिफ्ट बंद हो गई। लिफ्ट के किसी भी बटन ने काम करना बंद कर दिया। लिफ्ट में बंद लोगों ने शोर मचाया, तो सिक्योरिटी गार्ड और अन्य रेजिडेंट्स इकट्ठा हुए। इसके बाद लिफ्ट को जैसे.तैसे खोलकर बाहर निकाला गया। पिछले महीने राजनगर एक्सटेंशन की आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी की लिफ्ट में दो भाई फंस गए थे। फेडरेशन ऑफ एओए राजनगर एक्सटेंशन के अध्यक्ष सचिन त्यागी ने इस संबंध में सीएम को पत्र लिखा था। इसके साथ ही लिफ्ट एक्ट बनाने की मांग की थी। सचिन त्यागी के अनुसार, अभी तक इस प्रकार के हादसों के संबंध में कोई एक्ट या नियम नहीं है। सिर्फ थाने में लापरवाही की धारा में रिपोर्ट दर्ज की जाती है। अक्सर इस प्रकार के मामलों में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। इसलिए एक्ट बनना जरूरी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद समेत राज्य के तमाम जिलों में बहुमंजिला हाउसिंग सोसाइटी हैं। इन इमारतों में आने जाने के लिए लिफ्ट और एलिवेटर पर निर्भर रहना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में अभी तक इन लिफ्ट और एलिवेटर से जुड़ी व्यवस्था व संचालन को नियमित करने के लिए कोई कानून नहीं है।

# नोएडा में शांति के लिए चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



- पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा, अफवाह फैलाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

नोएडा में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह व जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने आगामी त्योहारों ईद उल.अजहा बकरीद एवं शिव भक्तों की कावड़ यात्रा को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर.108 के ऑडिटोरियम में धर्म गुरु व संभ्रात नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

पुलिस कमिश्नर द्वारा बताया गया कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस द्वारा टीम गठित कर मॉनिटरिंग की जा रही है, यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी, धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आस.पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित वीडियो और अफवाहों के वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न किया जाये। ऐसा करने वालों को प्रशासन चिह्नित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# टमाटर हुआ सौ के पार, दूसरी सब्जियों के मूल्य में बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

टमाटर की आसमान छूती कीमतों के कारण रसोई से टमाटर गायब होता दिखाई देने लगा है। आलम यह है कि थोक मंडी में ही टमाटर के दाम सौ रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

कॉलोनियों व सोसयाटियों में दाम 120 से 150 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बरसात के मौसम में टमाटर की आवक नहीं होती है। ऐसे में आपूर्ति के लिए बाहर से टमाटर मंगवाना पड़ता है जिसमें ट्रांसपोर्टेशन का अच्छा खासा खर्चा वहन करना पड़ता है।

# गाजियाबाद स्टेशन पर बेपटरी हुई ईएमयू ट्रेन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर मंगलवार दोपहर को ईएमयू ट्रेन पटरी से उतर गई। ये ट्रेन यात्रियों को उतारकर शेड में जा रही थी। ट्रेन को पटरी पर लाने में इंजीनियरिंग सेक्शन को मशक्कत करनी पड़ी। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के अधीक्षक केके त्यागी ने बताया ये हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-एक पर हुआ। उन्होंने कहा कि ट्रेन खाली थी, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# सांसद निधि से दो दर्जन विकास कार्य करवाएंगे जनरल वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद जनरल वीके सिंह हमेशा अपने संसदीय क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते आए हैं। हाल ही में संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने दो दर्जन से अधिक विकास कार्य को सांसद निधि से कराए जाने की अनुशंसा की है।

विधानसभा लोनी में गांव शकलपुरा, मीरपुर हिन्दू, भूपखेड़ी, अलीपुर, चिरौड़ी, पचायरा, सिरौली, बदरपुर, सिरौरा, इन्द्रापुरी में सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा।

इसके अलावा लोनी ऑटो स्टैंड, इन्द्रपुरी पुलिस चौकी के पास, रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र, अंबेडकर गेट राणप, बंथला गांव, टीला मोड पर यात्री शेड का निर्माण, सिरोरा गांव में शमशान घाट की चाहरदीवारी, इंटरलॉकिंग, मेन गेट, बंथला, रिस्तल, सिरौली, जावली गांव में शमशान घाट का सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा शहरी क्षेत्र में गोविंदपुरम अनाज मंडी में हाई मास्क लाइट, सार्वजनिक शौचालय, प्याऊ, विजयनगर चौक पर हाई मास्क लाइट, प्रताप विहार डीपीएस सडक, गंगाजल पुलिस चौकी पास सडक के दोनों ओर बस स्टॉप का निर्माण होना है। इसके अलावा विजयनगर पुलिस चौकी, शनि मंदिर भारतनगर, शनि मंदिर विजयनगर, गंगाजल पुलिस चौकी के पास वाटर कूलर लगाए जाने के निर्देश सांसद निधि ने कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# किसानों के हक में राकेश टिकैत ने भरी हुंकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


नोएडा प्राधिकरण पर महापंचायत में भाग लेने जाते भाकियू नेता राकेश टिकैत।

बढ़े हुए दर से मुआवजा देनेए किसानों की आबादी का निस्तारण करने तथा विकसित भूखंड देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने नोएडा के 81 गांवों की किसानों के साथ नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर एक महापंचायत की।

महापंचायत की अध्यक्षता करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों का उत्पीडन् बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नोएडा के कि नोएडा की समस्याएं काफी पुरानी है। प्राधिकरण के अधिकारी समस्याओं को अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी गांवों के किसानों की आबादी जहां है जैसी है के आधार पर छोड़ी जाए, धारा 10 के नोटिस जैसी प्रक्रिया अपनाकर मकानों को अवैध बताकर न तोड़ा जाए।

क्षेत्रीय युवाओं को कंपनियों में 40 फीसदी आरक्षण के तहत नौकरी दी जाए। राकेश टिकैत की महापंचायत को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। महापंचायत के दौरान अशोक भाटी, परविंदर अवाना, धीरेश नंबरदार, सुमित तंवर, भरत प्रधान, सचिन अवाना, प्रवीण बाबा, रोहित चपराना, विकास अवाना, कपिल अवाना, सचिन तंवर, सुमित तंवर, भारत तंवर, संजय चैहान, धनेश लाला, रामकुमार अवाना, मांगेराम, धनंजय भड़ाना मौजूद रहे।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ऑफिस नंबर 201-बी, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र-400604

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जगनारायण सोनी एवं रंजूदेवी जगनारायण सोनी/ (LBAHR00002011496) | यूनिट नंबर 348, प्रतिष्ठा रेजीडेंसी, नवजीवन होटल के पास, एन एच नंबर 8, अंकलेश्वर, 198, केवडिया कॉलोनी-393151/ जून 23, 2023 | जून 25, 2021 रु. 7,85,924.00/- | भरूच/ अंगुल/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जून 28, 2023**
**स्थान : दिल्ली**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई - 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602।

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 13100001786) श्री राम अवतार फ्रूट कम्पनी इंडिया प्रा. लि. (कर्जदार) राम अवतार सिंह (सह-कर्जदार 1) राजवती सिंह (सह-कर्जदार 2) | 29-05-2023/रू. 79,44,923/- (रूपए उनासी लाख चौवालीस हजार नौ सौ तेईस मात्र) एनपीए (11-03-2023) | बी-11/14, अपर ग्राउंड फ्लोर, कृष्ण नगर, ग्राम घोंडली, इलाका शाहदरा दिल्ली, नई दिल्ली-110051 |
| (गुरूग्राम-एमजी रोड शाखा का एलसी नंबर : 19600043471) लक्ष्मी देवी (कर्जदार) राज कुमार पहाडिया (सह-कर्जदार 1) | 29-05-2023/रू. 7,22,394/- (रूपए सात लाख बाईस हजार तीन सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (11-03-2023) | फ्लैट नंबर ई 1408, 14वां तल, टावर ई आरओएफ आलयाज सेक्टर-102, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।
तिथि : 28-06-2023 स्थान : दिल्ली
हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी) पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लि., तीसरी मंजिल शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग. दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, ''जैसी है जहाँ है'', ''जैसी है जो भी है'' तथा ''जो भी है वहाँ है'' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | अनामिका विश्वास (कर्ज़दार), अमल कुमार विश्वास (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या QZDEL00005039991 | पी. नं.11, तीसरी मंजिल छत सहित (आर.एच.एस.) केएच नं. 80/5, ग्राम हस्तसाल, रूप विहार ओम विहार फेज़-V, उत्तम नगर, नई दिल्ली क्षेत्रफल: 585 वर्ग फुट. | रु. 29,88,967/- (जून 20, 2023 तक) | रु. 18,05,000/- / रु. 1,80,500/- | जुलाई 20, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | अगस्त 09, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 08, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक तीसरी मंजिल शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग. दिल्ली-110005** में **अगस्त 08, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अगस्त 08, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक तीसरी मंजिल शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग. दिल्ली-110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अगस्त 08, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्रा. लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु संलग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि : जून 28, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



वसूली अधिकारी-।। का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. सं. 34/2016
दिनांकित : 07-06-2023

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
आईसीआईसीआई बैंक बनाम राजीव सिंह
**आदेश**

मेरे आदेश दिनांकित 07-06-2023 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 21-07-2023 को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी :-

नीलामी बिक्री वेबसाइट :- **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी
नीलामी की तिथि एवं समय : 21-07-2023 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच
(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| क्र.सं. | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | फ्लैट नंबर पीपी/डी-1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश | रू. 43,00,000/- | रू. 4,30,000/- |

**नियम और शर्तें**

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : **www.bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 34/2016" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। ईएमडी के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व-सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 19-07-2023 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 34/2016" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल **www.bankeauctions.com** अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री राजीव रंजन, प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005, मोबाइल नंबर 8584874809, ई-मेल आईडी : **ranjan.ra@icicibank.com** से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाना तथा ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : **delhi@c1india.com** तथा **support@bankeauctions.com** से यूजर आईडी/पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है, जो उपरोक्त ई-नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : **delhi@c1india.com** तथा **support@bankeauctions.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक हैं।
9. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 05-07-2023 तथा 06-07-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे से अप. 04.00 बजे तक कर सकते हैं।
10. इच्छुक बोलीदाता जो 19-07-2023 तक अपनी बोलियां, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में दे चुके होंगे, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो 21-07-2023 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के आखिरी 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
11. बोलीदाता संबंधित सम्पत्ति हेतु अपनी बोली रू. 1,00,000/- (रू. एक लाख मात्र) के गुणज में बढ़ाएंगे।
12. असफल बोलीदाता ईएमडी ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बोली/बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 34/2016 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार कर इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
14. क्रेता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 34/2016 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई-नीलामी की तिथि से 15वें दिन अथवा पूर्व, उस तिथि को छोड़कर, और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी-।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/- तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/- से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
15. सफल/उच्चतम बोलीदाता इस फोरम के समक्ष जमा की जाने हेतु प्रस्तावित नीलामी राशि पर लागू टीडीएस के भुगतान के लिए आयकर अधिनियम की धारा 194-आईए के प्रावधानों का अनुपालन करने हेतु स्वतंत्र होगा। ऐसी स्थिति में, सफल/उच्चतम बोलीदाता को उक्त राशि जमा कर चुके होने का प्रमाण, शेष बिक्री राशि जमा करते समय, इस फोरम के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
16. सीएचएफआई/सीएच बैंक को बिक्री उद्घोषणा की सूचना सीडी'ज को दस्ती, स्पीड पोस्ट, कुरियर के माध्यम से तथा सम्पत्ति के सुप्रकट भाग में चस्पा करने द्वारा और इसके आसपास के क्षेत्र में ढोल पीटकर देने और सूचना की एक प्रति इस न्यायाधिकरण के सूचना पट पर चस्पा करने का निर्देश दिया जाता है।
17. बिक्री उद्घोषणा की सूचना क्षेत्र में पर्याप्त व्यापक प्रसार वाले अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्रों में भी प्रकाशित करवाई जाए।
18. सीएचएफआई/सीएच बैंक को समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि करने तथा प्रकाशन के मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।
19. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम मान्य होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

| बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|
| फ्लैट नंबर पीपी/डी-1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई-नीलामी बिक्री सूचना की तामील, तामील के प्रमाणों (ट्रैक परिणामों सहित यथा स्पीड पोस्ट तथा कुरियर) तथा दस्ती तामील के प्रमाण, समाचारपत्रों में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई-नीलामी के प्रयोजन हेतु वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के प्रमाण प्रस्तुत करने हेतु वाद 06-07-2023 को सूचीबद्ध किया जाए।

(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी-।।,
डीआरटी-।।।, दिल्ली


# किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में ट्यूशन जा रही कक्षा 11 की छात्रा को कार सवार युवक ने अगवा कर लिया। इसके बाद निवाड़ी थानाक्षेत्र के एक होटल में लेकर आया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म का विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट भी की गई। किसी तरह छात्रा अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता व आरोपी अलग अलग समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

साहिबाबाद के टीला मोड़ थानाक्षेत्र के एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 16 वर्षीय पुत्री कक्षा ग्यारह की छात्रा है। छात्रा रोजाना ट्यूशन के लिए जाती है। छात्रा ट्यूशन के लिए पैदल जा रही थी। जब वह बीच बाजार पहुंची तो अचानक छात्रा के आगे एक कार आकर रुकी। इसके बाद युवक नीचे उतरा और छात्रा को कार में जबरदस्ती बैठा लिया।

छात्रा को बैठाते ही कार की रफ्तार काफी तेज कर दी। कार सवार युवक छात्रा को निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव अबूपुर स्थित दिल्ली मेरठ मार्ग पर एसआरएम संस्थान के सामने स्थित किंग पैलेस ओयो होटल में लेकर आया। आरोप है कि युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

# परीक्षा में पकड़े गए चार साल्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- तीन लोग दूसरे की जगह दे रहे थे परीक्षा, एक ने लगा रखा था स्किन कलर का ब्लू टूथ

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक पद के लिए सोमवार को दो पालियों में प्रतियोगी परीक्षा हुई।

केंद्र पर तैनात कर्मचारियों ने तीन लोगों को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए और एक को ब्लू टूथ के जरिए परीक्षा देते हुए पकड़ा है। आरोपियों को प्रशासन ने पुलिस के हवाला कर दिया। इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह परीक्षा दो पालियों में हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नितिन मदान ने बताया कि पहली पाली में ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में अजय कुमार नामक अभ्यर्थी ने कान में ब्लूटूथ लगाया हुआ था। वह नकल कर परीक्षा देता पाया गया।

# बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रेस की आईआईडीसी ने जांची तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित फार्मूला वन रेस ट्रैक में आगामी सितंबर 2023 में होने वाली मोटो जीपी रेस को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह द्वारा बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट का दौरा किया गया। उसके बाद जेपी ग्रुप द्वारा फार्मूला वन रेस ट्रैक से संबंधित जानकारी का प्रेजेंटेशन किया गया।

फेयरस्ट्रीट टीम तथा मोटो जीपी पुष्कर नाथ श्रीवास्तव द्वारा वहां उपस्थित अधिकारियों को मोटो जीपी के संबंध में जानकारी दी गयी। मोटो जीपी रेस होने से बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट विश्व का पांचवां स्टेडियम होगा। जहां पर फार्मूला वन व मोटो जीपी रेस हो सकती है।

आयोजकों द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रेस की पहली टिकट जारी करने के बाद से करीब 30000 टिकट्स की बिक्री अभी तक हो चुकी है। विश्व में मोटो जीपी रेस दूसरे नंबर पर देखा जाने वाला स्पोर्ट है। आयोजकों द्वारा मोटो जीपी रेस के लिए एफ.-वन ट्रैक के आवश्यक बदलाव व मरम्मत से अवगत कराया गया। आईआइडीसी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार, जेपी ग्रुप तथा विशेष रूप से यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण का तैयारी के लिए आभार जताया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# ईवी राजधानी बनी दिल्ली, 42 चार्जिंग स्टेशन और खुले

## ईवी स्कूटर पर सिर्फ 7 पैसे और ईवी कार पर 36 पैसे प्रति किलोमीटर का आता है खर्च : केजरीवाल

● मुख्यमंत्री ने 42 ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया, राजधानी में अब 53 चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध, 4,646 पॉइंट और 250 बैट्री स्वैपिंग स्टेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में देशभर में ईलेक्ट्रिक वाहन चलाना देशभर में सबसे सस्ता है। अगर आज कोई व्यक्ति इलेक्ट्रिक स्कूटर चलाता है तो उसे 7 पैसे प्रति किलोमीटर का खर्च आता है। पेट्रोल से स्कूटर चलाने में 1.75 रुपए, थ्री व्हीलर पर लगभग 2.60 रुपए प्रति किलोमीटर और इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर से 9 पैसे प्रति किलोमीटर का खर्च आता है। ऐसे ही पेट्रोल कार में 7 रुपए प्रति किलोमीटर खर्च होते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार में 36 पैसे प्रति किलोमीटर का खर्च आता है। एक तरह से इलेक्ट्रिक व्हीकल वाहन मुफ्त में वाहन चलाने के बराबर है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन पर आयोजित ईवी चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही।






राजधानी में मंगलवार को जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन पर ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ऊर्जा मंत्री आतिशी। वहीं चार्जिंग स्टेशन पर चार्ज होती कार। फोटो : रंजन डिमरी

इस मौके पर उन्होंने एक साथ 42 और ईवी चार्जिंग स्टेशनों को शुरू किया, जहां 4,646 चार्जिंग पॉइंट और 250 बैट्री स्वैपिंग स्टेशन हैं।

अरविंद केजरीवाल ने दावा किया इलेक्ट्रिक वाहन चलाना देशभर में सबसे सस्ता है। देशभर के एक तिहाई चार्जिंग स्टेशन दिल्ली में हैं और आधे से ज्यादा ईवी वाहन दिल्ली में चल रहे हैं। दिल्ली की ईवी पॉलिसी देश में सबसे अच्छी योजना है। इसकी नीति आयोग ने भी तारीफ करते हुए कहा है कि बाकी राज्यों को भी दिल्ली से सीखना चाहिए। इससे पहले दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) की तरफ से 11 स्टेशन शुरू किए गए थे। अब दिल्ली कुल 53 ईवी चार्जिंग स्टेशन हो गए हैं। दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर काफी समस्या रहती है। लेकिन सरकार ने दिल्ली के 2 करोड़ लोगों के साथ मिलकर जितने भी कदम उठाए हैं, अब उसका फल मिलने लगा है। वर्ष 2014 के मुकाबले अब 30 फीसद प्रदूषण कम हुआ है।

### आने वाला समय इलेक्ट्रिक व्हीकल का : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि ईवी को बढ़ावा देने के पीछे दो कारण हैं। पहला इससे प्रदूषण कम किया जा सकता है और दूसरा आने वाला समय पेट्रोल, डीजल और सीएनसी वाहनों का नहीं है, बल्कि इलेक्ट्रिक व्हीकल का है। दिल्ली सरकार ने अगस्त 2020 में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी बनाई और उस समय यह लक्ष्य रखा था कि वर्ष 2025 तक जितने भी नए वाहन खरीदे जाते हैं, उसमें से कम से कम 25 फीसद वाहन इलेक्ट्रिक व्हीकल होने चाहिए। इस समय दिल्ली में जितने भी वाहन खरीदे जा रहे हैं, उसमें से 13 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन हैं। जबकि पूरे देश में जितने वाहन खरीदे जाते हैं, उसमें से केवल 6 फीसद वाहन ही इलेक्ट्रिक के होते हैं।

### ईवी पॉलिसी की सफलता के चार कारण

केजरीवाल ने बताया कि ईवी पॉलिसी की सफलता की चार वजह है। पहला इलेक्ट्रिक वाहन महंगे होते हैं। मगर ईवी पॉलिसी के तहत दिल्ली सरकार ने इनकी खरीद पर खरीदारों को सब्सिडी प्रदान करती है, जिसकी वजह से इनकी बिक्री बढ़ी है। दूसरा जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन बनाए गए। तीसरा इनको चलाने का खर्च कम आता है। चौथा ईवी पॉलिसी को सफल बनाने में सबसे बड़ा योगदान दिल्ली वालों का है। लोगों ने दोनों हाथों से इसे अपनाया है और इसे एक तरीके से जन आंदोलन बना दिया है। दिल्ली में परिवहन विभाग, ऊर्जा विभाग और दिल्ली डायलॉग कमीशन ने मिलकर जो पीपीपी मॉडल तैयार किया है। यह अपने आप में एक बहुत बेहतरीन मॉडल है।

# राजधानी में डियर पार्क की मिनी चिड़ियाघर की पहचान समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अपना प्रसिद्ध डियर पार्क खोने जा रही है, क्योंकि केंद्रीय अधिकारियों ने मिनी चिड़ियाघर के रूप में इसकी मान्यता रद्द कर दी है और हिरणों की तेजी से बढ़ती संख्या तथा अपर्याप्त श्रमशक्ति के कारण इन्हें स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि हाल में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सांविधिक निकाय, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की ओर से इस आशय का एक आदेश जारी किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, साठ के दशक में इस पार्क में छह हिरण लाए गए थे और समय के साथ यह संख्या लगभग 600 पर पहुंच गई। इसे सीजेडए द्वारा मिनी चिड़ियाघर का दर्जा दिया गया था। आधिकारिक तौर पर एएन झा डियर पार्क के नाम से मशहूर यह पार्क दक्षिण दिल्ली के हौज़ खास इलाके में एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। यह दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकार क्षेत्र में आता है।

# डीयू शताब्दी समारोह के समापन समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एडवांस सिक्योरिटी लाइजन पर मंथन, एसी व ईसी सदस्यों के साथ कुलपति ने की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन अवसर 30 जून को मुख्यातिथि होंगे।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) की बैठक की। इसके अलावा अकादमिक परिषद (एसी) के निर्वाचित सदस्यों और कार्यकारी परिषद (ईसी) के सभी सदस्यों के साथ अलग बैठक की। कुलपति ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर मल्टीपर्पज हॉल के बेसमेंट में विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण 100 वर्षों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

# हर्ष विहार में बदमाशों ने बुजुर्ग से एक लाख लूटे, सड़क पर घसीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पीड़ित मंडोली में अपनी किराने की दुकान बंद करके गाजियाबाद में अपने घर जा रहे थे

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में दो लुटेरों ने बुजुर्ग कारोबारी का रुपयों से भरा बैग छीना लिया। बुजुर्ग ने जब विरोध किया तो उन्हें सड़क पर घसीटते हुए ले गए। बैग में एक लाख रुपये थे। घटना उस समय की है कि जब पीड़ित संसार सिंह मंडोली में अपनी किराने की दुकान बंद करके गाजियाबाद में स्थित अपने घर जा रहे थे। इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पुलिस के अनुसार सिंह अपनी दुकान के बाहर एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुए थे, तभी दो लोग वहां पहुंचे और उनका थैला छीनने की कोशिश की। जब उन्होंने विरोध किया तो लुटेरों ने पिस्तौल दिखाकर उन्हें धमकी दी और पैसों से भरा थैला लेकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गया। सीसीटीवी फुटेज में सिंह मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुए नजर आ रहे हैं तभी दो लोग उनकी ओर आकर उनके हाथ से बैग छीनने की कोशिश करते हैं। जब बुजुर्ग व्यक्ति इसका विरोध करता है, तो लुटेरे उन्हें घसीटते हुए ले जाते हैं और थैला लेकर फरार हो जाते हैं।

इस दौरान बुजुर्ग व्यक्ति सड़क पर गिर जाता है और फिर जब सड़क के दूसरी ओर खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बदमाश वहां से फरार हो जाते हैं तो वह व्यक्ति खड़ा हो जाता है। लुटेरों का एक सहयोगी मामले में तीसरा संदिग्ध है। वह उन दोनों का इंतजार कर रहा था ताकि वे घटना के तुरंत बाद वारदात स्थल से भाग सकें। पुलिस ने कहा कि संदिग्धों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# प्रगति मैदान सुरंग लूट में 7 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रगति मैदान सुरंग लूट में शामिल पांच गिरफ्तार बदमाशों के साथ पुलिस। इसी मामले में दूसरी टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रगति मैदान सुरंग में एक डिलीवरी एजेंट और उसके सहयोगी से बंदूक दिखाकर लूटपाट करने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाइकिल सवार चार बदमाश चांदनी चौक स्थित ओमिया इंटरप्राइजेज के डिलीवरी एजेंट और उसके सहयोगी की कैब को रोककर बंदूक के दम पर दोनों से लगभग दो लाख रुपए की नकदी से भरा बैग लूटते नजर आए थे। पिछले शनिवार को लूट को उस समय अंजाम दिया गया था, तब दोनों नकदी पहुंचाने के लिए कैब से गुरुग्राम जा रहे थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े किए गए लोगों में उस्मान, उसका चचेरा भाई इरफान, अनुज मिश्रा, कुलदीप, सुमित, प्रदीप और बाला शामिल हैं। उस्मान की पहचान मुख्य साजिशकर्ता के रूप में की गई है और उसने ही दूसरों को इसकी सूचना दी। बाइस सेकंड की इस सीसीटीवी फुटेज में चार लोग दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कार का पीछा करते और अन्य वाहनों के गुजरने पर कार को सुरंग के अंदर रोकते हुए दिखाई देते हैं।

वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि जैसे ही कार रुकती है हेलमेट पहने दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से उतरते हैं और उनमें से एक चालक की तरफ जाता है, जबकि दूसरा व्यक्ति दूसरी तरफ के पिछले दरवाजे की तरफ गया। इसके बाद दोनों ने अपनी-अपनी पिस्तौल निकाल लेते हैं।

इसके बाद फुटेज में दिख रहा है कि कार के दोनों दरवाजे खुले हैं और पीछे की तरफ के व्यक्ति को एक काले रंग का बैग सौंपा जा रहा है संभवत: जिसमें नकद पया था। इसके बाद दोनों इंतजार कर रही मोटर साइकिल पर सवार होकर भाग हो जाते हैं।

# केजरीवाल ने बताया दिल्ली में जंगलराज, लेखी का पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीएम भ्रष्ट मंत्रियों और विधायकों को बचाने के लिए शहर की कानून व्यवस्था पर नियंत्रण चाहते है : मीनाक्षी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रगति मैदान सुरंग में हुई लूटपाट की घटना को लेकर मंगलवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि ऐसे समय में जब जी-20 सम्मेलन की तैयारी कर रही है, यहां जंगल राज कायम है।

केजरीवाल ने दावा किया कि अगर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को यहां की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वह इसे देश का सबसे सुरक्षित शहर बना देगी। सीएम के बयान पर पटलवार करते हुए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने दावा किया कि केजरीवाल भ्रष्ट मंत्रियों व विधायकों को बचाने के लिए शहर की कानून व्यवस्था पर नियंत्रण चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार के पास दिल्ली में कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। चार लोगों ने प्रगति मैदान अंडरपास के पास लूटपाट को अंजाम दिया। जी-20 शिखर सम्मेलन अंडरपास के नजदीक होगा। मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मीनाक्षी लेखी ने कहा केजरीवाल ऐसी सरकार चला रहे हैं जहां (पूर्व) उप मुख्यमंत्री (मनीष सिसोदिया) भ्रष्टाचार के लिए जेल में हैं। उनके (पूर्व) मंत्री सत्येंद्र जैन हाल में जमानत पर आए हैं। इन सभी अपराधियों को बचाने के लिए वह (केजरीवाल) कानून व्यवस्था अपने हाथ में चाहते हैं।

# रात्रि गश्त के दौरान 1,500 लोग हिरासत में लिए गए 270 वाहन जब्त : पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए रात की गश्त बढ़ा दी है और इस दौरान उसके मध्य जिले से 1,500 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा करीब 270 वाहन जब्त किए गए हैं। दिल्ली में कुछ दिन पहले प्रगति मैदान सुरंग में चार मोटरसाइकिल सवार लोगों द्वारा बंदूक दिखाकर दो लोगों से कथित रूप से दो लाख रुपए लूटने की घटना के बाद गश्त बढ़ा दी गई है।

शनिवार को घटी इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अकेले मध्य जिले में सोमवार रात को दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 65 के तहत 1,500 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया और 270 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक, शांति भंग करने वाले लोगों के खिलाफ भी इन्हीं धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

# सीएम आवास के पास एबीवीपी कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के पास प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि उनकी सरकार कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपाय में लापरवाही बरत रही है।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में 15 जून को एक इमारत में आग लग गई थी, जिसमें एक कोचिंग संस्थान संचालित हो रहा था। संस्थान के विद्यार्थी खिड़कियों के शीशे तोड़तक रस्सियों के जरिए इमारत से बाहर निकले थे।

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर छात्र विरोधी होने का आरोप लगाया और राष्ट्रीय राजधानी में कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपाय करने में लापरवाही बरतने का जिम्मेदार ठहराया।

# बिजली की दरों में बढ़ोतरी, सड़क पर उतरा विपक्ष

### भाजपा विधायकों का मुख्यमंत्री के घर पर धरना




**नई दिल्ली।** बिजली दरों में वृद्धि को लेकर भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर बिधूड़ी ने कहा कि 2014 के मुकाबले बिजली दरों में तीन गुना वृद्धि हुई है। नेता प्रतिपक्ष कहा कि जब तक केजरीवाल सरकार बढ़ी हुई दरों को वापस नहीं लेती, तब तक भाजपा पीपीएसी के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि आप दावा करती है कि सत्ता में आने के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में बिजली के दाम नहीं बढ़े हैं। लेकिन पिछले दरवाजें से हर साल बढ़ाने की अनुमति दे दी जाती है।

### वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) में बढ़ोतरी को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यालय के निकट हुए इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पीपीएसी में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की। उन्होंने केजरीवाल इस्तीफा दो के नारे भी लगाए। अनिल कुमार ने कहा, यह बढ़ोतरी दिल्ली की जनता के हितों के खिलाफ है। इस बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। दिल्ली के लोग इस भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी पर एलजी नाराज

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार को पद की शपथ दिलाने में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। पत्र में एलजी ने कहा कि राष्ट्रपति ने 21 जून, को अधिसूचना के माध्यम से न्यायमूर्ति कुमार को पहले ही अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। इसमें बाद तार्किक और संवैधानिक रूप से अनिवार्य कदम है उन्हें जल्द ऊर्जा मंत्री द्वारा पद की शपथ दिलाने का निर्देश दिया गया है।

### आईआईएम में प्रशिक्षण लेंगे प्रधानाचार्य : आतिशी

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि शहर की प्राथमिक शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव के लिए एमसीडी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को आईआईएम में नेतृत्व व प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 प्रधानाचार्यों के पहले समूह को 29 जून को एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) भेजा जाएगा।

### जी–20 देशों की मुद्रा पर वसुधैव कुटुम्बकम का उत्सव

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र 30 जून से 9 जुलाई, 2023 तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें यूनेस्को सूची में शामिल विश्व धरोहर स्थलों के चित्रण वाले बैंक नोटों को अनूठे तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। इस अनूठी प्रदर्शनी की क्यूरेटर विदुषी रुक्मिणी दहानुकर हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन 30 जून को शाम 5 बजे केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी करेंगी। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी के अनुसार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की योजना इस अवसर पर एक स्मारिका प्रकाशित किया जाएगा ।

### आयुर्वेद है स्वस्थ जीवन का आधार : डॉ. प्रताप चौहान

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जीवा आयुर्वेद के निदेशक डॉ. प्रताप चौहान को शनिवार को भोपाल में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उद्घाटन दीक्षांत समारोह में प्रतिष्ठित डॉक्टर मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा म.पि. प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमीशन के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह की उपस्थिति में प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रताप चौहान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी से यह मान्यता प्राप्त करने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में बीमारी का जड़ से समाधान हो रहा है। मुझे खुशी है कि आज के युवाओं को आयुर्वेद का महत्व समझ आ रहा है। 1992 में डॉ. प्रताप चौहान द्वारा स्थापित जीवा आयुर्वेद स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इनोवेशन ला रहा है।

# देश में पहली बार 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी रैपिडएक्स

● मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से मिली मंजूरी, जल्द पीएम मोदी कर सकते हैं उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





ट्रैक पर फर्राटा भरने और यात्रा का नया अनुभव देने को तैयार, रेपिड रेल के कोच और सुविधाओं से सुसज्जित प्लेटफार्म।

मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) ने दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता खंड पर रैपिडएक्स सेवा के परिचलान को मंजूरी दे दी है।

इससे पहले रेल मंत्रालय ने भी आरआरटीएस रोलिंग स्टॉक को मंजूरी प्रदान की, जिसकी डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा, जबकि परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है, जो रोलिंग स्टॉक की पूर्ण क्षमता है। सीएमआरएस की मंजूरी के साथ, आरआरटीएस का प्राथमिकता खंड देश की ऐसी पहली रेलवे प्रणाली बन गया है जिसे 160 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति पर परिचालन हेतु खोला जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द इसका उल्द इसका उद्घाटन कर सकते हैं।

पिछले एक वर्ष के दौरान, एक से अधिक स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ताओं ने इस अत्याधुनिक, विश्व स्तरीय, न्यू ऐज ट्रांजिट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा प्रयोग की जा रही प्रक्रियाओं की सख्ती से जांच की। इस प्रकार आरआरटीएस सिस्टम की गहन जांच में सफल होने के बाद ही इसे रेल मंत्रालय और सीएमआरएस से मंजूरी मिली है।

एनसीआरटीसी परियोजना का निर्माण जून 2019 में शुरू हुआ और इसके चार साल के भीतर ही रैपिडएक्स सेवाएं आम लोगों के लिए शुरू करने के लिए तैयार है। कोविड-19 का प्रभाव भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एनसीआरटीसी की टीम के संकल्प को प्रभावित नहीं कर सका। टीम ने परियोजना के बाकी हिस्से में भी तेजी से कार्य कर रहा है। जून 2025 में निर्धारित समय सीमा के भीतर मेरठ में मेट्रो सेवाओं के साथ-साथ पूरे कॉरिडोर पर परिचालित शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। परियोजना कार्यान्वयन के लिए एनसीआरटीसी ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, रेल मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और जीएनसीटीडी राज्य सरकारों, एशियन डेवलपमेंट बैंक, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, न्यू डेवलपमेंट बैंक, गाजियाबाद और मेरठ जिलों के अधिकारियों से बातचीत कर उनका समर्थन हासिल किया।

# मानसून में जलभराव की स्थिति से निपटने को फिर से तैयार प्रशासन की उच्च स्तरीय टीम

## 114 क्रिटीकल स्थानों पर जल निकासी प्रबंधों पर निगरानी के लिए 16 वरिष्ठ अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**पायनियर समाचा सेवा।** गुरुग्राम

मानसून में जिला में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर क्षेत्रवार 16 वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इन अधिकारियों को जलभराव की पूर्व की घटनाओं के आधार पर आवंटित क्षेत्रों को विजिट करने के निर्देश दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को बैठक लेकर अधिकारियों से कहा है कि वे जिला में जलभराव वाले चिन्हित 114 स्थानों पर स्वयं जाकर जल निकासी के इंतजाम देखें। इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत उनके पास भेजें। इस मामले में शुरू से ही सचेत रहें और की गई कार्यवाही से उन्हें अपडेट करते रहें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जलभराव वाले ऐसे 114 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां पर


गुरुग्राम में जलभराव की स्थिति से निपटने को अधिकारियों की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

पिछले सालों में जलभराव होता रहा है। ऐसे में जरूरी है कि इन स्थानों पर समय रहते आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन चिन्हित 114 स्थानों पर 16 वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक अधिकारी को 6-7 स्थान दिए गए है जहां पर जलभराव ज्यादा होने की संभावना रहती है। बरसात होने पर सभी अधिकारी फील्ड में रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में जलभराव ना हो। यदि कहीं किसी कारण पानी भर भी जाए तो उसकी निकासी के प्रबंध ऐसे हो कि निकासी जल्द हो। डीसी ने कहा कि अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में साइट विजिट करते हुए सुनिश्चित करें कि पंप सैट चालू हालत में हों, उनको चलाने के लिए कर्मचारी निर्धारित हो, फ्यूल की उपलब्धता हो।

### धारा 144 के तहत जारी किए जाएंगे आदेश

डीसी ने कहा कि बरसात होने पर जिला में बनाए गए नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट (एनएमटी) बंद रखे जाएंगे। इसके लिए धारा 144 लागू के तहत आदेश जारी किए जाएंगे। अंडरपास में भी यदि एक लेवल से उपर पानी भर जाए तो उन्हें बेरिकेटिंग करवाकर बंद करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान लोग आवागमन के लिए वैकल्पिक रोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। बैठक में जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि नरसिंहपुर में जलभराव वाले क्षेत्र में मौजूदा वाटर पम्पस की क्षमता को बढ़ाया गया है। नरसिंहपुर में जीएमडीए की ओर से सत्तर एचपी की क्षमता के दो व पचास एचपी की क्षमता के तीन पम्पस लगाए गए हैं। वहीं एनएचएआई की तरफ से तीस एचपी की क्षमता के दो वाटर पंप लगाए गए हैं।

## सलमान के हत्यारों को 36 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं किया जा सका गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस गांव मौहम्मदपुर गूर्जर निवासी 27 वर्षीय सलमान हत्याकांड में 36 घंटा बीत जाने के बाद भी 13 नामजद आरोपियों से एक को भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि मृतक के गुस्साएं परिजनों ने शव को मिट्टी देने के दौरान हत्यारोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं पुलिस की चार टीमों को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग दिशा में भेजा गया है। गांव मौहम्मदपुर निवासी 27 वर्षीय सलमान की रविवार की सायं गांव के ही नागरिकों के साथ हुआ झगड़े में लगी चोटों मौत हो गई थी। मृतक सलमान के पिता ईसब ने चार महिलाओं समेत 13 आरोपियों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। सलमान की मौत गुरुग्राम के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार की सुबह भोर होने से पहले हो गई थी। सलमान की मौत होने के साथ ही गांव में दोनों गुटों के बीच तनाव पहले से अधिक बढ़ गया है। गांव में तैनाव देखते हुए पुलिस की सुरक्षा कड़ी कर दी है। लेकिन गुस्साएं मृतक सलमान के परिजनों ने सोमवार को शहर थाना पुलिस को हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के स्पष्ट शब्दों में कह दिया था। पुलिस ने गांव छोड़कर रविवार की देर रात से फरार सलमान के हत्यारों की तलाश में पुलिस की चार टीमों को लगाया है।

# चुनाव नजदीक आ रहे हैं तो राव इंद्रजीत को याद आएगी क्षेत्र की जनता : कैप्टन अजय यादव

## कहा, चुनाव के समय में अपने आप को असहाय दिखाकर जनता को बरगलाते

**पायनियर समचार सेवा।** गुरुग्राम


पत्रकारों से बात करते कैप्टन अजय यादव, साथ में मौजूद पंकज डावर एवं अन्य कांग्रेस नेता।

**पूर्व** मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने गुरुग्राम की समस्याओं और अधूरे पड़े कार्यों को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को जमकर कोसा। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने जाटौली में बीजेपी की रैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक छोटे से शेड में रैली की गई और उसमें भी कुर्सियां खाली पड़ी रही। इससे साफ जाहिर है कि रैली फ्लाप रही और जनता ने राव इंद्रजीत सिंह को नकार दिया है।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कि जनता को कार्य चाहिए न कि चुनाव आते देख इलाके की अनदेखी का आरोप लगाकर वोट हासिल करना। उन्होंने कहा राव इद्रंजीत सिंह 5 साल तक तो सत्ता सुख भोगते हैं और चुनाव के समय में अपने आप को असहाय दिखाकर जनता को बरगलाते हैं। कैप्टन अजय सिंह ने कहा पिछले 9 वर्ष से देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बनी हुई है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा 2015 में हुई एम्स की घोषणा पर आज तक एक ईंट तक नहीं लगी है। बिनोला का रक्षा विश्वविद्यालय आज तक तैयार नही हुआ है।

गुरुग्राम के प्रस्तावित रूट की घोषणा कांग्रेस शासन काल में हुई थी, जिसकी मंजूरी अब हुई है। जिसका झूठा श्रेय वो लेना चाहते हैं, पिछले 9 वर्षों में गुरुग्राम व रेवाड़ी में एक नया बस स्टैंड तक नही बनवा पाए। गुरुग्राम में एक सरकारी अस्पताल की बिल्डिंग नहीं बना पाए। गांव काकरोला की पंचायत द्वारा जमीन देने के बावजूद आज तक वहां विश्वविद्यालय का निर्माण नहीं करवा सके। नगर निगम गुरुग्राम के सिकंदरपुर, नाथुपुर, कन्हई व मानेसर के मकानों को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है, इनको बंद करवाने की बजाय यह बोलना कि चुनावी वर्ष में यह कार्रवाई करनी ठीक नहीं है। यह अशोभनीय है।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा अब मुंह छुपा कर विकास यात्राएं कर रही है, जिस शहर को यह स्मार्ट सिटी बना रहे थे आज उस शहर में एक घंटे की बरसात के बाद नाव चलाने की स्थिति बन जाती है। यहां आम लोगों की समस्याएं क्या है, इस सरकार में उस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

# जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रचार अभियान शुरू : बिजेंद्र कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



## जिन गांवों में पंचायत उपचुनाव के चलते आचार संहिता लागू वे गांव विशेष प्रचार अभियान में शामिल नहीं

**सूचना**, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के निर्देशों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा मंगलवार से गुरुग्राम जिला में एक माह का विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया।

मुख्यमंत्री मनोहर ने एक दिन पहले पंचकूला में आयोजित लोक रंग सांझ कार्यक्रम में इस विशेष प्रचार अभियान की विवरणिका का भी विमोचन किया। गुरुग्राम जिला में विशेष प्रचार अभियान के तहत विभाग की भजन मंडलियां व ड्रामा पार्टी जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आम लोगों तक सरकार की नीतियों व नशे के दुष्प्रभावों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने मंगलवार को इन सभी भजन मंडलियों को रवाना किया जबकि ड्रामा पार्टी को अगले सप्ताह रवाना किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा लागू की गई गई विभिन्न जन हितैषी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को मिले इसके लिए विभाग की भजन पार्टियां व ड्रामा यूनिटें लगातार गांवों व शहरी क्षेत्रों में जाकर प्रचार करेंगी। इन योजनाओं में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई खरीद पोर्टल, ई-नाम कृषि उपज मंडियां, किसान मित्र योजना, धान के स्थान पर अन्य फसलों जिनमें मक्का, कपास, बाजरा, दाल चना व चारा को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण के तहत सात हजार रुपये की सब्सिडी, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, चिरायु हरियाणा, परिवार पहचान पत्र से मिलने वाले लाभ, हर घर नल से जल, चिरायु योजना सहित आमजन को लाभ देने के लिए शुरू की गई सेंकड़ों योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृत्व वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, किशोरी शक्ति योजना, कन्या कोष, एसिड अटैक से पीडित महिलाओं का पुनर्वास के अलावा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी देंगे।

# महिला ने प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

## पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

### वारदात के समय आरोपी (प्रेमी) द्वारा पहने गए कपड़े भी कब्जा कपड़े बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


पुलिस की गिरफ्त में महिला व उसका प्रेमी।

**सोमवार** 26 जून 2023 को पुलिस थाना बदशाहपुर के क्षेत्र में मधुसूदन नामक व्यक्ति की हत्या की गुत्थी पुलिस ने मंगलवार को सुलझा दी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। अवैध संबंधों के चलते हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

अपराध शाखा सेक्टर-39 प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार की टीम ने वारदात से सम्बन्धित सूचनाएं जुटाकर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू किए गए। आखिर में मंगलवार को हत्याकांड के दूसरे दिन ही पुलिस ने इस हत्याकांड को अन्जाम देने वाली मृतक की पत्नी सविता (39) व उसके साथी आशीष उर्फ टीनू (29) को बदशाहपुर से ही काबू करने में सफलता हासिल की।

**पति के साथ अच्छे संबंध नहीं होने की कही बात**

आरोपियों महिला ने पूछताछ में बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में टीचर की नौकरी करती है।

उसके अपने पति मधुसूदन (मृतक) के साथ अच्छे सम्बन्ध नहीं थे। वह शराब पीकर गाली गलौज करता था। स्कूल में ही टीचर की नौकरी करने वाले आशीष (आरोपी) के साथ उसके अवैध संबंध बन गए थे। आशीष स्कूल के काम से व महिला से मिलने अक्सर महिला के घर भी आता था। मृतक मधुसूदन भी मनीष को अच्छे से जानता था। आरोपी आशीष ने वर्ष-2022 में स्कूल छोड़ दिया था, परन्तु इन दोनों के एक-दूसरे के साथ सम्बन्ध कायम रहे।

### अपने प्रेमी से बेटी की शादी कराना चाहती थी महिला

**आरोपित** महिला अपने प्रेमी आशीष (आरोपी) की अपनी बड़ी बेटी के साथ शादी करवाना चाहती थी, ताकि दोनों आसानी से मिल-जुलकर रह सकें। आरोपी महिला का पति और उसकी बड़ी बेटी इस रिश्ते के खिलाफ थे। आरोपी महिला और आरोपी आशीष (उपरोक्त) ने मिलकर मधुसुदन (आरोपित महिला का पति) की हत्या करने की योजना बनाई। योजनानुसार महिला ने 26 जून 2023 को अपने प्रेमी आशीष को फोन करके सूचना दी कि उसका पति (मधुसुदन) घर पर अकेला है। आरोपी आशीष छतरी में रोड छिपाकर लाया और मृतक के सिर में रोड से 3/4 वार किए। जिससे वह बेहोश हो गया। उसके बाद उस्तरा ब्लेड से इन्होंने उसके गले पर कट मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद ये दोनों वहां से भाग गए।

# गुरुग्राम की 11 कॉलोनियों के नियमितिकरण का रास्ता हुआ साफ


गुरुग्राम की 11 कालोनियों के नियमितिकरण को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों से बात करते डीसी निशांत कुमार यादव।

## निगम क्षेत्र से बाहर सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा कर रही कालोनियां होंगी नियमित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जिला** में अनियमित कॉलोनियों में रह रहे निवासियों के लिए राहत की खबर है। सरकार द्वारा अनियमित कॉलोनी को नियमित करने के लिए निर्धारित मानकों को पूरा कर रही 11 कॉलोनियों की सूची जिला प्रशासन द्वारा तैयार कर ली गयी हैं। इन कॉलोनियों को मंजूर करने का प्रस्ताव इसी सप्ताह सरकार के पास भेजा जाएगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग, राजस्व व पंचायती विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि सरकार से मिले निर्देशों के तहत जिला में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा निगम क्षेत्र से बाहर बसापत वाली अनियमित कॉलोनियों का वर्ष 2021 में सर्वे कराया गया था। जिसमें 102 कॉलोनियों को चिन्हित किया गया था। उन्होंने बताया कि इन कॉलोनियों में करीब 60 कॉलोनी ही ऐसी पाई गई जो निर्धारित मानकों के प्रमुख बिंदुओं जैसे दो एकड़ से अधिक का क्षेत्रफल व तीन मीटर से अधिक चौड़े रास्ते जैसी शर्तों पर खरी उतरी हैं। डीसी ने बताया कि इनमें से 11 कॉलोनी में सभी विभागीय जांच पूरी कर ली गयी हैं। इन कॉलोनियों के नियमितीकरण का प्रस्ताव इसी सप्ताह सरकार के पास भेज दिया जाएगा। वहीं बाकी बची 49 कॉलोनियों की सूची जांच के लिए संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने बताया विभागीय जांच में दुरुस्त पाए जाने वाली कॉलोनियों की सूची तैयार कर जुलाई माह में मंजूरी का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा जाएगा।

### अनियमित कॉलोनियों का सर्वे संबंधित नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है

डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने का रास्ता अब और आसान बना दिया है। गुरुग्राम में अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की शर्त में बदलाव किया गया है। पूर्व में कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए अभी तक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की शर्त होती थी, लेकिन अब से आरडब्ल्यूए की आवश्यकता नहीं होगी। कॉलोनी का कोई भी व्यक्ति कॉलोनी को नियमित करने के लिए आवेदन करेगा तो निर्धारित मानकों की जांच कर उसे पास कर दिया जाएगा।

### तैयार की गई 11 कॉलोनियों की सूची

बैठक में डीटीपी (ई) मनीष यादव ने बताया कि निर्धारित मानकों के तहत नियमितिकरण के लिए फरूखनगर में चार, हरसरू में चार, मानेसर में एक बादशाहपुर में एक व सोहना में एक कॉलोनी के चयन किया गया है।

# 2024 तक स्मार्टन की एक और ईकाई होगी शुरू

## नई ईकाई के लिए कंपनी प्रबंधन ने किया भूमि पूजन

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम


नई इकाई के लिए भूमि पूजन करते कंपनी प्रबंधन के सदस्य।

**देश** की अग्रणी पावर बैकअप कंपनी स्मार्टन अब बड़े शहरों से निकल कर छोटे कस्बाई क्षेत्रों में भी अपना निवेश बढ़ा रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने फरूखनगर-झज्जर की सीमा पर रिलायंस मेट के सेक्टर 7 बी में बड़ा निवेश करने की तैयारी कर ली है।

कंपनी 2024 तक इस क्षेत्र में एक नई ईकाई शुरू करने जा रही है। इसी को लेकर कंपनी प्रबंधन की ओर से भूमि पूजन किया गया। पूरे विधि-विधान के साथ कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल रजनीश शर्मा, अरुण भारद्वाज, रवि दत्त और तीरथ खैरा ने मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन की प्रक्रिया पूरी की।

रजनीश शर्मा ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य आने वाले समय में अपनी क्षमता को पांच गुणा बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं के लिए नवीनतम तकनीक से सुसज्जित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। सभी उत्पादों का मूल्यांकन अत्यधिक पेशेवर गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। अरुण भारद्वाज ने कहा कि स्मार्टन सौर समाधानों में अग्रणी है।

# पालतू कुत्तों ने गाय को नोंच-नोंचकर मार डाला

## कुत्ता मालिक पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।

**भोंडसी** थाना के गांव बहलपा में तीन पालतू कुत्तों ने गाय पर हमला करके जान से खत्म कर दिया। कुत्ते गांव के ही निवासी ने पाल रखा है। गाय मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है। गांव बहलपा निवासी हरिन्द्र उर्फ काला ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसके पास 20 से 25 गाय है। जिन्हे वह जंगल में सुबह चारा खिलाने के लिए खुली लेकर जाता है।


रविवार को भी वह अपनी गाय को जंगल में लेकर जा रहा था। जाते समय एक गाय वापस घर के लिए आने लगी। वह अन्य गाय को लेकर जंगल की तरफचल गया। कुछ देर के बाद उसे गांव के ही निवासी कुलदीप ने फोन करके बताया कि उसकी गाय को खेत में कुत्तों ने घेर लिया है। तीन कुत्तें उस गाव पर जान लेवा हमला कर रहे है, जिससे कोई बचाने के लिए नहीं आ रहा है।

# सोहना नगर परिषद में निशा शर्मा कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद को मिला स्थायी कार्यकारी अधिकारी। निशा शर्मा को प्रशासन ने स्थाई नियुक्ति करते हुए कार्यकारी अधिकारी लगाया है। पिछले दो माह से नगर परिषद कार्यालय में कार्यकारी अधिकारी के तौर पर चार बार लगे कार्यकारी अधिकारियों का तबादला हुआ है। इससे नगर परिषद कार्यालय कामकाज से लेकर वार्डों में विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही थी।

हरियाणा सरकार ने सोहना नगर परिषद को दो माह के बाद स्थायी कार्यकारी अधिकारी दे दिया है। निशा शर्मा को गुहाना से सोहना लगाया गया है। निशा शर्मा ने ऑनलाइन सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। निशा शर्मा की स्थाई नियुक्ति से परिषद कार्यालय में रुका हुआ कामकाज के अधूरे पड़े कार्यों के पूर्ण होने की उम्मीद बन गई है। वहीं नगर परिषद के 21 वार्डों में होने वाले विकास कार्य को जल्द ही पूरा कराया होने की उम्मीद जताई जा रही है।



सोहना नगर परिषद कार्यालय का फोटो।

### आज होगी सदन की बैठक

नगर परिषद सदन की बैठक बुधवार को होगी। इस बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा करेगी। वहीं बीतें करीब चार माह के बाद परिषद सदन की बैठक होगी। इससे पहले नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी ने उक्त बैठक में अध्यक्षता की थी। लेकिन आज होने वाली बैठक में उपचेयरपर्सन रीना छाबड़ी सदन की बैठक की अध्यक्षता करेगी।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## निगम के उच्चाधिकारी व प्रदेश सरकार को जमकर कोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना


मंगलवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में ऑल हरियाणा पावंर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ता निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

**ऑल** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बिजली निगम द्वारा फरीदाबार व रेवाडी के 18 सर्कल का निजीकरण किए जाने का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विरोध को लेकर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने दो घंटा की गेट बैठक करते हुए निगम के उच्चाधिकारी व प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। निकीकरण के खिलाफ आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को ऑल हरियाणा पावंर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सबयूनिट प्रधान प्रेमपाल की अध्यक्षता निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में दो घंटा की बैठक की। इस अवसर पर मंच का संचाल सुशील कुमार छौकर ने किया। बैठक करने का उद्देश्य निगम द्वारा फरीदाबाद व रेवाड़ी के 18 सर्कल का निजीकरण करना का विरोध था। वक्ताओं में सीसीए कमेटी के प्रधान रामबीर शर्मा, यूनिट प्रधान विजयपाल, सुभाष, अजीत, रामबीर, विरेन्द्र, सतपाल आदि ने निजीकरण की निंदा की तथा निगम व सरकार की योजनाओं को किसी भी सूरत में श्रेय न चढ़ने देने की चेतावनी दी।

वक्ताओं ने कड़े शब्दों में निजीकरण को बढ़ावा देने से आने वाली युवाओं की पीढ़ी को बेरोजगार बनाने कहा। बैठक के बाद आज की अध्यक्षता कर रहे प्रेमपाल ने बताया कि चुनाव के दौरान एक वर्ष में करोड़ों युवाओं को रोजगार देने के वायदें किए जाते है। सत्ता प्राप्ती के बाद बेरोजगार करने की योजनाओं को लागू किया जाता है।

### मेडीबडी के नवीनतम ब्रांड कैंपेन में स्पेशलिस्ट

# डॉक्टर से मात्र 10 मिनट में वीडियो कंसल्टेशन की सहूलियत का लाभ बताते नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

## विज्ञापन फिल्म में पहली बार अमिताभ बच्चन एक अनूठे अवतार में नजर आएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारत का अग्रणी डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी लगातार अपने ऑनलाइन वीडियो डॉक्टर कंसल्टेशन की सर्विस में इनोवेशन के माध्यम से भारत के हेल्थकेयर सेक्टर में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। मेडीबडी का लक्ष्य टेक्नोलॉजी का लाभ लेते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सबकी पहुंच में लाना है। प्लेटफॉर्म साल के 365 दिन चौबीस घंटे मात्र 10 मिनट में स्पेशलिस्ट डॉक्टर से वीडियो कंसल्टेशन का वादा करता है।

स्वस्थ भारत के निर्माण पर फोकस करते हुए अमिताभ बच्चन के साथ टार्गेटेड ब्रांड फिल्मों की सीरीज के साथ कैंपेन शुरू किया गया है। वर्तमान दौर में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अपनी लाइफस्टाइल चुन रहे हैं। हालांकि जब भी लोगों को किसी तरह की परेशानी होती है, तो अक्सर लोग डॉक्टर से सलाह लेने के महत्व की अनदेखी कर देते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे स्वयं अपना इलाज कर सकते हैं या फिर अनचाही सलाह पर उन्हें बहुत भरोसा होता है। मेडीबडी का लक्ष्य है कि इस आदत को बदला जाए और लोगों को बताया जाए कि घर बैठे या कहीं भी बस 10 मिनट के भीतर उनकी सहूलियत के हिसाब से एक्सपर्ट डॉक्टर से वीडियो कंसल्टेशन किया जा सकता है।

इस कैंपेन को लेकर मेडीबडी के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री सतीश कन्नन ने कहा, करोड़ों भारतीयों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराना हमारा लक्ष्य है। हम लगातार शहर एवं गांव के बीच चिकित्सा के मामले में अंतर को मिटाने के लिए निवेश कर रहे हैं।

# रूस में उथल पुथल

## सैनिक विद्रोह का प्रयास

रूस में उथलपुथल है। हालांकि, सैनिक विद्रोह का प्रयास विफल कर दिया गया है, पर इससे देश में अशांति का पता चलता है। रूस में सैनिक विद्रोह के प्रयास ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस क्षेत्र में स्थिरता तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के भविष्य पर चिंता पैदा कर दी है। राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की सरकार को उखाड़ फेंकने के प्रयास के युद्ध की गत्यात्मकता पर काफी प्रभाव पड़ सकते हैं। रूस में सैनिक विद्रोह के जनक येवगेनी प्रिगोझिन एक समय पुतिन के नजदीकी रहे हैं, लेकिन वे लंबे समय से रक्षा मंत्री से घृणा करते रहे हैं। उनका विश्वास है कि रक्षा मंत्री ने यूक्रेन मुद्दे पर पुतिन व राष्ट्र को भ्रमित किया है। प्रिगोझिन की निजी सेना 'वैगनर' रूस पर हमला कर रही थी, पर अब उसका अभियान समाप्त हो गया है। निजी सेना का बिजनेस चलाने वाले अरबपति प्रिगोझिन ने कुछ समय पहले सैनिक विद्रोह की योजना बनाई थी। एक समय पुतिन के विश्वासपात्र रहे प्रिगोझिन के हत्यारे मास्को की ओर बढ़ रहे थे, पर संभवतः एक समझौते के बाद उन्होंने अपना अभियान समाप्त कर दिया। लेकिन अभी प्रिगोझिन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यदि प्रिगोझिन मिंस्क में बने रहने पर सहमत होते तो भी इसकी संभावना नहीं है कि वे और पुतिन लंबे समय तक एकसाथ रह सकते हैं। वैगनर प्रमुख पुतिन के एक प्रतिद्वंद्वी हैं तथा संभवतः उनके बाद राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे हैं। उनका प्रयास भले ही फिलहाल विफल हो गया हो, पर रूस एक और अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रहा है। सैनिक विद्रोह को रूस के भीतर कुछ तबकों में गहराई तक व्याप्त निराशा का प्रतीक कहा जा रहा है। व्यापक भ्रष्टाचार, आर्थिक गतिरोध तथा घटती नागरिक स्वतंत्रताओं ने जनता का गुस्सा भड़का दिया है जिसके कारण राष्ट्रपति पुतिन का विरोध बढ़ता जा रहा है।



रूस के विशिष्ट राजनीतिक वर्ग में निराशा इसलिए गहरी हुई है कि सत्ता और प्रभाव के लिए विभिन्न गुट आपस में टकरा रहे हैं और वे वर्तमान सरकार की संकटग्रस्त स्थितियों का लाभ उठाना चाहते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच जाने से रूस के वित्तीय व सैनिक संसाधनों पर भारी दबाव है जिससे पुतिन की नीतियों के प्रति जनता का समर्थन और घटा है। सैनिक विद्रोह के प्रयास ने क्षेत्र में पहले से ही अस्थिर स्थिति को और अस्थिर किया है। यदि कभी सफल सैनिक विद्रोह होता है तो उससे रूस की प्राथमिकताओं व विदेश नीति दृष्टिकोण में परिवर्तन हो सकता है। नया नेतृत्व इस टकराव पर होने वाले लागत-लाभ का विश्लेषण कर संभवतः युद्ध में रूस की संलिप्तता एक सीमा तक समाप्त करने या संकट के राजनयिक समाधान के बारे में सोच सकता है। इस परिवर्तन से टकराव समाप्त करने का अवसर मिल सकता है। प्रिगोझिन के सैनिक विद्रोह प्रयास ने रूसी राजनीतिक अवस्थापना में गहरे विभाजन उजागर कर दिए हैं। यह आंतरिक बिखराव यूक्रेन टकराव के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने में बाधा पैदा कर सकता है। इससे रूस की स्थिति कुल मिला कर खराब होगी तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसका प्रभाव घटेगा। यदि समस्या का समाधान न किया गया तो अंततः अनेक कारणों से पुतिन की पकड़ कमजोर होगी और उनके शासन के समक्ष अधिक चुनौतियां खड़ी होंगी। अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए पुतिन संभवतः नियंत्रण कठोर करेंगे, विरोध को कुचलेंगे तथा ज्यादा कट्टरपंथी कदम उठाएंगे। वर्तमान स्थिति को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को रूस में चल रहे घटनाक्रम पर गहरी नजर बनाए रखनी चाहिए। उसे विभिन्न पक्षों के बीच संवाद तथा तनाव घटाने के अवसर भी खोजने चाहिए।

# एसएमई के लिए बेहतर निर्यात नीति

**सूक्ष्म व मझोले उद्यमों-एसएमई को वैश्विक मूल्य श्रृंखला के बारे में जानकारी के साथ ई-कामर्स समेत सर्वोत्तम व्यवहारों का प्रशिक्षण देना चाहिए।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)




सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों-एसएमई के लिए सीमापार व्यापार व्यापक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। चौथी डिजिटल बिजनेस क्रांति शुरू होने के साथ ई-कामर्स वैश्विक बाजारों का लोकतांत्रीकरण कर रहा है। इससे एसएमई के दरवाजे खुल रहे हैं और वे अपने स्थानों से ई-बिजनेस कर सकते हैं। डिजिटल क्रांति व कृत्रिम बुद्धि-एआई का संदर्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की हालिया यात्रा में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए दिया। हालांकि, उन्होंने एआई को अमेरिका और भारत के रूप में भी परिभाषित किया। उम्मीद करनी चाहिए कि एआई साझेदारी की संभावना अगले स्तर तक विकसित होने की है। इससे भारतीय एसएमई की ई-कामर्स के माध्यम से निर्यात क्षमतायें बढ़ने की उम्मीद है। बहस का विषय यह है कि भारत अपने आकार को देखते हुए इसका कैसे प्रयोग कर सकता है तथा उसकी क्षमताओं का लाभ उठा सकता है। भारत का वर्तमान ई-कामर्स निर्यात उसकी संभावना से बहुत कम है। ई-कामर्स निर्यात केवल 2 बिलियन डालर है जो 2022-23 में 447.46 बिलियन डालर निर्यात के आधे प्रतिशत से भी कम है। अनुमान है कि वैश्विम ई-कामर्स निर्यात 2025 तक 2 ट्रिलियन डालर तक पहुंच जाएगा।

2030 तक भारतीय ई-कामर्स की संभावना 200 बिलियन डालर से 250 बिलियन डालर निर्यात तक ले जाने के लिए देश को एसएमई निर्यातकों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इसके लिए एसएमई क्षेत्र के लिए एक विशेष ई-कामर्स निर्यात नीति बनाई जानी चाहिए। लेकिन नई विदेश व्यापार नीति-एफटीपी 2023 में भारत की महत्वाकांक्षा देश को निर्यात का केन्द्र बनाने तथा ई-कामर्स निर्यात के लिए कुछ कदम उठाने की बात की गई है। एफटीपी में कूरियरों के माध्यम से निर्यातों की सीमा बढ़ाने की अनेक पहलें की गई हैं ताकि प्रति शिपमेंट ई-कामर्स निर्यात 5 लाख से 10 लाख तक बढ़ाया जा सके। पंजाब व अन्य बाहरी सीमाओं पर स्थित राज्यों में एसएमई तक पहुंच बढ़ाने के लिए 'डाक निर्यात केन्द्र' स्थापित किए गए हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ई-कामर्स के माध्यम से पहुंच बढ़ेगी। वर्तमान नियमन निर्यातकों पर भारी बोझ डालते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ 64 मिलियन छोटे व मझोले आकार के बिजनेस हैं। वे भारतीय उत्पादन के 45 प्रतिशत तथा 40 प्रतिशत निर्यातों के जिम्मेदार हैं। लेकिन इसके संबंध में कोई प्रासांगिक कानून नहीं हैं।

सवाल है कि एक अलग ई-कामर्स नीति की आवश्यकता क्यों है? चूंकि ई-कामर्स निर्यात की आवश्यकतायें अन्य सामान्य वस्तुओं के निर्यात से अलग हैं, इसलिए ई-कामर्स निर्यात नीति का अलग से एक दस्तावेज होना चाहिए। ई-कामर्स निर्यातकों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसमें भुगतान रिटर्न की नीति तथा उसे लागू करने संबंधी मुद्दे शामिल हैं। भारत के 90 प्रतिशत छोटे और मझोले ई-कामर्स निर्यातकों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस दृष्टिकोण से इंडियन स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज़ फेडरेशन-एफआईएसएमई ने कुछ ऐसे बड़े देशों की ई-कामर्स नीतियों का अध्ययन किया है जो ई-कामर्स निर्यात बिजनेस को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत का एएमई विशेष ई-कामर्स नीति नीति की प्रतीक्षा कर रहा है जिसका प्रारूप 2019 में सार्वजनिक रूप से पेश किया गया था। इसके बाद बिजनेस अनेक प्रकार से बढ़ा है, लेकिन वह ई-निर्यात के लिए बेहतर परिवेश बनाने की प्रतीक्षा कर रहा है। चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, वियतनाम व अन्य देशों की ई-कामर्स निर्यात नीतियों ने अनेक छोटे और मझोले आकार के बिजनेसों की सहायता की है और वे अपने उत्पाद दुनिया भर में बेच रहे हैं। पहले चीन ने सीमापार ई-व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाया, लेकिन अब वियतनाम व कंबोडिया जैसे देश भी इस क्षेत्र में चीन से आगे निकल चुके हैं क्योंकि उनके बैंक, कस्टम, शिपिंग तथा अन्य मध्यवर्ती संस्थान किसी प्रकार के तेज अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संगति बैठा चुके हैं। ई-कामर्स नीति को उपभोक्ता संरक्षण ई-कामस नियम, 2020 में प्रस्तावित संशोधनों से तालमेल बिठाना होगा। प्रत्यक्ष विदेश व्यापार कानून व उपभोक्ता संरक्षण कानून के साथ ही ई-कामर्स पर सूचना तकनीक कानून तथा प्रतियोगिता कानून का भी नियंत्रण है।

पूरी व्यवस्था के बीच संगति बैठानी जरूरी हे। ई-कामर्स नीति को संयुक्त रूप से कस्टम एंड डाइरेक्टरेट जनरल आफ फारेन ट्रेड-डीजीएफटी तथा भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई को बनानी चाहिए। इसके लिए उनके नियमों में आवश्यक परिवर्तन होने चाहिए जिनमें विक्रेताओं की जिम्मेदारियों की पुनः परिभाषा तथा भुगतान सरलीकरण तथा खातों एवं प्रक्रियाओं में परिवर्तन शामिल हैं। राष्ट्रीय व्यापार परिस्थितिकी में आरबीआई, कस्टम, डीजीएफटी, जीएसटीएन, इंडिया पोस्ट, कूरियरों, ई-कामर्स कंपनियों और प्रयोगकर्ताओं को केन्द्रीकृत मंच के माध्यम से साथ लाने की आवश्यकता है। ई-कामर्स निर्यातकों के लिए सरल दस्तावेजीकरण और समय पर शिपमेंट डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक अकेला 'ग्रीन चैनल' बनाने की जरूरत है। एक और बड़ा मुद्दा प्रमाणनों के बीच संगति है। ई-कामर्स बिजनेस में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को ई-कामर्स, ई-पेमेंट, ई-सिग्नेचर, ई-शिपिंग व अन्य डिजिटल समाधानों से परिचित होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय विस्तार तथा आन-टाइम भुगतान गारंटियों जैसी मूल्यवर्धित श्रृंखलाओं के लिए एसएमई आनलाइन मंचों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन कहा जाता है कि यह फेमा नियमों के विपरीत है क्योंकि मंच पर नियमन भुगतान एकत्र करने के जिम्मेदार हैं, जबकि उत्पादों का स्वामित्व उनके विक्रेताओं के पास बना रहता है।

रिफंड एक प्रमुख थर्ड-पार्टी ई-कामर्स निर्यातकों के लिए बड़ी समस्या है। इसके साथ ही बिजनेस टु बिजनेस-बी2बी पर आरबीआई दिशानिर्देशकों में समुचित संशोधनों की जरूरत है। ई-कामर्स बिक्री, छूटों व रिटर्नों पर 25 प्रतिशत की सीमा है। निर्यातकों पर लगी वार्षिक टर्नओवर व सभी आयत नियंत्रणों को हटा लेना चाहिए। इन निर्यातकों को उनकी वस्तुओं के लिए अलग कस्टम क्लियरेंस व्यवस्था, अस्वीकृत वस्तुओं से आयात ड्यूटी हटाने तथा वापस की गई वस्तुओं को गैर-वाणिजिक वस्तुएं मानने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही दुनिया भर में कीमतें घटाने तथा वस्तुओं की डिलीवरी का विस्तार करने के प्रयास होने चाहिए। भारत ई-कामर्स माडल में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देता है, पर इन्वेंटरी-आधारित माडल पर एफडीआई की अनुमति नहीं है। कभी-कभी ई-कामर्स मंच तथा सेलर्स-कामर्स ज्यादा छूट देने व विक्रेताओं को विशेषाधिकार देने वाले नियमों की अनदेखी करते हैं।

उम्मीद करनी चाहिए कि अमेरिका और भारत-एआई परस्पर विश्वास से हमारे एसएमई निर्यात को अवसर देंगे तथा ई-कामर्स निर्यात नीति में बेहतरी के लिए काम करेंगे। एसएमई को मूल्य संवर्धन की वैश्विक श्रृंखला के बारे में शिक्षित करना तथा सर्वोत्तम व्यवहारों का प्रयोग करना जरूरी है। इससे ई-कामर्स प्लेटफार्म मजबूत होंगे और उनका बिजनेस बढ़ेगा। इसके लिए छोटे बिजनेसों की साइबर घोटालों से सुरक्षा भी जरूरी है। राज्य जिला उद्योग केन्द्रों-डीआईसी से सहयोग कर निर्यात सुविधा केन्द्रों-ईएफसी की स्थापना कर सकते हैं जो निर्यात आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों व बाजारों की पहचान करेंगे। इस बात में कोई संदेह नहीं कि सीमापार ई-व्यापार भारत की बड़े पैमाने पर सहायता कर एक ट्रिलियन डालर का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। घरेलू ई-कामर्स बाजार 2019 में 22 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022 में 49 बिलियन डालर हो गया और इसके 2023 में 60 बिलियन डालर तक पहुंचने की आशा है। पिछले तीन साल में ई-कामर्स घरेलू बाजार का प्रदर्शन निसंदेह एक स्तर तक विश्वास पैदा करता है। निश्चित रूप से जीवन परिस्थतिकी तंत्र ई-कामर्स का बेहतर बाजार बना सकता है। ऐसे में सारे प्रयास किए जाने चाहिए कि भारतीय एसएमई को विश्व बाजार में नेतृत्वकारी स्थिति में लाया जाए।

# लाभप्रद रही पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा

> **मोदी की राजकीय यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत किया है और प्रवासी भारतीयों और व्यापारिक नेताओं के साथ उनके जुड़ाव को मजबूत किया है।**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यूएस यू.के. और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भारतीय प्रवासी एक मजबूत और प्रभावशाली समुदाय बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी मोदी इस समुदाय को अपने पक्ष में करने के लिए काम करते रहे हैं. उन्होंने अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनके साथ मजबूत रिश्ते बनाना जारी रखा है, जो फायदेमंद साबित हुआ है। प्रधानमंत्री इस बात से प्रसन्न थे कि उन्हें वाशिंगटन से शीर्ष सम्मान मिला। इसमें व्हाइट हाउस में एक राजकीय रात्रिभोज, ब्लेयर हाउस में प्रतिष्ठित अतिथि आवास और नौ वर्षों में दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का अवसर शामिल था।

पिछले वीजा इनकार के बावजूद अमेरिका के साथ मोदी का सहयोग बढ़ा है। यह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत सेना और शिक्षित अप्रवासी कार्यबल के कारण था। संबंध प्रधानमंत्री नेहरू की गैर-हस्तक्षेप नीति से इस अधिक संलग्न दृष्टिकोण की ओर बढ़ गए हैं। दशकों से, भाजपा ने एक शक्तिशाली विदेशी लॉबी बनाई है। 'द फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' अमेरिका का एक प्रभावशाली संगठन है। 60 के दशक से, हिंदू स्वयं सेवक संघ अमेरिका में संघ परिवार के विदेशी संगठन के रूप में कार्य कर रहा था।

पहले के भाजपा शासनकाल के दौरान, प्रवासी भारतीयों को अधिक मान्यता मिली। पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रवासी दिवस की शुरुआत की और भारतीय अमेरिकियों को सम्मान प्रदान किया। उन्होंने एक एनआरआई को घूमने वाले राजदूत के रूप में भी नियुक्त किया। फिर भी, अमेरिकी सरकार ने दूसरे दूत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मोदी ने अधिक सुलभ वीज़ा व्यवस्था और प्रवासी भारतीय कार्ड जैसी कई सुविधाएं प्रदान करके उन्हें लाड़-प्यार दिया। प्रवासी मतदान का अधिकार चाहते हैं, लेकिन इसमें काफी समय लगेगा। अपने पूरे भाषणों में, जिसमें अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करना भी शामिल है, मोदी ने भारतीय अमेरिकियों के लिए बहुत प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने भारत को तेजी से बढ़ती वैश्विक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। उनमें राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करते हुए, उन्होंने भारत में अपने निर्वाचन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उनके समर्थन का उपयोग किया।

भारतीय अमेरिकियों ने मोदी के साथ बातचीत करने के लिए बड़ी संख्या में आकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उनके न्यूयॉर्क पहुंचने पर उन्होंने मोदी-मोदी, भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारे लगाए। उन्होंने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में राष्ट्रपति बिडेन के स्वागत भाषण के दौरान उनका उत्साह बढ़ाया।

प्रधानमंत्री ने उन्हें अमेरिका-भारत संबंधों की असली ताकत बताया। उन्होंने जवाब दिया, मैं यहां कई बार आया हूं, लेकिन आज पहली बार व्हाइट हाउस के दरवाजे इतनी बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के लिए खोले गए हैं।

प्रवासी भारतीयों की सराहना करते हुए, मोदी ने कहा कि वे स्पेलिंग बी ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में प्रतिभाशाली हैं और उन्होंने अमेरिका के साथ देश के संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की। 2014 में मैडिसन स्क्वायर कार्यक्रम में मोदी की मुलाकात ने अमेरिकियों को प्रभावित किया था. बाद में ह्यूस्टन में हाउडी मोदी रैली ने राष्ट्रपति ट्रंप को चौंका दिया।

बिडेन और मोदी दोनों चार मिलियन-मजबूत भारतीय अमेरिकी समुदाय की राजनीतिक शक्ति को स्वीकार करते हैं। वे अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला समुदाय हैं। उनके वोट कई स्विंग राज्यों में महत्वपूर्ण हैं। 2020 के चुनावों में, 74 प्रतिशत भारतीय अमेरिकी मतदाताओं ने राजनीतिक परिदृश्य में उनके महत्व को उजागर करते हुए बिडेन का समर्थन किया। मोदी को तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों – ओबामा, ट्रम्प और बिडेन – से मिलने और बातचीत करने का अवसर मिला है। तीनों ने अपने प्रशासन में भारतीय प्रवासियों के अधिक सदस्यों को शामिल किया है। वर्तमान में, बिडेन ने 130 भारतीय अमेरिकियों को प्रमुख पदों पर नियुक्त किया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हैली दोनों अपने आप में अग्रणी हैं। कुछ बिजनेस लीडर दो दर्जन से अधिक अमेरिकी कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं, जिनमें गूगल प्रमुख सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला भी शामिल हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पिछले एक दशक में व्यापार और रक्षा संबंधों को मजबूत किया है, भारत क्वाड और जी20 जैसे अंतरराष्ट्रीय समूहों का सदस्य बन गया है।

हालांकि, वाशिंगटन में, मोदी के पक्ष और विपक्ष में रहने वाले समूह या तो उनके समर्थन या विरोध के लिए एक साथ आए। मोदी के मानवाधिकार ट्रैक रिकॉर्ड पर किसी का ध्यान नहीं गया है। 20 जून को, 75 अमेरिकी सीनेटरों और कांग्रेस के सदस्यों ने राष्ट्रपति बिडेन को एक पत्र लिखा, जिसमें राजनीतिक स्थान के सिकुड़ने और धार्मिक असहिष्णुता के बढ़ने जैसे मुद्दों पर चिंताओं को उजागर किया गया। इसके अलावा, छह सांसदों ने अमेरिकी कांग्रेस में मोदी के संबोधन का बहिष्कार किया।

अपनी अलग-अलग राय के बावजूद, वाशिंगटन और नई दिल्ली इस बात पर सहमत हैं कि यह यात्रा दोनों देशों के लिए आवश्यक और फायदेमंद थी। मोदी ने अपनी यात्रा की सफलता को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों और चर्चाओं में भाग लिया। साउथ ब्लॉक का इरादा यात्रा की सफलता को भुनाने और सितंबर में नई दिल्ली में आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के लिए मार्ग प्रशस्त करने का है। इन प्रयासों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा बढ़ने की उम्मीद है।

# आप की बात

## देश का सम्मान

**भारत** को लेकर अपने विवादित बयान के कारण अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक हुसैन ओबामा अब अनेक लोगों के निशाने पर आ गए हैं। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। भारत एक ऐसा देश हैं जहाँ परस्पर विरोधी विचारधारा के अल्पसंख्यक भी आराम से रहते हैं। कई देशों में इन तथाकथित अल्पसंख्यकों ने अपनी विरोधी विचारधारा के लोगों का कत्लेआम किया है। ओबामा को पहले पाकिस्तान, सीरिया, अफगानिस्तान, आदि की हालत पर चिंता व्यक्त करनी चाहिए। ओबामा का विवादित बयान प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका तथा मिस्त्र यात्रा के बाद आना दु:खद है। जहां मिस्त्र ने मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है, वहीं वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने याद दिलाया है कि ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका ने कितने मुस्लिम देशों पर हमले बोले थे तथा उसके द्वारा किए जाने वाले ड्रोन हमलों में अनेक बेगुनाह लोग भी मारे गए थे। निर्मला सीतारमण के बयान से यह भी स्पष्ट है कि मोदी के नेतृत्व वाला भारत अपनी निरर्थक आलोचना करने वाले किसी भी व्यक्ति को आईना दिखाने के लिए तैयार हे और उसके लिए देश का सम्मान सर्वोपरि है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

## पुतिन पर संकट

**पिछले** सप्ताहांत रूस में शुरू हुआ बगावत का खेल लगता है अभी कुछ देर के लिए शांत हुआ है खत्म नहीं हुआ है। पुतिन इस पुरे खेल में विजेता नहीं, बल्कि कमजोर व्यक्ति के रूप में दुनिया दिख रहे हैं। लगता है कि 20 साल निरंकुश शासन के बाद उनका अधिकार व विश्वसनीयता ढलान की ओर है। जब भाड़े के सैनिक देश में प्रवेश कर मास्को की ओर चल पड़े थे तब उन्होंने इनको देश का गद्दार व पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया था। लेकिन दूसरे ही दिन जब वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन ने मॉस्को में तख्तापलट का लक्ष्य छोड़ दिया और खुद बेलारूस चले गए तब पुतिन ने कहा कि वे किसी भी भाड़े के सैनिक पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे क्योंकि ये सभी रुसी नागरिक हैं। इसके बाद पुतिन ने कहा कि पिछले सप्ताहांत वैगनर विद्रोह के नेता रूस को खूनी संघर्ष में धकेलना चाहते थे, अतः उनको न्याय के कटघरे में लाने का काम जल्द से जल्द किया जायेगा। देखना होगा कि आने वाले दिनों में रूस की राजनीति क्या रूप लेती है, वैगनर समूह के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है और क्या पुतिन का कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी उनको मैदान में चुनौती देने के लिए उतरता है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## भारतीय किसान

**भारत** एक कृषि प्रधान देश है !और देश की जीडीपी ग्रोथ में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान है। कृषि क्षेत्र में कठोर परिश्रम और मंहगे होते बीज, खाद, दवाइयों, उर्वरकों, आदि के प्रयोग के बावजूद किसान भरपूर कमाई नहीं कर पाते। सख्त जरूरत के समय उन्हें खाद व बीज जैसी वस्तुएं भी अधिक दाम चुका कर खरीदनी पड़ती हैं। भारत सरकार द्वारा खाद के उत्पादन और आयात में अनेक प्रयास करने के बाद अब खाद उत्पादन करने से कृषको को खाद की कमी महसूस नहीं होगी और न ही उन्हें इसे ब्लैक में खरीदना पड़ेगा। कृषकों को पशुधन से उत्पन्न गोबर, गोमूत्र आदि का ऑर्गेनिक खेती में उपयोग कर कम खर्च में अधिक उत्पादन की विकसित तकनीक अपनानी होगी। विडंबना है कि अधिकांश भारतीय किसान बहुत छोटी जोतों वाले लघु व सीमान्त किसान हैं जो अनेक आधुनिक तकनीकों का प्रयोग चाहते हुए भी नहीं कर पाते हैं। सरकार को इनके लिए कृषि माडल विकसित करने के साथ अपनी खरीद बड़े किसानों के बजाय छोटे किसानों से ही करनी चाहिए। इससे देश में सबसे गरीब किसानों में निश्चित रूप से खुशहाली आएगी।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## वृक्षारोपण अभियान

**प्रदूषण** व महामारी जैसी चुनौतियों का समाधान पौधरोपण में निहित है। अनेक औषधीय पौधों का आर्युवेद में महत्व बताया गया है जिनसे अनेक रोगों पर अंकुश लगाया जा सकता है। पौधे हमें वृक्ष के रूप में आक्सीजन देकर पर्यावरण को शुद्ध करते हैं। नासा के वैज्ञानिकों ने पिछले वर्षो के वैश्विक तापमान का मासिक विश्लेषण भी किया। मौसमों में ज्यादा बदलाव यानि धरती का अधिक गर्म होना चिन्ता का विषय है। जंगल काटने से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन, अधिक मौसम परिवर्तन तथा सबके लिये कम संपन्नता ही प्राप्त होगी। सर्वविदित है कि वृक्षों से ताप का नियंत्रण होता और वायुमंडल की विषाक्तता भी कम होती है। जितने अधिक वृक्ष होगें वातावरण उतना ही शुद्ध एवं स्वच्छ होगा। वृक्षों से वन्य प्राणियों के साथ ही अनेक प्रकार के जीव-जंतुओं का जीवन सुखद होगा। भविष्य मे हरित क्रांति को विलुप्त होने से बचाने हेतु वर्षा के समय वृक्षारोपण के पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने की सोच विकसित करें। वर्षा में वृक्षारोपण को जन-जन का अभियान बनाया जाना चाहिए।

–**संजय वर्मा,** धार

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से साढ़े सात लाख युवाओं को देंगे नौकरी: मुख्यमंत्री

● सीएम ने कहा, लखनऊ, वाराणसी व आगरा में बनाएं यूनिटी मॉल

● करोड़ों लोगों के जीवन का आधार हैं प्रदेश की एमएसएमई इकाइयां: योगी

## सीएम ने कहा, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे पर विकसित करें एमएसएमई क्लस्टर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम चल रहे हैं। पीएम और सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से हम साढ़े सात लाख युवाओं को नौकरी देंगे। इसके लिए हमारे उद्यमियों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर एमएसएमई क्लस्टर विकसित करें। साथ ही लखनऊ, वाराणसी और आगरा में यूनिटी मॉल बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। वहां पर अच्छे गेस्ट हाउस और हॉस्टल बनाया जाए। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

सीएम योगी ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2023 के अवसर पर लोकभवन में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ रुपए के ऋण वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर पहले चरण के तहत राजधानी के अवध शिल्पग्राम में यूनिटी मॉल प्रारंभ हो जाए तो बेहतर रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि ऋण वितरण कार्यक्रम के तहत आज प्रदेश के 3 लाख 41 हजार एमएसएमई उद्यमियों को एक साथ ऋण वितरित किया जा रहा है। यह सेक्टर कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला है। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों ने इस सेक्टर में नई जान फूंककर उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा था कि यूपी का एमएसएमई सेक्टर दम तोड़ रहा था। सरकार की तरफ से सहयोग न मिलने से इस सेक्टर के उद्यमी हताश और निराश हो चुके थे। वहीं विगत छह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हमारी सरकार ने लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां चल रही हैं। ये इकाइयां करोड़ों लोगों के जीवन का आधार हैं।

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने एमएसएमई सेक्टर को जीवित रखने के लिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की योजना चलाई, जो देश के अंदर एक ब्रांड बन चुकी है। आज देश में जब भी एमएसएमई और ओडीओपी की बात होती है तो लोगों की जुबान पर सबसे पहले उत्तर प्रदेश का नाम आता है। 52 उत्पादों के लिए जीआई टैग प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। अकेले वाराणसी के 23 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। हमारे पास 75 जनपद हैं, आने वाले समय उत्तर प्रदेश के कई अन्य उत्पादों को जीआई टैग मिलेगा। वो दिन दूर नहीं है जब उत्तर प्रदेश के परंपरागत उत्पादों का डंका देश और दुनिया में बजेगा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रयागराज के ग्राम मंदर देह माफी (मंदरी) भगवत में गोबर बायोगैस प्लांट और ग्राम गांजा में ऊनी धागा उत्पादन केन्द्र का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने एमएसएमई के 14 उद्यमियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान राशि वितरित की। इसके अलावा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन और भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के बीच एमओयू का आदान प्रदान किया गया।

सीएम योगी ने जीआई टैग से संबद्ध हुए 11 ओडीओपी उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। इनमें अमरोहा की ढोलक, अलीगढ़ का ताला, बागपत के होम फ र्निशिंग, बांदा के शजर पत्थर, बाराबंकी के हैंडलूम, बिजनौर के नगीना गुड क्राफ्ट, जालौन के काल्पी हैंडमेड पेपर, महोबा के गोरा पत्थर, मैनपुरी की तारकशी, संभल के हॉर्न क्राफ्ट और संतकबीर नगर के बखिरा मेटल प्रोडक्ट के उद्यमी शामिल रहे।

# कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार व दृष्टिकोण को समृद्ध करेगा संवाद: सीएम

● योगी ने 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअली पीएम के विचारों को सुना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यक्रम 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। मंगलवार को भोपाल में हुए इस आयोजन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जुड़े। उन्होंने लखनऊ से वर्चुअली रूप से पीएम के विचारों को सुना।

वहीं सीएम योगी ने ट्वीट कर इस कार्यक्रम की सराहना की। सीएम ने ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' आत्मनिर्भर भारत.विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि एवं भारत के महान लोकतंत्र को और अधिक सहभागी बनाने का एक आंदोलन है। इसकी सफलता के लिए 'नए भारत' के नए संकल्पों से भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए आज प्रधानमंत्री भोपाल में भाजपा के समर्पित व कर्मठ कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। यह संवाद कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ ही उनके दृष्टिकोण को भी समृद्ध करेगा।

# प्रत्येक सदस्य बूथ को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगा: भूपेन्द्र सिंह



● प्रधानमंत्री ने देश भर के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ किया वर्चुअल संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश भर के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल संवाद भी किया। प्रदेश में सभी संगठनात्मक मंडलों, शक्तिकेन्द्रों और बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी राजधानी लखनऊ के उत्तर मंडल 3 में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जबकि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने लखनऊ की पूर्वी विधानसभा के मध्य मण्डल 4 में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के ओजस्वी सम्बोधन को सुना। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ता रीना चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया। भूपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम के पश्चात कहा कि 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के सभी बूथों, 27634 शक्ति केन्द्रों तथा 1918 मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री का सम्बोधन हम सभी के लिए प्रेरक है।

# योगी आदित्यनाथ पर लिखे ग्राफिक उपन्यास ने तमिलनाडु में मचाई धूम

● चेन्नई के चिन्मया हेरिटेज सेंटर में 800 से ज्यादा बच्चों के बीच भव्य कार्यक्रम में लांच हुई पुस्तक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दो बेस्टसेलर शीर्षक लिख चुके शांतनु गुप्ता ने युवा पाठकों के लिए अपना नया ग्राफिक उपन्यास 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' मंगलवार को तमिलनाडु में लांच किया। मंगलवार को बेस्ट-सेलर ग्राफि क उपन्यास के लेखक शांतनु गुप्ता ने चेन्नई के चिन्मया हेरिटेज सेंटर में 800 से भी ज्यादा बच्चों के साथ, एस गुरुमूर्ति, शहजाद पूनावाला व स्वामी मित्रानंद की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम में इस पुस्तक को लांच किया। जून के पहले हफ्ते में सीएम योगी के 51वें जन्मदिन यानी 5 जून को उत्तर प्रदेश के 51 से अधिक स्कूलों में इस ग्राफिक उपन्यास को लांच किया गया था। चेन्नई लॉन्च पर बोलते हुए, तुगलक के संपादक एस गुरुमूर्ति ने कहा कि यह पहली बार है कि वह एक जीवित राजनेता की पुस्तक लॉन्च के लिए अपवाद बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह अपवाद इस कारण से किया है क्योंकि यह योगी आदित्यनाथ पर लिखी गई किताब हैए जिन्होंने उत्तर प्रदेश पर नकारात्मक धारणा को एक परिवर्तनकारी विकास की कहानी में बदल दिया। इस भव्य लांच के लिए शहर में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने छात्रों को संबोधित किया। यह पुस्तक और योगी आदित्यनाथ का जीवन हम सभी को चरित्र निर्माण की कला सिखाता है।

शहजाद ने उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ द्वारा लाए गए बुनियादी ढांचे और शासन परिवर्तन के बारे में भी बात की। पूनावाला ने बच्चों का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि योगी आदित्यनाथ कितने बड़े पशु और प्रकृति प्रेमी हैं। चिन्मय मिशन के स्वामी मित्रानंद ने ग्राफिक उपन्यास के पृष्ठ संख्या 5 की ओर इशारा किया, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे योगी आदित्यनाथ एक कमरे के घर में सात भाई-बहनों के साथ पले और अपनी कड़ी मेहनतए दिव्यता और समर्पण से आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।

शांतनु ने योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश पर क्विज का आयोजन किया और सैकड़ों बच्चों से सीधे जुड़े। शांतनु अपनी किताबों को सभी भारतीय भाषाओं में लाने के लिए विख्यात हैं और इसी श्रृंखला में उन्होंने इस ग्राफिक नॉवेल के तमिल कवर का भी अनावरण किया। उत्तर प्रदेश से आए स्पीड आर्टिस्ट अमित वर्मा ने कुछ मिनटो में योगी आदित्यनाथ का एक भव्य चित्र बनाकर बच्चों का मन मोह लिया। सोशल मीडिया पर भी तमिलनाडु लांच को लेकर भारी उत्साह दिखा। पूरे भारत में ट्विटर पर कई घंटो तक 'योगी बुक रॉक्स चेन्नई' ट्रेंड होता रहा। शांतनु ने अपने नए ग्राफिक उपन्यास के बारे में बताया कि 'अजय से योगी आदित्यनाथ तक' उत्तराखंड के सुदूर गांव में पैदा हुए एक युवा लड़के अजय सिंह बिष्ट की यात्रा है। उनके पिता आनंद सिंह बिष्ट एक जूनियर वन अधिकारी थे और माता सावित्री देवी एक गृहिणी थीं। अजय को बचपन से ही परिवार की गायों की देखभाल करने, स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियां सुनने और स्कूल की बहस में भाग लेने का शौक था। वे सभी आज के उत्तराखंड में पंचूर नाम के एक सुदूर गांव में छोटे से घर में रहते थे। यहीं से आगे चलकर अजय गोरखनाथ मठ के महंत बने, भारत की संसद के सबसे कम उम्र के सदस्य और भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। शांतनु ने आगे कहा कि 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' हर छात्र के अनुसरण करने और प्रेरणा लेने के लिए धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत की कहानी है।

# कांग्रेस पुरानी पेंशन योजना की बहाली की पक्षधर: खाबरी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर केंद्र व राज्य कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे आंदोलन को कांग्रेस पार्टी पूर्ण समर्थन करती है। कांग्रेस पार्टी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की पक्षधर है, क्योंकि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक सुरक्षा के अधिकार के तहत जीवन यापन का एकमात्र सहारा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पुरानी पेंशन योजना को अविलंब बहाल किया जाए। खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर लगातार सड़क से सदन तक संघर्ष किया है। राजस्थान, छत्तीसगढ और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीतने के तुरन्त बाद कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमांचल प्रदेश में ओपीएस की बहाली हो सकती है तो केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित प्रदेशों में क्यों नहीं?। उन्होंने कहा कि आज राजधानी लखनऊ में इस भीषण गर्मी में केंद्र व राज्य कर्मचारियों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस आन्दोलन में राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों सहित रेलवे, डाक, आयकर, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग व कई विभागों व संगठनों के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विगत 21 मार्च को नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए सैकड़ों विभागों एवं संगठनों के कर्मचारियों द्वारा हर जनपद मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया किन्तु कर्मचारी व जनविरोधी भाजपा सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

# देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका: अनिल राजभर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**श्रम** एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 'श्रमेव जयते' के नारे के साथ काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता श्रमिक हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों और मजदूरों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। प्राथमिकता पर किसानों और मजदूरों के हितलाभ की योजनायें चलाते हुए उनके जीवन शैली को बेहतर से बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी श्रम मंत्री ने मंगलवार को विधान स्थित तिलक हॉल में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 81 वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक में दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम मंत्री ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के चिकित्सालयों में बेड आक्यूपेंसी का प्रतिशत बढ़ाने, जीर्ण शीर्ण भवनों में संचालित औषधालयों के लिए नऐ किराये के भवनों की व्यवस्था, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में विशेषज्ञों की तैनाती किए जाने पर विचार किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने कार्यों को गम्भीरता से करेंए ताकि श्रमिकों का मनोबल बढ़े। राजभर ने निगम के कार्यकलापों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभी और अधिक परिश्रम की आवश्यकता है।

## अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष

# काशी से लेकर वाशिंगटन तक मिलेट्स का जलवा

● सूत्रधार के रूप में भारत निभा रहा अपनी भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** इस साल अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना रही है। यह आयोजन भारत की पहल पर हो रहा है। लिहाजा इसे सफल बनाने में भारत की भूमिका भी सबसे महत्वपूर्ण है। भारत को इसका अहसास है, और आयोजन के सूत्रधार के रूप में वह यह कर भी रहा है। हाल के कुछ इवेंट्स को देखें तो काशी से लेकर वाशिंगटन तक मिलेट्स का जलवा रहा।

वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ भोज में अन्य व्यंजनों के साथ बाजरा के व्यंजन और मिलेट्स के केक भी थे। ग्रेमी अवार्ड विजेता भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक फालू के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के लिए, 'द अवंडस ऑफ मिलेट्स' के नाम से एक गाना भी लिखा था। यह गाना गत 16 जून को रिलीज हुआ था। पिछले दिनों काशी में आयोजित जी-20 सम्मेलन में भी विदेशी मेहमानों और अन्य गणमान्य लोंगों के लिए मिलेट्स के व्यंजन को तरजीह दी गई थी।

भारत 2018 में ही राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना चुका है। उत्तर प्रदेश में हजारों वर्षों से मोटे अनाजों की खेती की परंपरा रही है। लिहाजा प्रदेश की योगी सरकार की उसकी सफ लता में महत्वपूर्ण भूमिका थी। अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के लिए उनकी पहल पर घोषणा होने के साथ ही इसकी सफलता की रणनीति बन चुकी थी। यह क्रम लगातार जारी है। कुछ दिनों पहले खूबियों से भरपूर गुड़ व मोटे अनाजों को प्रसंस्कृत कर उसे और उपयोगी बनाने के लिए गन्ना एवं चीनी विभाग ने भी पहल की। गन्ना शोध परिषद ने एक निजी संस्था के साथ इस बाबत एमओयू किया। इस एमओयू के तहत पहले से गुड़कारी गुड़ को मिलेट्स के अलावा औषधीय मसालों के साथ प्रसंस्कृत कर सेहत के लिहाज से और उपयोगी बनाया जाएगा। इससे विभाग से संबद्ध महिला समितियों को भी जोड़ा जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार मिलेगा। एक तरीके से यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिशन नारी सशक्तिकरण की ही एक कड़ी होगा।

मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर मुख्यमंत्री खुद, उनके मंत्री और शासन के वरिष्ठ लोग कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। आयोजन कोई हो, उसके मीनू में मिलेट्स के व्यंजन जरूर रहते हैं। इस साल अक्टूबर-नवंबर में उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित कृषि कुंभ की थीम भी अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष पर ही केंद्रित रहने की संभावना है। यह प्रदेश सरकार का दूसरा कृषि कुंभ होगा। पहले कृषि कुंभ का आयोजन योगी-1.0 में हुआ था।

# जनादेश के साथ खिलवाड़ अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जबसे सत्ता में आई है देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक सद्भाव तथा लोकतंत्र को तहस-नहस करने पर तुली है। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 की पवित्रता भी नष्ट करने की रणनीति बनाने में लगी है। भाजपा द्वारा जनादेश के साथ खिलवाड़ अब जनता बर्दाश्त करने वाली नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को पूरी गंभीरता से ले रही है। बूथस्तर तक संगठन को मजबूती दी जा रही है। प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा की साजिशों और चुनावी हथकंड़ो से परिचित कराया जा रहा है। भाजपा ने विकास के नाम पर जनता को जो धोखा दिया है उसको घर-घर जन-जन तक पहुंचाने का समाजवादी पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार में जो उल्लेखनीय विकास कार्य बिजली, सड़क, नदियों की सफाई और प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण के साथ वृहद वृक्षारोपण आदि हुए थे भाजपा सरकार उन विकासकार्यो को बर्बाद करने पर तुली हैं। भाजपा ने जनता को परेशान करने के सिवाय और कुछ नहीं किया है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक सभी परेशान है।

# रोजगार परक शिक्षा देने के लिए उठाए जाएं कारगर कदम: राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के अधीन आने वाले राजकीय एवं अनुदानित कॉलेजों के सम्बन्ध में कुलपति, कुलसचिव एवं प्राचार्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों में रोजगार परक शिक्षा देने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंए ताकि छात्र-छात्राओं को रोजगार परक शिक्षा मुहैया करायी जा सके।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों में गोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए जानकारियां देकर जागरूक करेंए जिससे उन्हें साइबर क्राइम के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के उपयोग के लिए आवश्यक वस्तुओं के क्रय हेतु जेम पोर्टल पर पंजीकृत विशिष्ट कम्पनियों से उत्पादों को खरीदना सुनिश्चित किया जाए। नये शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन फैकल्टियों के शैक्षणिक सत्र को आरम्भ किया जाना है, उनके भवनों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराया जाए ताकि शैक्षिक सत्र सुगमता से चले। उन्होंने विश्वविद्यालय कैम्पस के अन्दर सम्पर्क मार्ग, शौचालय, पीने का पानी, पाइपलाइन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सत्र आरम्भ होने से पहले पूर्ण कराने को कहा। इसी क्रम में उन्होंने कैम्पस के अन्दर इन्टरनेट, पुस्तकालय, फर्नीचर एवं पुस्तकों की टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही समय से पूर्ण कराने का निर्देश भी दिया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। राज्यपाल ने शिक्षा के चहुमुंखी विकास पर बल देते हुए कहा कि हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। जरूरत इस बात की है कि अभिभावकगण अपने बेटों के साथ-साथ बेटियों को भी अनिवार्य रूप से शिक्षित करें।

# यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा परिवहन निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बस** यात्रियों की सुविधा के लिए पहले ही ऑनलाइन टिकटिंग समेत रिजर्वेशन व कैशलेस टिकट बुकिंग जैसी डिजिटल सुविधाएं प्रदान कर रहा यूपी रोडवेज अब और अधिक हाईटेक होने वाला है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेशवासियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक व सुरक्षित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कई नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसमें भारत सरकार की पहल वन नेशन, वन कार्ड के अलावा दिव्यांगों के लिए स्मार्ट कार्डए बस ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन की फिटमेंट के अलावा ई ऑफिस और वेब बेस्ड एमआईएस जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन सभी प्रोजेक्ट के पूर्ण होने पर न सिर्फ यात्रियों की सुविधाओं में और इजाफा होगा जबकि विभाग के कार्यों में कुशलता के साथ ही पारदर्शिता में भी बढ़ोतरी होगी।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने भी हाल ही में एक कार्यक्रम में परिवहन निगम की सेवाओं को गांव-गांव तक ले जाने की अपील की थी। इसके लिए उन्होंने यात्री सुविधाओं में इजाफा करने के भी निर्देश दिए थे।

जो नए प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं, उनमें नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड काफी महत्वपूर्ण है। इसके तहत योगी सरकार, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल वन नेशन, वन कार्ड को प्रदेश में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें बस टिकटों के कैशलेस पेमेंट की व्यवस्था है। यानि सभी तरह के ट्रैवेल पेमेंट्स को एक ही कार्ड के माध्यम से किया जा सकेगा। परिवहन निगम इस पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे लागू किए जाने की संभावना है। परिवहन निगम के जीएम आईटी युजवेंद्र सिंह के अनुसार एनसीएमसी के लिए टिकटिंग मशीन के एल 3 सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से एल 3 सर्टिफिकेशन मिलने के बाद डिवाइस एनसीएमसी कार्ड के जरिए पेमेंट प्राप्त करने में सक्षम हो जाती है।

# रिकॉर्ड भुगतान से गन्ना किसानों के लिए बढ़ी मिठास

● योगी सरकार ने की 6 वर्षों में 2 नई चीनी मिलों की स्थापना

● 4 बंद मिलों का दोबारा संचालन और 30 की क्षमता में हुआ विस्तार

## 6 वर्ष में रिकॉर्ड 2.14 लाख करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गन्ना** किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने विगत 6 वर्ष में अब तक गन्ना किसानों को रिकॉर्ड 2.14 लाख करोड़ रुपये के गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया है। यह गन्ना किसानों के लिए सीएम योगी का सबसे बड़ा संबल है, जिन्होंने सूबे की सत्ता संभालते ही गन्ना किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य की रणनीति बनायी। इसके तहत गन्ना पेराई, चीनी उत्पादन एवं चीनी परता पर काम शुरू किया गया। योगी सरकार ने सबसे पहले प्रदेश में बंद चीनी मिलों को दोबारा शुरू कराया और बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान पर फ ोकस किया। योगी सरकार के प्रयासों से चीनों मिलों का संचालन सुधरा तो अधिक चीनी उत्पादन भी हुआ। सीएम योगी के निर्देश पर आज प्राथमिकता के तहत किसानों का नियमित भुगतान भी हो रहा। इससे चीनी की मिठास और बढ़ गयी। साथ ही प्रति हेक्टेयर गन्ने की उत्पादकता पर भी जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार की नीतियों का ही असर है कि आज प्रदेश में जहां वर्ष 2016-17 में प्रति हेक्टेयर 72.38 मैट्रिक टन गन्ने का उत्पादन हो रहा था, वहीं आज यह बढ़कर प्रति हेक्टेयर 82.31 मैट्रिक टन हो गया है। पिछले 6 वर्षों में प्रति हेक्टेयर 9.93 मैट्रिक टन गन्ने के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। इससे गन्ना किसानों को प्रति हेक्टेयर में 349 रुपये प्रति कुंतल की दर से 34656 रुपये का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से आज उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए 120 चीनी मिलें संचालित हैं।

इन चीनी मिलों द्वारा वर्ष 2021-22 में 1016.26 लाख टन गन्ने की पेराई की गई थी। इससे 101.98 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। वहीं 2022-23 में अब तक 1098.31 लाख टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 105.41 लाख टन चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। पिछले 6 वर्षों में चीनी मिलों द्वारा रिकार्ड 6403 लाख टन गन्ने की पेराई की गयी, जिससे रिकार्ड 683.07 लाख टन चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। इतना ही नहीं, प्रदेश में 2 नई चीनी मिलों की स्थापना की गयी और 4 चीनी मिलों को दोबारा शुरू कराने के साथ 30 चीनी मिलों की क्षमता में विस्तार किया गया, जिससे चीनी मिलों में कुल 78900 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ।

पिछली सरकार में जहां प्रदेश का औसत चीनी परता 10.61 प्रतिशत थी, वहीं योगी सरकार में चीनी परता बढ़कर 11.43 प्रतिशत हो गया है। इसमें बी-हैवी शीरे एवं सीधे गन्ने से 9.60 प्रतिशत एथेनॉल उत्पादन शामिल है। योगी सरकार ने खांडसारी नीति में बदलाव करते हुए प्रदेश में ऑनलाइन खांडसारी लाइसेंसिंग व्यवस्था लागू की गयी थी। इसका नतीजा ये रहा कि प्रदेश में 284 नई खांडसारी इकाईयों की स्थापना की गयी, जिससे 31690 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हुए। योगी सरकार ने देश में एथेनॉल के उत्पादन में भी रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश में एथेनॉल का कुल उत्पादन 42.07 करोड़ लीटर था वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 160 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गन्ना विभाग ने महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हे रोजगार से जोड़ा। विभाग ने कोविड-19 महामारी के दौरान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गन्ना बीज उत्पादन और वितरण से जोड़ा। वर्तमान में इन कार्यों में 3196 महिला स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिसमें 60000 ग्रामीण महिला उद्यमी जुड़कर गन्ने की पौध के उत्पादन कर अपना जीवकोपार्जन कर रही हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा अब तक 38 करोड़ गन्ना पौध का उत्पादन किया जा चुका है। जबकि इसका वितरण कर 102 करोड़ की आमदनी की गयी। महिला स्वयं सहायता समूहों ने पिछले कई वर्षों में गन्ना प्रजाति एवं बीज बदलाव में अग्रणी भूमिका निभायी है।

# भाईचारे और सद्भावना से मनायें त्योहार

**● डीएम ने की जिला शान्ति समिति की बैठक, कहा कि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई**




**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

बकरीद पर्व व श्रावण मास को देखते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट में ज़िला शांति समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने धर्मगुरुओंए संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचाराए सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में मौजूद संभ्रान्त लोगों ने आश्वस्त किया कि आगामी त्योहार को शासन.प्रशासन की गाइडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। डीएम ने जनपद की शांति को बनाए रखने में सभी समुदायों के प्रबुद्धजनोंए धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। जनपद की छवि शांतिपूर्ण जनपद की है। सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं। पर्व भाईचारा को संदेश देते हैं। सभी लोगों ने जनपद में शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाए जाने का आश्वासन दिया। शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक मे उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने सभी को आगामी त्योहारों के लिए बधाई व शुभकामना दी। कुर्बानी की कोई भी फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर कदापि शेयर ना करेंए ऐसा करने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्यवाही करेगा। बैठक के दौरान डीएम ने आश्वस्त किया कि संभ्रान्त लोगों व धर्म गुरूओं की ओर से साफसफाईए बिजलीए पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफसफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस.पास पर्याप्त साफसफाई करा दें। उन्होंने मौजूद लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस कार्य में सभी लोग भरपूर सहयोग देते हुए ग्रामीण व नगर क्षेत्र को साफसुथरा बनाये रखने में सहयोग करें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्योहार को मनायें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहेंए यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। डीएम व एसपी ने कहा कि शरारती व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। किसी को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं होगी। गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगीए परन्तु माहौल को खराब करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय कुमार सिंह ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कोई नई परंपरा नहीं शुरू होगी। किसी प्रकार का विचलन स्वीकार्य नहीं होगा। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं होगी। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय कुमार सिंहए एसडीएम सदर श्रद्धा सिंहए सीओ सिटी संदीप सिंहए डीएसओ अंजनी कुमार सिंहए ईओ संजय कुमारए सहित समाज के संभ्रांत नागरिक एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# खराब कार्य करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

**● डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में डीएम ने माह जून से सितम्बर, 2023 तक चलने वाले संभव अभियान की समीक्षा की। निर्देश दिये कि अर्न्तविभागीय समन्वय से कार्य किया जाये। उन्होंने संभव अभियान अन्तर्गत कुपोषित बच्चो का चिन्हाकन एवं उपचार किये जाने हेतु समस्त ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहयोगी विभागों में जिला उद्यान अधिकारी को कुपोषण मुक्ति हेतु सहजन के पेड़ देने, डीएसओ को कुपोषित बच्चों को राशन कार्ड प्राप्त कराने तथा उपायुक्त मनरेगा को कुपोषित बच्चों के परिवार हेतु जॉब कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी चिन्हित सैम मैम तथा गंभीर अल्प वजन वाले बच्चों के उपचार एवं प्रबन्धन हेतु बीएचएसएनडी सत्र पर संदर्भित कर ई-कवच पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में राकेश पाण्डेय गंगा सीड्स ने आहार से उपचार विषय पर मोटा अनाज से कुपोषण निवारण हेतु अपना प्रस्तुतीकरण किया एवं कार्ययोजना रखी। डीएमी ने खराब कार्य करने वाली कार्यकत्रियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये साथ ही बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में रहकर कार्य करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि अवशेष आगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन शीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने पोषण किट का वितरण पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक में सीडीओ, सीएमओी, उपनिदेशक कृषि, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, राकेश पाण्डेय गंगा सीड्स सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित थे ।

# त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक



**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी

**कोतवाली** गोला में आयोजित पीस कमेटी की बैठक उप जिलाधिकारी, गोला रत्नाकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ईद, मुहर्रम व शिव महिमा मेला श्रावण पर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में धर्मगुरू, मौलाना एवं व्यापारी व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। एसडीएम रत्नाकर मिश्र ने सभी के सुझाव पर विस्तार से बताया कि सारी समस्यायों का समाधान समय से कर लिया जाएगा। क्षेत्राधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रहने का आश्वासन दिया और सभी का सहयोग लेकर धार्मिक त्यौहारों पर शांति सुरक्षा बनाए रखने पर बल दिया। इस बैठक में विनोद कुमार गुप्ता तहसीलदार, सुनील कुमार दुबे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, क्राइम इंस्पेक्टर राहुल कुमार, पत्रकार बंधु एवं गोला नगर के सभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# जिला जेल में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**● 300 से अधिक बंदियों का चेकअप हुआ**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जिला** जेल में विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ एस पी, शाहजहांपुर अशोक कुमार मीणा, आईपीएस के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेडीकल कालेज द्वय के प्रेसीडेंट डा अशोक अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नी डा किरन अग्रवाल, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता तथा डाक्टर व अन्य तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा। जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने एसपी का सर्वप्रथम कारागार में पधारने तथा चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करने के लिए आभार प्रकट किया तथा समस्त बंदियों व स्टाफ की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही डा अशोक अग्रवाल, डा किरन अग्रवाल, उप चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अमित सिंह तथा ग्रुप कैप्टन प्रमोद कुमार गुप्ता तथा डाक्टर व अन्य तकनीकी स्टाफ का स्वागत व अभिनंदन किया। महिला बंदियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तथा पुलिस अधीक्षक महोदय का स्वागत किया। एस पी द्वारा कारागार में बंदियों की बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए जेल अधीक्षक के किए गए प्रयास की सराहना की तथा शिविर आयोजित करने हेतु डाक्टर अशोक अग्रवाल व उनकी पूरी टीम का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कहा कि बंदियों की बेहतर चिकित्सा व्यवस्था से जहां बंदियों का स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं कई बार जेलों में बंदियों के अन्दर पनपे तनाव व कुण्ठा से उत्पन्न झगड़े व उपद्रव से भी बचा जा सकता है। मेडीकल कालेज के प्रेसीडेंट ने भी अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर पुन: तथा बीमारियों के इलाज हेतु भी चिकित्सा शिविर आयोजित किये जायेंगे। चिकित्सा शिविर में उपचिकित्सा अधीक्षक के अतिरिक्त आंख विभाग से डाअक्षय, डा अभिषेक ,आई टेक्नीशियन अभिचल, आई टेक्नीशियन शिवम, नर्सिंग स्टाफ वंशपाल, लवप्रीत सिंह, वार्डवॉय अवधेश, व सुरजीत तथा दन्तरोग विभाग से डाक्टर नन्दिता, डाक्टर कीर्ति, पीआरओ विपिन शर्मा, टेक्नीशियन प्रवीण गंगवार, नर्सिंग स्टाफ शेखर शुक्ला, मोहित यादव व अरुण यादव शामिल रहे। शिविर में डेंटल मोबाइल वैन में स्थापित दो डेंटल चेयर की मदद से बंदियो की दांतों की जांच व उनकी समस्याएँ दूर की गई। तथा आंखों की मशीन द्वारा मौके पर ही नजर की जांच कर निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कुल 250 चश्मे वितरित किए गए। तथा आंख व दांतों से सम्बंधित बीमारियों के लिए निशुल्क दवायें वितरित की गई। आंख व दंत रोगों से सम्बंधित सभी महिला व पुरुष बंदी तथा स्टाफ भी लाभान्वित हुआ। कुल 175 आंख के रोगी व 155 दांत के रोगी इस प्रकार कुल 330 बंदी लाभान्वित हुए। बंदियों की मौके पर ही जांच होकर उन्हें चश्मे उपलब्ध होने तथा दांतों की जांच होकर आवश्यकतानुसार दातों का इलाज यथा दांत उखाड़ना तथा सफाई व दवा मिल जाने से बंदियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## क्विक न्यूज

### छात्र-छात्राओं को बताया कि नशे की लत से कैसे बचें

**बरेली।** नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एवं नशीले पदार्थो के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, पीलीभीत बाईपास में जन जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने की। नशा मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत हस्ताक्षर अभियान का प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती वंदना से किया गया, जिसके उपरान्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता तथा रील्स प्रतियोगिता एवं स्किट परफार्मेंस का आयोजन किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा करने के दुरुपयोग से बचने के लिए निदेशक, मानसिक अस्पताल बरेली से डॉ सी पी मल्ल द्वारा नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया गया।पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को नशे की लत से बचने एवं बचाव से अवगत कराया। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने छात्रों को अवगत कराया कि वह खुद प्रेरित होकर नशे से दूर रहें तथा समाज में परिवर्तन के कारक बने। उन्होंने उपस्थित समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राओं को नशे न करने की शपथ दिलाई। अन्त में संकल्प नशा उन्मूलन संस्थान, संजयनगर के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।कार्यक्रम में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादूर सिंह, एस0पी0 सिटी राहुल भाटी, उप निदेशक समाज कल्याण अधिकारी अजय वीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला मद्य निषेध अधिकारी मनोज कुमार, जिला मानसिक चिकित्सालय डॉ0 सी0पी0 मल, साइकैटरिस्ट नाजनीन आलम, प्रबन्धक राजेन्द्र अग्रवाल एवं स्टाफव छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।



### ऑन लाइन ट्रेडिंग के विरोध में प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी।** ऑन लाइन ट्रेडिंग के विरोध में प्रधान मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन आज जिला अधिकारी लखीमपुर को दिया गया। जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि देश के 7 करोड़ व्यापारी 35 करोड़ से अधिक लोगो के लिए रोज़गार का सृजन करते है। ऑन लाइन ट्रेडिंग से ये संख्या सिमट कर कुछ लाख में रह जाती हैए तथा सरकार को कई बिंदुओं पर राजस्व का लाभ नहीं मिल पाता है। इसके बाद उद्योग बंधु की बैठक में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के नाम रेल से सम्बंधित ज्ञापन जिसमे रेल रुट को पीलीभीत से जोड़ने व इस रुट पर ट्रैन बढ़ाये जाने की मांग की थी। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधियों में संजय अग्रवालए अशोक गुप्तए प्रकाश गुप्तए मीनू गुप्ता, रश्मि महेंद्र, रूपाली शुक्ला, सुमित मिश्र, शशांक वैश्य, आशीष अग्रवाल, अर्जित अग्रवाल, माला शास्त्री आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आकर पिता पुत्रों की मौत

**बरेली ।** टोल प्लाजा के पास कार रोकने के बाद फास्ट ट्रेक रिचार्ज कराने जा रहे एक व्यक्ति और उसके दो पुत्रों की ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी। पंजाब के पटियाला निवासी परमजीत सिंह उसके 14 वर्षीय बेटे सरबजीत सिंह और 12 वर्षीय अंश की बीती रात लगभग 10 बजे फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि परमजीत सिंह पिछले दिनों बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में रहने वाले रोडवेज के पास स्थित प्रीति पैलेस होटल के मालिक सुरेंद्र सिंह चड्डा की बेटी अमनदीप कौर के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पत्नी बिट्टू और मौसेरे भाई एसआई हरप्रीत के साथ शामिल होने के लिए आए थे विवाह समारोह के अगले दिन सभी लोग कार से उत्तराखंड स्थित नानकमत्ता गुरुद्वारा में मत्था टेकने गए थे और कल शाम वहां से लौटने के बाद सभी लोग कैंट निवासी सुरेंद्र सिंह के भाई सतवंत सिंह चड्ढा के घर वापस आने के बाद खाना खाकर पटियाला जाने के लिए चले थे। रात में लगभग 10 बजे जब उनकी कार फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा के पास पहुंची तो परमजीत फास्ट ट्रेक रिचार्ज कराने के लिए सड़क पार करने लगे, इसी दौरान अचानक तेजी से आ रहे ट्रक ने परमजीत सिंह और उनके दो बेटों को जोरदार टक्कर मार दी। बेकाबू ट्रक ने फिर कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में बैठे दोनों लोगों को भी मामूली चोट आई। टक्कर के बाद ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। ट्रक की चपेट में आए तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक व परिचालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना के शिकार सभी लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे और ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी।

### पत्ते बेचने जा रहे ग्रामीण की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** बकरीद से पहले लगने वाले बकरों के बाजार में गूलड़ के पत्ते बेचने के लिए साइकिल से जा रहे एक ग्रामीण को रास्ते में ही मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । कैंट थाना क्षेत्र के गांव क्यारा निवासी 50 वर्षीय राम सिंह पुत्र वीरपाल कि बीती रात लगभग 9 बजे क्यारा बाजार के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राम सिंह कल रात लगभग 9 बजे बारादरी थाने से कुछ ही दूरी पर शाहदाना चौराहा के पास बकरीद के अवसर पर लगने वाले बकरों के बाजार में गूलड के पत्ते बेचने के लिए साइकिल पर घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद बाजार में पहुंने पर तेजी से आ रहे एक मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की जानकारी राम सिंह के घर वालों को दी जो तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक 6 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम प्रतिमा है ।

### ग्राम प्रधान ने बागवानी व वृक्षारोपण किए बिना निकाला धन

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जनक जागीर ब्लाक फतेहगंज पश्चिमी, के ग्राम वासियो ने मंगलवार को ग्राम प्रधान व सचिव ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) के द्वारा बागवानी व वृक्ष रोपण किये बगैर निकाले 6,66,109 रूपये की रिकवरी की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन दिया। वीरपाल ने कहा कि ग्राम प्रधान सुनीता देवी व सचिव जनक जागीर ने बागवानी व वृक्ष रोपण किये बगैर ही सरकारी धनराशि को कूट रचित दस्तावेज तैयार कर हड़प लिया थी जिसकी शिकायत की थी। शिकायती पत्र की जाँच कराकर डीएम ने ग्राम प्रधान सुनीता देवी व सचिव जनक जागीर को धनराशि रिकवरी हेतु आदेश पारित किये गये है, रिकवरी के आदेश का प्रकाशन 06 जनवरी 2023 को हुआ था लेकिन अभी तक ग्राम प्रधान व सचिव से 6,66,109/- रूपये की रिकवरी नहीं हो सकी है। वीरपाल ने कहा कि ग्राम प्रधान सुनीता देवी व सचिव जनक जागीर से रिकवरी करायी जाये व इन लोगों के वित्तीय अधिकार भी सीज किये जाने आवश्यक है। वीरपाल गांव वालों के साथ इससे पूर्व भी प्रार्थना पत्र दे चुका है परन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए भोले के भक्तों का जत्था हुआ रवाना

**संवाददाता।** बरेली

**फरीदपुर** नगर ग्रामीण क्षेत्रों से आए भोले के भक्त आज भूत भावन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए रवाना हुआ हुए । आपको बताते चलें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के भक्तों का जत्था बड़ी संख्या में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। सुनील गुप्ता मोबिआयल वालो के पद चिन्हों पर 21वीं अमर नाथ यात्रा 27 जून शाम 5रू00 शुभ मुहूर्त में भगवान भोले के भक्त महादेव की जय जय कार करते हुए, हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए, भूखे को अन्न प्यासे को पानी जय हो बाबा अमरनाथ बर्फानी की जय जय कार लगाते हुए टैम्पो द्वारा रामपुर तक यात्रा करेंगे एवं रामपुर से गरीब रथ ट्रेन के द्वारा जम्मूतवी रेलवे स्टेशन तक की यात्रा को तय करेंगे तत्पश्चात मां बैष्णो देवी के दर्शन के पश्चात बाबा बर्फानी के दर्शन कर सभी श्रद्धालु अपने निज निवास स्थान को वापस आएंगे। दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का रुकमणी गुप्ता पत्नी गोपाल गुप्ता ने भोले की फौज को यात्रा की मंगल कामना करते हुए रवाना किया। एवं वार्ड नंबर 5 की सभासद रानी यादव पत्नी संजीव यादव दन्नु भाई ने सभी भक्तजनों को मिठाई खिलाकर रवाना किया। जत्थे में आचार्य संजीव कुमार मिश्रा, संजू गुप्ता, मुनीष पाल यादव , सुरेश मौर्य, अखिलेश मिश्रा, आकाश सक्सेना, सुमित गुप्ता, जय विक्रांत, भगवानदास मौर्य, नवरंग चाट भंडार मुरारी लाल कश्यप, प्रमोद गुप्ता, कपिल वर्मा, अचिन शर्मा एडवोकेट कजरौटा, महेश चंद्र शाहपुरा वाले, केशव सिंह यादव, पी आर जैन्त, अजय गुप्ता, विनोद राठौर, नन्हे गुप्ता नवीगंज, विक्रांत सिंह, हरि प्रताप सिंह, एकता सिंह सहित 48 शिव भक्त बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना हुए।

# शासन से तिलहर इंस्पेक्टर पर कार्रवाई का फरमान हुआ जारी

**● जन सुनवाई में शिकायतों पर लापरवाही मिलने पर डीएम थे नाराज**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने कोतवाली तिलहर के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा की जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों व शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में घोर लापरवाही के चलते कई नोटिस जारी किए ताकि उनकी कार्यशैली बेहतर हो सके।लेकिन कई नोटिस जारी होने के बाद भी जब इंस्पेक्टर की कार्यशैली में कोई परिवर्तन नही हुआ तो डीएम ने उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी।जिसके बाद आज शासन ने कोतवाली तिलहर इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा को जनपद से बाहर स्थान्तरित करने व अनुशासनिक कार्यवाही करने के एडीजी स्थापना व एसपी शाहजहांपुर को आदेश जारी किया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर द्वारा बरती जा रही अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता तथा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों व शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में घोर लापरवाही बरतने,निस्तारित की गयी शिकायतों की समीक्षा के दौरान अत्यधिक असन्तुष्ट फीडबैक प्राप्त होने के परिप्रेक्ष्य में अंतिम नोटिस प्रदान करते हुये कार्यप्रणाली में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये गये थे तथा चेतावनी जारी करते हुये भविष्य हेतु सचेत किया गया था किन्तु इनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नही हुआ। डीएम ने शासन को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया था। शासन ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर को जनपद शाहजहाँपुर से स्थानान्तरित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना लखनऊ एवं पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर को दिये।

# युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी



**क़स्बे** के एक वार्ड में एक सिरफिरे ने लड़की को बदनाम करने की साजिश रच डाली। आरोपी ने युवती के आपत्तिजनक पोस्टर दीवारों में चस्पा किए थे। इस प्रकरण में पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। मामला सिंगाही क़स्बे के एक वार्ड का है प्राथमिक विद्यालय की दीवार व अन्य जगहों पर लड़की के मोबाइल नंबर के साथ आपत्तिजनक फोटोग्राफ दीवारों पर चिपकाए गए थे। उसे बदनाम करने की घिनौनी साजिश रची गई थी। आपत्तिजनक पोस्टर को राहगीरों ने देखा। इसके बाद पोस्टर की खबर हर तरफ फैल गई। इसके बाद लडक़ी के मोबाइल पर अंजान नंबरों से लगातार कॉल आ रही हैं। इससे शर्मसार लड़की और उसके घरवाले बाहर निकलने से भी कतरा रहे थे। लड़की और उसके परिजनों को जब इस बात की भनक लगी तो उन्होंने तत्काल लड़के के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि प्रदीप मौर्या ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो बनाई। आपत्तिजनक पोस्टर को दीवार पर चिपका कर बदनाम करने की साज़िश रची। घटना के बाद से ही उनका परिवार तनाव में है। पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। मामला सोशल मीडिया तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने आनन फानन में पास्को एक्ट न लगाकर खानापूर्ति करते हुए चरित्र हनन के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# जन सुनवाई दिवस में छह शिकायतों में से तीन का मौके पर निपटारा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन-सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र के लोगों ने जन-सुनवाई दिवस में सम्मिलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी दिक्कतों को अधिकारी को बताया। जन-सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की ससमय निस्तारण करने का फरमान सुनाया। कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर जनता में विश्वास पैदा करें। इस मौके पर नगर वासियों से कहा कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहॉपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन-सुनवाई दिवस में रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन-सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेष कुमार सोनकर, सहायक अभियंता सिविल विपुल कुमार एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# ऑनलाइन व्यापार से व्यापारी परेशान पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ऑनलाइन बिक्री से देश के सात करोड़ व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है। तमाम कंपनी की साइट से ऑनलाइन कपड़े की बिक्री करके उसके माध्यम से देश का सारा पैसा अमेरिका समेत तमाम देशों में जा रहा है।देश का 7 करोड़ खुदरा का व्यापार करने वाला व्यापारी पीछे जा रहा। ऐसे में ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाकर कपड़े का खुदरा व्यापार करने वाले व्यापारियों को बढ़ावा देना चाहिए। छोटे व्यापारी अपने दुकान पर कपड़ा बेचते हैं। ऐसे में वही दुकानदार तमाम अन्य लोगों को अपनी दुकान पर नौकरी देकर उनके परिवार के पालन-पोषण में सहारा बनते हैं। जब से ऑनलाइन बिक्री का चलन ज्यादा हुआ है। तब से खुदरा व्यापारी को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।अध्यक्ष सचिन ने कहा कि ऑनलाइन बिक्री बढ़ जाने से जिस दुकान पर दस लड़के काम करते थे। आज उस दुकान पर सिर्फ तीन रह गए हैं। सारा पैसा अमेरिका की बड़ी कंपनियों के माध्यम से अमेरिका जा रहा है। उन्होंने पीएम से अपील की है कि ऐसी पालिसी बनाए। जिससे खुदरा व्यापार को बढ़ावा मिले और सरकार को टैक्स भी पूरा मिले। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इफको से नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक की बड़ी खेप सूरीनाम देश रवाना

**संवाददाता।** बरेली



**विश्व** की विशालतम किसानों की सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड, (इफको) आंवला संयंत्र से नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक की बड़ी खेप के आज दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के सूरीनाम देश रवाना हुई। भारत निर्मित विश्व के पहले इफ्फको नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक की मांग विश्व में भी बढ़ रही है। नवनिर्मित नैनो यूरिया आंवला संयंत्र से 500(एम.एल) की इफ्फको नैनो यूरिया (तरल) 19440 बोतलों की पहली खेप रवाना की गई। आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने इस शुभ अवसर पर नारियल तोड़कर ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इफ्फको टीम को हार्दिक बधाई देते हुए श्री राकेश पुरी जी ने कहा नैनो यूरिया( तरल) की मांग भारत ही नहीं अब विश्व स्तर पर बढ़ रही है । इससे भारत की अर्थव्यवस्था और देश के किसान की उन्नति का रास्ता और आसान हो जाएगा । इफ्फको आंवला संयंत्र से 810 बॉक्स में नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक की बोतलों से भरा ट्रक गुजरात के मुन्द्रा बंदरगाह पहुंचेगा और वहां से जल मार्ग द्वारा जहाज दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के सूरीनाम स्थित बंदरगाह (पारामारिबो पोर्ट ) पहुंचेगा और वहां से नैनो यूरिया सूरीनाम कंट्री तक पहुंचेगा। इस यादगार पल के दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक एस.सी गुप्ता, महाप्रबंधक वेंकट एस.के, नैनो यूरिया (तरल )उर्वरक के संयुक्त महाप्रबंधक मुकेश खेतान, पी.वी.के शास्त्री, सत्यजीत प्रधान, आर के शर्मा, नीरज राजेश, हीरालाल, प्रदीप शर्मा सहित अधिकारी संघ के महामंत्री अनिल दुबे, अध्यक्ष शिशिर यादव कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुदामा यादव एवं महामंत्री जितेन्द्र कुमार,सुशील कुमार सिंह,केवी शर्मा ,आशीष गुप्ता, एस चौहान उपस्थिति रहे।

# निष्फल विद्रोह दुश्मनों के इशारे पर किया गया : पुतिन

भाषा। मॉस्को



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को सप्ताहांत के निष्फल विद्रोह (पुतिन की सत्ता के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा) को लेकर इसके आयोजकों पर बरसते हुए उन्हें गद्दार करार दिया और कहा कि वे यूक्रेनी सरकार और इसके सहयोगियों के इशारे पर काम कर रहे थे। आधी रात को टेलीविजन पर पांच मिनट के अपने संबोधन में पुतिन ने सख्त लहजे में अपनी बात कही। इस दौरान वह थके हुए दिख रहे थे। उन्होंने एक और संकट को रोकने के लिए विद्रोह को बढ़ावा देने वालों की आलोचना करने और बड़ी संख्या में निजी सैनिकों और उनके कट्टर समर्थकों को नाराज ना करने के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, जिनमें से कुछ स्थिति को संभालने के क्रेमलिन के तरीके से नाराज हैं। पुतिन ने निजी सैन्य समूह वैग्नर द्वारा घोषित सशस्त्र विद्रोह के 24 घंटे से भी कम समय में समाप्त होने के बाद एकजुटता दिखाने के लिए सोमवार को राष्ट्र का आभार व्यक्त किया। विद्रोह की समाप्ति के बाद अपने पहले बयान में पुतिन ने वैग्नर के उन लड़ाकों का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने हालात को और बिगड़ने और खूनखराबे में तब्दील होने से रोका। उन्होंने कहा कि देश और उसके लोगों को बगावत से बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए थे। पुतिन ने विद्रोह के लिए रूस के दुश्मनों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने गलत आकलन किया था। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का कार्यालय) ने अधिकारियों द्वारा सोमवार को जारी एक वीडियो के जरिए देश में स्थिरता व्याप्त होने का प्रदर्शन करने की कोशिश की। इस वीडियो में रूस के रक्षा मंत्री यूक्रेन में सुरक्षा बलों का जायजा लेते नजर आ रहे हैं। वहीं, वैग्नर प्रमुख एवगेनी प्रीगोझिन ने कहा कि वह तख्तापलट की कोशिश नहीं कर रहे थे, बल्कि अपने निजी सैन्य समूह को तबाह होने से बचाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने एक बयान में कहा, हमने एक अन्याय के चलते अपना मार्च शुरू किया था। प्रीगोझिन ने यह नहीं बताया कि वह अभी कहां हैं और उनकी आगे की क्या योजना है। वैग्नर प्रमुख और रूस के सैन्य अधिकारियों के बीच तनातनी पूरे युद्ध के दौरान जारी रही, जो सप्ताहांत में विद्रोह में बदल गई, जब समूह के लड़ाके दक्षिणी रूस के एक अहम शहर में सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने के लिए यूक्रेन से रवाना हुए। वे किसी अवरोध का सामना किए बगैर मॉस्को की तरफ कूच करने लगे। हालांकि, एक कथित समझौते के तहत उनका विद्रोह 24 घंटे से भी कम समय में समाप्त हो गया। क्रेमलिन ने कहा था कि उसने प्रीगोझिन के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत वह और समूह के लड़ाके निर्वासन में बेलारूस जाएंगे तथा उनके खिलाफ कोई अभियोग नहीं चलाया गया। सोमवार तक प्रीगोझिन के बारे में कोई पुष्टि नहीं हो पाई थी, लेकिन एक लोकप्रिय रूसी समाचार चैनल ने संचार ऐप टेलीग्राम पर बताया कि वैग्नर प्रमुख बेलारूस की राजधानी मिन्स्क के एक होटल में हैं। पुतिन ने प्रीगोझिन का नाम लेने से गुरेज करते हुए कहा कि विद्रोह के आयोजकों ने समूह के निजी सैनिकों को अपने ही सैनिकों को गोली मारने के लिए मजबूर करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि रूस के दुश्मनों को उम्मीद थी कि विद्रोह रूस को विभाजित और कमजोर कर देगा, लेकिन उन्होंने गलत अनुमान लगाया। इस विद्रोह पर पश्चिमी देशों के अधिकारी मौन हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि इसमें अमेरिका और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शामिल नहीं था और इससे अमेरिका का लेनादेना नहीं है। कई रूसी शहरों में वैग्नर कार्यालय सोमवार को फिर से खुल गए हैं और कंपनी ने सैनिकों की भर्ती फिर से शुरू कर दी है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यूक्रेन ने बाखमत के आसपास बढ़त हासिल कर ली है। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि उसने अपने देश के दक्षिण पूर्व में स्थित गांव रिवनोपिल को दोबारा अपने अधिकार में ले लिया है।

## रूस ने सशस्त्र विद्रोह में शामिल वैग्नर प्रमुख प्रीगोझिन, उनके लड़ाकों पर से आरोप वापस लिए

**भाषा। मॉस्को।** रूसी अधिकारियो ने मंगलवार को कहा कि उन्होने निजी सेना वैग्नर के प्रमुख एवगेनी प्रीगोझिन के नेतृत्व मे हुए विफल सशस्त्र विद्रोह के मामले मे आपराधिक जांच बंद कर दी है। अधिकारियो ने यह भी कहा कि प्रीगोझिन और विद्रोह मे शामिल अन्य लड़ाको के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप भी हटा लिए गए है। संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने कहा कि उसकी जांच से पता चला है कि बगावत मे शामिल लोगो ने अपराध को अंजाम देने के इरादे से की जाने वाली गतिविधियां बंद कर दी है , इसलिए मामले को आगे नही बढ़ाया जाएगा। प्रीगोझिन द्वारा ऐलान किए जाने के बाद यह बगावत 24 घंट से भी कम समय तक चली थी। यूक्रेन मे 16 महीने से जारी युद्ध के बीच रूस की सत्ता पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पकड़ पर सबसे बड़ा खतरा पैदा करने वाली सिलसिलेवार घटनाओ मे यह एक नई कड़ी थी।पुतिन ने प्रीगोझिन द्वारा सशस्त्र विद्रोह के ऐलान के बाद उन्हे और उनकी निजी सेना के लड़ाको को देशद्रोही करार दिया था। लेकिन पिछले सप्ताहांत वैग्नर प्रमुख के मॉस्को कूच की योजना को वापस लिए जाने के बाद क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) ने प्रीगोझिन और उनके लड़ाको के खिलाफ कोई अभियोग नही चलाने का फैसला किया था। रूस मे सशस्त्र विद्रोह करने के आरोप मे 20 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

## क्विक न्यूज

### चीन ने मुझे आधिकारिक यात्रा पर आने का न्योता दिया है : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि उन्हें चीन की ओर से आधिकारिक यात्रा का न्योता मिला है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी यात्रा कब होगी। इजराइली नेता ने यात्रा पर आए अमेरिकी सांसदों के साथ बैठक के दौरान यह घोषणा की। चीन का यह न्योता ऐसे वक्त आया है जब कम्युनिस्ट देश क्षेत्र में अपना कूटनीतिक प्रभाव बढ़ाना चाहता है और अमेरिका के बाइडन प्रशासन तथा नेतन्याहू की अति-राष्ट्रवादी सरकार के बीच तनाव अपने चरम पर है। नेतन्याहू के कार्यालय का कहना है कि चीन की यह प्रस्तावित यात्रा बतौर प्रधानमंत्री उनकी चौथी यात्रा होगी। उसका कहना है कि उसने इस न्योते के संबंध में अमेरिका के बाइडन प्रशासन को पिछले महीने ही सूचित कर दिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यात्रा की संभावित तिथि के संबंध में टिप्पणी करने से मना कर दिया है। चीन ने हाल के महीनों में मध्य एशिया की कूटनीति में बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।

### भारत के खिलाफ धमकी के लिए श्रीलंका को आधार के तौर पर इस्तेमाल नहीं होने दूंगा: विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि उनके देश का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किसी भी धमकी या खतरे के लिए आधार (सैन्य अड्डे) के तौर पर नहीं करने दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं है और यह द्वीपीय देश तटस्थ बना हुआ है। विक्रमसिंघे ब्रिटेन और फ्रांस की सरकारी यात्रा पर हैं और उन्होंने फ्रांस के सरकारी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। फ्रांस 24 के साथ साक्षात्कार के दौरान विक्रमसिंघे ने कहा, हम तटस्थ देश हैं लेकिन इस बात पर बल देते हैं कि हम श्रीलंका का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किसी धमकी के लिए आधार के तौर पर नहीं करने दे सकते है। श्रीलंका मे चीन की सैन्य उपस्थिति की धारणा के बारे मे पूछे गए एक सवाल के जवाब मे राष्ट्रपति ने कहा कि चीनी करीब 1500 साल से देश मे है लेकिन अबतक कोई सैन्य आधार (अड्डा) नही है। विक्रमसिंघे ने दृढता के साथ कहा कि इस द्वीपीय देश का चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नही है। उन्होंने कहा, कोई सैन्य समझौता होगा भी नही...। राष्ट्रपति ने कहा कि चीनियो द्वारा दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा के सैन्य इस्तेमाल का कोई मुद्दा ही नही है। इसे चीन ने 2017 मे कर्जे के बदले 99 साल के पट्टे पर लिया था।

### टेक्सास हवाई अड्डे के कर्मचारी ने विमान के इंजन में घुसकर आत्महत्या की थीः चिकित्सा परीक्षक

ह्यूस्टन। अमेरिकी राज्य टेक्सास मे एक हवाई अड्डे के कर्मचारी की यात्री विमान के इंजन मे फंसने से हुई दर्दनाक मौत को स्थानीय चिकित्सा परीक्षक ने आत्महत्या करार दिया है। स्थानीय मीडिया संस्थान केईएन 5 की खबर के अनुसार, बेक्सर काउंटी चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने सोमवार को कहा कि डेविड रेनर (27) की मौत इंजन की चपेट मे आकर शरीर के कटने-फटने के कारण हुई। खबर मे कहा गया है कि चिकित्सक कार्यालय ने इसे आत्महत्या करार दिया। कर्मचारी की मौत स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजकर 25 मिनट पर हुई, जब डेल्टा एयरलाइन्स का एक विमान लॉस एंजिलिस से सैन एंटोनियो (टेक्सास) पहुंचा ही था।

### के-पॉप का फाइनल कोरिया में जाएंगे फाइनलिस्ट

**नई दिल्ली।** कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया (केसीसीआई) एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023 का आयोजन कर रहा है। लखनऊ में आयोजित हुआ कॉन्टेस्ट का रीजनल राऊंड जिसमे 27 टीमों ने हिस्सा लिया (14 वोकल और 13 डांस)7 वहा मौजूद के-पॉप प्रशंसकों ने प्रतियोगियों का उत्साह बहुत खूब बढ़ाया। इस साल पूरे भारत से 11,071 टीमें भाग ले रही हैं जो अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी रही है7 यह आयोजन लगभग छह महीने में पूरी होगी जिसे चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है, ऑनलाइन, रीजनल राउंड, सेमी-फाइनल और ग्रैंड फिनाले। ऑनलाइन क्वालिफायर राउंड 26 अप्रैल से 13 मई तक आयोजित किया गया था जिसमें पूरे भारत से 11,071 टीमों ने भाग लियाऽ ऑनलाइन राऊंड से चयनित प्रतिभागी 11 शहरों में आयोजित हुए रीजनल राउंड में भाग लिया। फाइनल जीतने वाले विजेता को पुरस्कार के तौर पर कोरिया का दौरा कराया जाएगा। दिल्ली सेमी फाइनल और फाइनल राउंड दोनों की मेजबानी करेगा। इवेंट का फाइनल राउंड कोरिया के प्रसिद्ध के-पॉप कलाकार बैंड के साथ जी 20 शिखर सम्मेलन का जश्न मनाने के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल-योंग ने कहा,कि के-पॉप सिर्फ कोरियाई पॉप सॉन्ग नहीं है, बल्कि दुनिया भर के लोगों को जोड़ने का एक माध्यम बन गया है। भारत में भी कई ऐसे युवा हैं जो के-पॉप को पसंद करते हैं और इसमें टैलेंटेड हैं। हम एक ऐसा मंच बनाना चाहते हैं।

## उत्तरी-पश्चिमी पाकिस्तान में हुई सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी-पश्चिमी इलाके मे तीव्र गति से चल रही एक वैन के छोटी नदी मे गिरने से कम से कम छह लोगो की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि मरने वालो मे दो बच्चे भी शामिल है। बिशम से कोहिस्तान जिले के कोलाई पलास जा रही यात्री वैन के चालक ने पहाड़ी रास्ते पर एक खतरनाक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बचाव दल के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना मे दो बच्चो और एक महिला समेत कम से कम छह लोगो की मौत हुई है जबकि चार अन्य घायल हुए है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, घायलो को तुरंत पाटन अस्पताल ले जाया गया।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री हिप्किंस ने चीन से आर्थिक संबंध बढ़ाने पर चर्चा की

**ताइपे।** न्यूजीलैड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किंस ने मंगलवार को बीजिंग मे चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के दौरान एशियाई देश के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने पर चर्चा की। हिप्किंस ने कहा कि शी के साथ उनकी बैठक मे चीन के अपने समकक्षो के साथ संबंधो के नवीनीकरण और न्यूजीलैड के आर्थिक सुधार का समर्थन करने के लिए नए संबंध बनाने मे मदद करने के मकसद से कारोबारो का समर्थन करके हमारे करीबी आर्थिक संबंधो की पुष्टि करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। हिप्किंस चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर है जो जनवरी मे प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनकी पहली यात्रा है।

## जैन मुनि आचार्य लोकेश को अमेरिकी प्रतिनिधिसभा ने सम्मानित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रतिनिधिसभा ने जैन मुनि आचार्य लोकेश को आधिकारिक मुहर और संसदीय प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया है। अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक जैन मुनि अमेरिका की एक महीने लंबी शांति और सौहार्द यात्रा पर थे। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जैन मुनि आचार्य लोकेश को वाशिंगटन में अमेरिकी प्रतिनिधिसभा ने आधिकारिक मुहर, संसदीय प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया है। सांसद जेफर्सन वान ड्रू ने दुनिया मे अहिंसा, शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के प्रयासो के लिए आचार्य लोकेश मुनि को सम्मानित किया।

## कार निर्माता कंपनी ऑडी के पूर्व प्रमुख धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराए गए

**बर्लिन।** जर्मनी की एक अदालत ने ऑडी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रूपर्ट स्टेडलर को कार निर्माता कंपनी के डीजल उत्सर्जन घोटाले के सिलसिले मे मंगलवार को धोखाधड़ी करने का दोषी ठहराया। स्टेडलर अवैध सॉफ्टवेयर की मदद से उत्सर्जन परीक्षणो मे धोखाधड़ी करने वाली कारो के मामले मे दोषी पाए गए सर्वोच्च पद के कार्यकारी अधिकारी बन गए है।

## चीन में भूस्खलन से चार लोगों की मौत, 900 लोगों को निकाला गया

**ताइपे।** चीन के सिचुआन प्रांत मे एक काउंटी मे भूस्खलन के बाद चार लोगो की मौत हो गई और तीन अन्य लोग लापता हो गए। प्राकृतिक आपदा के बाद अधिकारियों ने 900 से अधिक लोगो को निकालकर सुरक्षित स्थानो पर पहुंचाया। काउंटी के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, अचानक आई बाढ़ के कारण वेनचुआन काउंटी के मियांसी और वेइझोउ मे भूस्खलन हुआ। सरकारी मीडिया ने बताया कि मंगलवार तड़के हुए भूस्खलन के बाद 400 से अधिक बचावकर्मियो ने लापता लोगो की तलाश शुरू की।

# रूस में विद्रोह का नेतृत्व करने वाले प्रीगोझिन बेलारूस पहुंचेः लुकाशेंको



**मिन्स्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की कि निजी सैन्य समूह वैग्नर के प्रमुख एवगेनी प्रीगोझिन रूस में अल्पकालिक विद्रोह के बाद बेलारूस पहुंच गए हैं। बेलारूस में प्रीगोझिन के निर्वासन की घोषणा क्रेमलिन ने पहले उस समझौते के हिस्से के रूप में की थी, जिसने विद्रोह को समाप्त कर दिया था। लुकाशेंको ने मंगलवार को कहा कि पगोझिन बेलारूस आ गए हैं और वह एवं उनके कुछ सैनिक अपने खर्च परै कुछ समय के लिऐ बेलारूस में रहेंगे। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने निजी सेना के प्रमुख एवगेनी प्रीगोझिन के नेतृत्व में सशस्त्र विद्रोह की आपराधिक जांच बंद कर दी है और उनके या उनके सैनिकों के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। संघीय सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसकी जांच से पता चला है कि बगावत में शामिल लोगों ने अपराध को अंजाम देने के इरादे से की जाने वाली गतिविधियां बंद कर दी हैं , इसलिए मामले को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। प्रीगोझिन द्वारा ऐलान किए जाने के बाद यह बगावत 24 घंटे से भी कम समय तक चली थी। यूक्रेन में 16 महीने से जारी युद्ध के बीच रूस की सत्ता पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पकड़ पर सबसे बड़ा खतरा पैदा करने वाली सिलसिलेवार घटनाओं में यह एक नई कड़ी थी। पुतिन ने प्रीगोझिन द्वारा सशस्त्र विद्रोह के ऐलान के बाद उन्हें और उनकी निजी सेना के लड़ाकों को देशद्रोही करार दिया था, लेकिन पिछले सप्ताहांत वैग्नर प्रमुख के मॉस्को कूच की योजना को वापस लिए जाने के बाद क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) ने प्रीगोझिन और उनके लड़ाकों के खिलाफ कोई अभियोग नहीं चलाने का फैसला किया था। रूस में सशस्त्र विद्रोह करने के आरोप में 20 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। हालांकि, प्रीगोझिन का अभियोग से बचना एक दुर्लभ घटना है, क्योंकि क्रेमलिन बागियों और सरकार-विरोधी प्रदर्शनों में शामिल लोगों से बहुत सख्ती से निपटने के लिए जाना जाता है। प्रीगोझिन (62) कहां है, वह मंगलवार को भी एक रहस्य बना रहा। क्रेमलिन ने कहा है कि प्रीगोझिन को पड़ोसी देश बेलारूस में निर्वासन में भेजा जाएगा।भारत ने बीजिंग में एससीओ सचिवालय में नई दिल्ली भवन का उदघाटन कियाबीजिंग। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को यहां एससीओ सचिवालय में नई दिल्ली भवन का उद्घाटन किया और इसे मिनी इंडिया करार देते हुए कहा कि इससे देश की संस्कृति की बेहतर समझ विकसित होगी। भारत की अध्यक्षता में अगले महीने होने वाले एससीओ सम्मेलन से पहले जयशंकर ने इस भवन का उद्घाटन किया है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में चीन, रूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं। इसका सचिवालय बीजिंग में स्थित है।

## रूस ने यूक्रेन में हिरासत में लिए गए लोगों पर अत्याचार किएः संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि रूस के सैनिकों ने यूक्रेन पर हमले के संबंध में हिरासत में लिए गए नागरिकों का व्यापक और व्यवस्थित तरीके से उत्पीड़न किया है। संस्था ने सैकड़ों पीड़ितों और गवाहों का साक्षात्कार लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें 900 से अधिक मामलों को विवरण दिया गया है। इन लोगों को युद्ध के दौरान रूस ने मनमाने ढंग से हिरासत में लिया है, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। यूक्रेन में स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रमुख मातिल्डा बोगनर ने कहा कि साक्षात्कार देने वाले ज्यादातर लोगों ने बताया कि रूसी सैनिकों की हिरासत के दौरान उनपर अत्याचार हुआ और कुछ मामलों में यौन उत्पीड़न किया गया। बोगनर ने कहा, यह अत्याचार इसलिए किया गया ताकि पीड़ित यह कबूल करें कि वे यूक्रेनी सशस्त्र बलों की मदद कर रहे हैं। इन लोगों को कब्जा करने वालों की सहायता करने के लिए मजबूर किया गया। साथ ही यूक्रेन समर्थक विचार रखने वालों को धमकाया गया। इस रिपोर्ट में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद मई 2023 के पश्चात 15 महीने का विवरण दिया गया है। इसमें यूक्रेनी सुरक्षा बलों द्वारा मनमाने ढंग से लोगों को हिरासत में लेने के 75 मामलों का भी जिक्र किया गया है।

## मेटा ने इंस्टाग्राम पर अभिभावकों की निगरानी के नए तरीके शुरू किए

**न्यूयॉर्क।** इंस्टाग्राम और फेसबुक की मूल कंपनी मेटा अपने मंचों पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अभिभावकों की मदद के लिए कुछ नए निगरानी टूल और निजता संबंधी विशेषताएं जोड़ रही है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया कंपनियां किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को लेकर जांच-पड़ताल के दायरे में आ रही हैं और वे बच्चों पर निगरानी के नए तरीके अपना रही हैं। इनमें अनेक निगरानी विशेषताओं को अपनाने के लिए बच्चों और उनके माता-पिता की स्वीकृति जरूरी है और इस कारण से सवाल उठ रहे हैं कि ए कितने कारगर हैं। उदाहरण के लिए इंस्टाग्राम पर किशोर अब किसी को ब्लॉक करेंगे तो उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य है कि बच्चों के माता-पिता उनके खातों पर नजर रख सकेंगे। अगर किशोर इस विशेषता को अपनाते हैं तो नई प्रणाली के तहत उनके माता-पिता सोशल मीडिया के उपयोग की समय-सीमा तय कर सकते हैं, देख सकते हैं कि उनके बच्चे किसे फॉलो कर रहे हैं और कौन उन्हें फॉलो कर रहा है। उन्हें यह भी जानकारी मिलती है कि बच्चे इंस्टाग्राम पर कितना वक्त बिता रहे हैं। हालांकि, इसके जरिए माता-पिता बच्चों के संदेशों की विषयवस्तु नहीं जान सकते। इंस्टाग्राम ने पिछले साल माता-पिता की निगरानी वाली नई विशेषता को जोड़ा था। मेटा ने इस बारे में कोई आंकड़ा नहीं बताया है कि अब तक कितने किशोरवय बच्चों ने इस प्रणाली को अपनाया है। इस तरह की निगरानी की व्यवस्था में माता-पिता जान सकते हैं कि उनके बच्चे के कितने ऐसे दोस्त हैं जिन्हें वह समान रूप से फॉलो करता है।

# पाक में चुनाव के मुद्दे पर नवाज शरीफ और जरदारी के बीच यूएई में हुई बैठक

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की संयुक्त अरब अमीरात में कथित तौर पर बैठक हुई है। यह दावा मंगलवार को मीडिया में आई एक खबर में किया गया। द डॉन न्यूज की एक खबर के अनुसार शरीफ और जरदारी ने यह बैठक पाकिस्तान में अगले आम चुनावों के समय और भविष्य की व्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी पर चर्चा करने के लिए की। डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी के बीच यह बैठक सोमवार दोपहर दुबई में हुई। इसके अनुसार यह बैठक कार्यवाहक व्यवस्था के लिए नामों को अंतिम रूप देने और इसको लेकर आम सहमति बनाने के लिए हुई कि दोनों साझेदारों के अगला चुनाव जीतने की स्थिति में किसे कौन सा प्रमुख पद मिलेगा। उल्लेखनीय है कि दोनों दल देश में वर्तमान समय में सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) में भागीदार हैं।समाचार पत्र की खबर में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है, संघीय सरकार के दो मुख्य गठबंधन सहयोगियों के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संयुक्त अरब अमीरात में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अगले आम चुनावों को लेकर अनिश्चितता जल्द ही समाप्त हो सकती है। अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि यह निर्णय लिया गया कि पीएमएल-एन के नवाज शरीफ और पीपीपी के जरदारी इन मुद्दों पर ँनिचले स्तर परै लंबी चर्चा के बजाय ँसीधे बातै करेंगे।

## सिंगापुर में भारतीय नागरिक को अपने ही देश के व्यक्ति का कान काटने पर जेल की सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे एक अदालत ने 37 वर्षीय भारतीय नागरिक को अपने ही देश के श्रमिक का एक कान काटने पर पांच महीने जेल की सजा सुनाई गई है और उस पर एक हजार सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। चैनल न्यूज एशिया ने सोमवार को बताया कि पेशे से निर्माण श्रमिक तमिलनाडु के मनोहर शंकर अन्य श्रमिको के साथ सिंगापुर के वर्कर्स अपार्टमेंट मे रह रहा था। शंकर ने 19 मई, 2020 को अपार्टमेंट की छत पर शराब पी जहां पीड़ित श्रमिक भी था। लेकिन शंकर 47 वर्षीय भारतीय श्रमिक (जिसका नाम नही बताया गया) को बिना किसी उकसावे के डांटने लगा और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। पीड़ित ने शंकर को टोका तो दोनो एक-दूसरे से झगड़ने लगे और नीचे गिर गए। इसी दौरान शंकर ने पीड़ित के बाएं कान को दांत से काट लिया। अदालत ने शंकर को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। अस्पताल के चिकित्सक ने कहा कि पीड़ित के कान के निचले भाग का दो सेंटीमीटर लंबा हिस्सा अब नही है। अभियोजक ने कहा कि पीड़ित का घाव भर गया है।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients **Shri Pradeep Sahni S/o Late O.P. Sahni and his wife Smt. Kiran Sahni,** have severed all their relations with their son **Sidhant Sahni.** Both of my above-named clients have also disowned and debarred his said son from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with Sidhant Sahni will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by Sidhant Sahni.

**Mansoor Ansari (Advocate)**
**B-43A, Kalkaji, New Delhi-110019**
**Phone No: - +91 97111 77423**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to public at large that my client Mr. Sunil Kumar who is the owner of Second Floor without roof/terrace rights ("Floor") Property bearing Pvt. No. 7, area measuring 98 sq. yards i.e. 81.93 sq. meters Part of Khasra NO. 504/2, Situated within Extended Abadi/Laldora of Village Burari, Delhi-110084 by virtue of Sale Deed dated 18.02.2022 executed by Smt. Shyamveeri. Smt. Shyamveeri was the owner through Sale Deed dated 01.12.2014 executed by Smt. Roshni Devi. That, Original Sale Deed dated 01.12.2014 executed by Smt. Roshni Devi in favour of Smt. Shyamveeri vide Doc. No. 10343, SRO- I, Delhi, Regd. On 01.12.2014 is lost and online F.I.R. has been lodged vide LR No:581298/2023 on 22.06.2023. Anyone who finds the same is requested to send to the below mentioned address.
If anyone misuses the same shall be liable under relevant provisions of the law of the land. If any person(s) has/have any claim upon the said property with respect to Ttle/ownership may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Mohd Khairul Hussain (Advocate)**
A-38, Kailash Colony, Khaitan & Khaitan
New Delhi-48, Mob.-8810391672

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Kunti Devi** w/o Mr. Santosh Kumar who is purchasing Vacant Plot No. 48, admeasuring 50 sq. yds. i.e. 41.8 sq. mtrs., out of Khasra No. 439, situated at Shiva Film City-9, Village Achheja, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar U.P. from **Mr. Anil** S/o Mr. Braham Singh, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 30.05.2022 (Document No. 19437), and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** That the Original Sale Deed dated09.11.2020 executed by Mr. Om Dutt Sharma HUF Karta of Mr. Om Dutt Sharma in favour of Mr. Vikash Kumar s/o Mr. Rakesh Singh (Document No.20908), is misplaced/lost. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Santosh Devi** who is purchasing the built up built-up Property bearing No.3895-A/13, area admeasuring 20.8 Sq. Yds., part of Plot No. 4, out of Khasra No.106/3, situated in the area of Village Chowkri Mubarkabad, Delhi State, colony knows as Kanhiya Nagar, Ganesh Pura, Tri Nagar, Delhi; from **Mrs. Prairna Jain** W/o Mr. Manish Jain, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed 03.05.2014, which is duly registered vide Document No.4879, at Sub-Registrar, VIA, Delhi; and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That the Sale Deed dated 31.10.2011, registered vide Document No.15,515, at Sub-Registrar, VIA, Delhi is Lost / Misplaced / Not available. An Information Report regarding lost of aforesaid document has been lodged on 26.06.2023 vide LR No. 592645/2023.To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/ creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

# एआई के बारे में चिंतित हैं? जानिए इससे निपटने का तरीका




## आपको एआई-व्यग्रता हो सकती है

भाषा। टोक्यो

**कई** भाषाओं में इंसानों की तरह बातचीत करने, संगीत बनाने और मेडिकल परीक्षा पास करने में सक्षम एआई तकनीक के हालिया तेज विकास से तकनीकी विशेषज्ञ भी आश्चर्यचकित हो गए हैं।हालांकि स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में एआई के संभावित लाभ वास्तव में प्रेरणादायक हैं, परिवर्तन की गति तेज है, और भविष्य के बारे में अभी भी बहुत अनिश्चितता है।यदि आप इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आने वाले वर्षों में एआई आपके करियर, आपकी गोपनीयता या आपकी सुरक्षा को कैसे प्रभावित कर सकता है, तो आप एआई-एंग्जाइटी का अनुभव कर रहे होंगे।एक मार्केटिंग एजेंसी द्वारा गढ़ा गया और सोशल मीडिया पर फैल रहा यह शब्द मानव रचनात्मकता और आविष्कारशीलता पर एआई के प्रभावों के बारे में असहज भावना का वर्णन करता है। चिंता विकार अक्सर अनिश्चितता और अस्पष्टता से निपटने में कठिनाई से संबंधित होते हैं। लोग न केवल जो मौजूद है उसके बारे में, बल्कि जो अज्ञात है उसके बारे में भी चिंतित महसूस करते हैं।

एआई-चिंता :यह एआई की क्षमता के बारे में अनिश्चितता की भावनाओं से उत्पन्न होती है, उदाहरण के लिए, नकली वीडियो बनाना और गलत सूचना फैलाना जो आबादी का ध्रुवीकरण करती है।

### 1. समझें कि एआई पहले से ही यहाँ मौजूद है

एआई तकनीक से परिचित न होने से इसके प्रति भय और चिंता की भावना उत्पन्न हो सकती है। इस बारे मे सोचने के लिए कि एआई पहले से ही हमारे जीवन का हिस्सा कैसे है, नए उपकरण जो समान एल्गोरिदम को नियोजित कर रहे है, उन्हे कम डराने वाला बना सकते है। उदाहरण के लिए, कई लोग आस-पास के रेस्तरां देखने या नेटफ्लिक्स की सिफारिशो के आधार पर फिल्म का चयन करने के लिए ऐप्पल के सिरी का उपयोग करते है। एआई डुओलिंगो के साथ नई भाषाएं सीखने या नए शहर मे नेविगेट करने के लिए गूगल मैप्स के उपयोग करने का भी हिस्सा है।

### 2. करियर की नई संभावनाओं के लिए तैयारी करें

यह लगभग तय है कि एआई अगली पीढ़ी के कार्यबल को प्रभावित करेगा। विश्व आर्थिक मंच की 2020 की एक रिपोर्ट मे भविष्यवाणी की गई है कि 2025 तक 8 करोड़ 50 लाख नौकरियो को एआई द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, जबकि एआई संभावित रूप से 26 देशो मे 9 करोड़ 70 लाख नई भूमिकाएँ उत्पन्न कर सकता है।लेकिन आप अपने वर्तमान या भविष्य के करियर मे एआई टूल्स का उनकी पूरी क्षमता से उपयोग करना सीखकर तैयारी कर सकते है।

### 3. एक ब्रेक लें:

यदि आप असहज महसूस करते है, तो डिजिटल डिवाइस बंद कर दें या स्क्रीन से ब्रेक लें। नए एआई टूल का उपयोग करने या सुर्खियाँ पढ़ने से आप चिंतित या अस्थिर महसूस कर सकते है। शोध मे पाया गया है कि गैर-कार्य संबंधी डिजिटल स्क्रीन का उपयोग कम करने से समग्र रूप से भलाई और मूड मे सुधार होता है। विडंबना यह है कि डिजिटल डिटॉक्स जैसे उपयोगी डिजिटल समर्थन उपकरण है, जो आपके स्क्रीन समय को कम करने मे आपकी सहायता कर सकते है।आप अपने ऑफ़लाइन जीवन को समृद्ध बनाने के लिए एआई या अन्य डिजिटल टूल का उपयोग करने मे भी सक्षम हो सकते है।

**4. विनियमन पर पढ़ें** :हालाँकि आपको अपना सारा समय इसके बारे मे पढ़ने मे नही लगाना चाहिए (टिप संख्या तीन को याद रखें), एआई विनियमन मे प्रगति के बारे मे सूचित रहना मददगार हो सकता है। पर्यावरण-चिंता के साथ, यह महसूस करना निराशाजनक हो सकता है कि सरकारें त्वरित कार्वाई नही कर रही है, लेकिन एआई-चिंता वाले लोग आश्वस्त हो सकते है कि कुछ सरकारें जोखिमो को गंभीरता से ले रही है।

## वार्लपिरी भाषा का नया अध्ययन बताता है कि कैसे बेबी टॉक छोटे बच्चों को बोलना सीखने में मददगार है

भाषा। मेलबर्न

**माता-पिता** और अन्य देखभालकर्ता आमतौर पर शिशुओं और छोटे बच्चों से बात करते समय अपने शब्दों में बदलाव करते हैं।वे सरल वाक्यों और विशेष शब्दों का उपयोग करते हैं, जैसे केले के लिए नाना। वे धीरे-धीरे बोलते हैं, ऊंचे स्वर का उपयोग करते हैं, और अपने शब्दों को उतार-चढ़ाव के साथ बोलते हैं।कई भाषाओं में, देखभाल करने वाले लोग हाइपरआर्टिक्यूलेशन नामक प्रक्रिया में अपने स्वरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं।शोधकर्ता इन सभी चीजों को बच्चे या शिशु की भाषा के रूप में संदर्भित करते हैं। लेकिन इसे आमतौर पर बेबी टॉक के रूप में भी जाना जाता है।बेबी टॉक का उपयोग दुनिया भर में किया जाता है। 187 देशों के लोगों को शामिल करते हुए 2022 के एक अध्ययन से पता चला है कि वयस्क बता सकते है।' कि कोई भी बात बच्चों से की जा रही है या वयस्कों से, भले ही इस दौरान इस्तेमाल की जा रही भाषा से कोई परिचित न हो।हमारा नया शोध यह देखता है कि ऑस्ट्रेलियाई स्वदेशी भाषा वार्लपीरी में बच्चों की बातचीत कैसे काम करती है।क्या वे बच्चों के लिए समान भाषा संशोधनों का उपयोग करते हैं? और यदि हां, तो क्यों ?हमारा शोधइस महीने प्रकाशित हमारा शोध, वार्लपीरी में बच्चों के लिए निर्धारित भाषा के उपयोग और उद्देश्य की जांच करता है। वार्लपीरी मध्य ऑस्ट्रेलिया में 3,000 से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और इसमें तीन स्वर ध्वनियाँ हैं: आई , ए , और यू , जो अंग्रेजी के बी , बाह और बू स्वरों से काफी हद तक मेल खाती हैं।

# लोकतंत्र की मौत देख रहा पश्चिम बंगाल : तेजस्वी सूर्या

भाषा। जम्मू



**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद तेजस्वी सूर्या ने मंगलवार को ममता बनर्जी पर चुनावी जीत सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर हिंसा कराने का आरोप लगाया और कहा कि उनके नेतृत्व में पूर्वी भारत का यह राज्य लोकतंत्र की मौत देख रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रमुख सूर्या ने आरोप लगाया कि पचिम बंगाल में विधानसभा चुनाव समाप्त होते हुए ममता बनर्जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर हिंसा कराई। जम्मू-कश्मीर में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा के बाद पत्रकारों से बातचीत में सूर्या ने कहा, उच्च न्यायालय ने हिंसा की इन अभूतपूर्व घटनाओं पर संज्ञान लिया। अभी तक, हम पंचायत चुनावों में देख रहे हैं कि... कैसे पश्चिम बंगाल सरकार केन्द्रीय बलों की तैनाती का विरोध कर रही है। भाजपा सांसद ने कहा, पश्चिम बंगाल में जो हो रहा है, वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में लोकतंत्र की मौत है। यहां तक कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय ने भी उसपर संज्ञान लिया है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें (ममता बनर्जी) सिर्फ बूथ कब्जा करके, सड़कों पर हिंसा करवा कर और पुलिस सहित पूरी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनाव जीतना आता है। पटना में विपक्षी दलों की हालिया बैठक पर तंज कसते हुए सूर्या ने कहा कि यह सम्मेलन विपक्ष का कम और बेरोजगार राजनीतिक परिवारों का जमावड़ा ज्यादा लग रहा था। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद ने कहा, एक तरह से यह बेरोजगार राजनीतिक परिवारों का जमावड़ा था। डॉक्टर फारूक अब्दुल्ला के पुत्र, मुलायम सिंह यादव के पुत्र और शरद पवार तथा करुणानिधि के परिवार.... पटना में हुई बैठक विपक्षी दलों का सम्मेलन कम और बेरोजगार राजनीतिक परिवारों का जमावड़ा ज्यादा लग रहा था। पटना में हुई बैठक में कांग्रेस सहित 17 विपक्षी दलों ने केन्द्र की सत्ता पर काबिज भाजपा को हराने के लक्ष्य से 2024 का आम चुनाव साथ मिलकर लड़ने का फैसला लिया। संयुक्त रणनीति तैयार करने के लिए वे लोग अगले महीने शिमला में बैठक करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में सूर्या ने कहा, मैं आपसे एक सवाल करना चाहता हूं... तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का जम्मू-कश्मीर में क्या राजनीतिक प्रभाव होगा। उमर अब्दुल्ला का कर्नाटक में क्या प्रभाव होगा। क्या उत्तर प्रदेश की जनता द्वारा नकारे गए अखिलेश यादव को पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में स्वीकार किया जाएगा। पटना में हुआ वह सर्कस सिर्फ वंशवादी राजनीतिक सम्मेलन था। पाकिस्तान और सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के संबंध में सवाल करने पर सूर्या ने कहा, पाकिस्तान एक असफल राष्ट्र है। दुनिया उसे आतंकवादी राष्ट्र के रूप में जानती है। उन्होंने इस तथ्य का स्वागत किया कि अमेरिका ने एक स्वर में आतंकवाद का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान की निंदा की है और पाकिस्तान में सभी आतंकी बुनियादी ढांचों को ध्वस्त करने को कहा है। सूर्या ने इसपर जोर दिया कि समान नागरिक संहिता संवैधानिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता को ध्यान में सभी नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करने वाली समान नागरिक संहिता का होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने समान नागरिक संहिता का विरोध करने के लिए कांग्रेस और अन्य दलों की आलोचना की। उन्होंने कहा, विपक्ष संविधान विरोधी रुख अपना रहा है और ए दल लगातार संविधान का अपमान कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या भाजपा 2024 आम चुनावों से पहले समान नागरिक संहिता को लागू करेगी, सूर्या ने कहा कि भाजपा ने हमेशा यह कहा है कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख संविधान के नीति निदेशक तत्वों में है। उन्होंने कहा, पाटी इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि उसने विगत में अपने घोषणपत्र के वादों को पूरा किया जिनमें अनुच्छेद 370 को समाप्त करना भी शामिल है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर फिर से नियंत्रण करने के मुद्दे पर सूर्या ने रेखांकित किया कि संसद ने पीओके पर तीन बार प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने इसपर जोर दिया कि पीओके हमेशा से भारत का अभिन्न अंग था और भविष्य में भी रहेगा।

## चिदम्बरम नटराज मंदिर को विभाग के अधीन लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे : धर्मादा मंत्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चिदम्बरम के प्रसिद्ध नटराज मंदिर का प्रबंधन कर रहे पोडू दीक्षितारों (पुरोहितों) पर मंदिर की धनराशि या संपत्ति का सरकार के सामने खुलासा नहीं करने का आरोप लगाते हुए राज्य के हिंदू धर्म एवं धर्मार्थ प्रबंधन (एचआर एंड सीई) मंत्री पी के शेकर बाबू ने मंगलवार को कहा कि इस धर्मस्थल को उनके विभाग के अंतर्गत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ दिनों पहले वार्षिक मंदिर समारोह के मद्देनजर दीक्षितारों द्वारा श्रद्धालुओं को कनागसबाई मेडाई (एक पवित्र मंच) से प्रार्थना नहीं करने देने पर विवाद पैदा हो गया था। चआर एंड सीई विभाग के अधिकारी 26 जून को पुलिस के साथ मंदिर पहुंचे और उन्होंने पोडू दीक्षितारों द्वारा लगाया गया वह बोर्ड हटा दिया जिसमें श्रद्धालुओं पर आज चल रहे आनी थिरूमंजनम समारोह के समापन तक कनागसाई मेडाई पर जाने पर रोक का निर्देश था।जब बोर्ड को हटाए जाने के बारे में सेकर बाबू का ध्यान पत्रकारों ने आकृष्ट किया तब उन्होंने कहा, हम न्याय और श्रद्धालुओं की तरफ खड़े हैं। हम धीरे-धीरे सारी रूकावटों को दूर कर लेंगे और अदालत की अनुमति से मंदिर का प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथों में ले लेंगे। करीब एक साल से राज्य सरकार और एचआर एंड सीई विभाग कुड्डालूर जिले के इस मंदिर का नियंत्रण अपने हाथों में लेने की कोशिश कर रहे हैं जिसका प्रबंधन वंश परंपरा के हिसाब से पुरोहितों के पास है। पोडू दीक्षितार समिति के सचिव टी एस शिवरामा दीक्षितार ने कहा, हमने कानूनी ढंग से इसका जवाब दिया है। उनके वकील जी चंद्रशेखरन ने कहा कि बोर्ड बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को सूचित करने और उत्सव के दौरान भीड़भाड़ रोकने के लिए लगाया गया है। मंत्री ने कहा कि 200 पुरोहितों के समूह ने खुद ही तय कर लिया कि कैसे मंदिर का प्रबंधन करना है और वे खुद ही कानून बन गए हैं।

## क्विक न्यूज

### अतीक की बहन ने उच्चतम न्यायालय से स्वतंत्र जांच की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** कुछ महीने पहले मारे गए कुख्यात अपराधियों अतीक अहमद और अशरफ की बहन ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उनकी हिरासत में और न्यायेतर मौत की जांच के लिए शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता मे आयोग गठित करने की मांग की है। अतीक अहमद (60) और उसके भाई अशरफ की अप्रैल महीने मे प्रयागराज मे उस समय हत्या कर दी गई थी जब दोनों को पुलिस कर्मी मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। दोनों की बहन आइशा नूरी ने अपनी याचिका मे आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनके परिवार को निशाना बनाकर मुठभेड़ में हत्या करने, गिरफ्तारी करने और उत्पीड़न करने का अभियान चलाया जा रहा है और इस मामले मे किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा व्यापक जांच कराई जानी चाहिए। याचिका मे कहा गया है, सरकार प्रायोजित हत्याओ मे अपने भाइयो और भतीजे को खो चुकी याचिकाकर्ता संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत तत्काल रिट याचिका के माध्यम से इस अदालत मे गुहार लगाने को बाध्य है कि प्रतिवादियों द्वारा न्यायेतर हत्याओं के अभियान की व्यापक जांच इस अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा या किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा कराई जाए। इसमे आरोप लगाया गया है, प्रतिवादियों-पुलिस अधिकारियो को उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है जिसने उन्हे बदले की भावना के तहत याचिकाकर्ता के परिवार के सदस्यो की हत्या करने, उन्हे गिरफ्तार करने और उनका उत्पीड़न करने की पूरी छूट दे रखी है।

### दो श्रावण मास होने के चलते इस वर्ष अमरनाथ यात्रा का अधिक महत्व: महंत गिरि

**श्रीनगर।** छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि ने मंगलवार को कहा कि एक जुलाई से शुरू होने वाली आगामी अमरनाथ यात्रा का इस बार अधिक महत्व है क्योंकि इस वर्ष दो श्रावण है जो कि19 साल बाद एक असाधारण खगोलीय घटना है। इस वर्ष, श्रावण महीना 4 जुलाई को शुरू होगा और 31 अगस्त तक चलेगा। श्रावण को सावन के नाम से भी जाना जाता है और यह इस वर्ष 59 दिनो का होगा और इसमे आठ सावन सोमवार होंगे। हर साल सामान्य तौर पर सावन मे चार सोमवार होते है।महंत दीपेंद्र गिरि ने छड़ी मुबारक से संबंधित कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, इस वर्ष की तीर्थयात्रा अधिक महत्व रखती है क्योंकि इस वर्ष श्रावण दो महीने का है और यह असाधारण खगोलीय घटना 19 साल बाद हो रही है। उन्होने कहा कि सदियो पुरानी परंपरा के अनुसार, वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत से जुड़े अनुष्ठान भूमि-पूजन , नवग्रह पूजन और ध्वजारोहण पहलगाम मे सोमवार, तीन जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) पर किया जाएगा, जो यात्रा का पारंपरिक मार्ग है।

### महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस से कहा, गोरक्षकों पर हमले नहीं हों

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मंगलवार को कहा कि उन्होने राज्य पुलिस से सीमाओ पर कड़ी निगरानी रखने और उन्हें सील करने को कहा है ताकि पड़ोसी राज्यो से मवेशियो को लाना-ले जाना बंद हो सके और गोरक्षकों पर कोई हमला नही हो। नार्वेकर ने यह भी बताया कि उन्होने पुलिस से संवेदनशील स्थानो का दौरा करने और गश्त करने के लिए दल बनाने को कहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होने संस्थाओं और गैर-सरकारी संगठनो की इस आशंका को लेकर अवर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) और नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक की थी कि आगामी बकरीद के दौरान सामूहिक गोवंश हत्या हो सकती है। इसलिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए। नांदेड़ और अन्य स्थानो पर हुई हिसा के संबंध मे भी कदम उठाए जाने चाहिए। नार्वेकर ने कहा, हमने उन्हें (पुलिस को) कड़ी निगरानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रो का दौरा करने एवं गश्त करने के लिए दल बनाने को कहा है। सीमाओं को सील करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि राज्यों के बीच मवेशियों को नहीं ले जाया जा सके। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इन गोरक्षकों पर कोई हमला नही हो। महाराष्ट्र के नासिक जिले मे शनिवार को गोमांस ले जाने के संदेह मे गोरक्षको के एक समूह ने 32 साल के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर कथित रूप से हत्या कर दी थी। कुछ दिन पहले ही नासिक मे ऐसी एक और घटना घटी थी।कांग्रेस ने शनिवार को नासिक में घटी घटना के लिए सोमवार को एकनाथ शिंदे सरकार की आलोचना की थी।

### एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड देगा

**मुंबई।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह निफ्टी आईटी टीआरआई पर नजर रखने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। हितेश दास (फंड मैनेजर) फंड का प्रबंधन करेंगे। एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड निफ्टी आईटी टीआरआई को ट्रैक करेगा और ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी आईटी टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप खर्चों से पहले रिटर्न प्रदान करने का लक्ष्य रखेगा। न्यूनतम निवेश राशि रुपए 5,000 और उसके बाद 1/- रुपए के गुणकों में किया जा सकेगा।इंडेक्स फंड का मुख्य उद्देश्य पोर्टफोलियो के संदर्भ में स्टॉक मार्केट इंडेक्स को दोहराना है। निवेश पोर्टफोलियो में इन सूचकांकों के सभी शेयरों को कुछ प्रतिनिधित्व मिलेगा। अनिवार्य रूप से, यह ट्रैक किए जा रहे सूचकांक के समान प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। इंडेक्स फंड के भीतर, निवेशकों के पास उस विशेष क्षेत्र में प्रदान किए गए विकास के अवसर को भुनाने के उद्देश्य से कुछ सेक्टर आधारित इंडेक्स फंड में भी निवेश करने का विकल्प होता है। भारत के बढ़ते आईटी सैक्टर में अवसर का लाभ उठाने का प्रयासजैसा कि हम सभी जानते हैं, आज टैक्नोलॉजी सभी व्यवसायों, सभी क्षेत्रों के लिए एक केंद्र बिंदु है।

### जियो व एमजी मोटर इंडिया में साझेदारी

**नई दिल्ली।** अपने कस्टमर्स को बेस्ट-इन-क्लास कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी देने के लिए एमजी मोटर इंडिया ने भारत के प्रमुख डिजिटल सर्विसेस प्रोवाइडर जियो प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी का एलान किया है। इसके तहत इंडस्ट्री में पहले कनेक्टेड कार फीचर्स की व्यापक रेंज की घोषणा की गई है। इसमें एमजी मोटर्स अपने नए लांच किए गए कॉमेटईवी- स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन में जियो के डिजिटल एसेट्स द्वारा संचालित हिंग्लिश वॉयस असिस्टेंट-सक्षम एक्सपीरियंस के सहज इंटीग्रेशन की पेशकश करेगा।यह साझेदारी नए युग के इनोवेटिव स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशंस को संभव बनाती है, जो भविष्य के अर्बन मोबिलिटी ईकोसिस्टम के कार निर्माता की स्थाई प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साथ ही, शानदार सुविधाओं और अनुभव प्रदान करती है। जियो, भारत का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड सर्विस प्रोवाइडर है। यह नेक्स्ट जनरेशन ऑटोमोटिव सॉल्यूशन लाता है, जो शानदार एक्सपीरियंस देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। एमजी कॉमेट ईवी कस्टमर्स को जियो के इनोवेटिव एसेट्स जैसे भारत का पहला हिंग्लिश वॉइस असिस्टेंट सिस्टम मिलेगा, जो म्यूजिक एप्स, पेमेंट एप्स, कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म और हार्डवेयर के साथ इंटीग्रेटेड है। इस साझेदारी पर एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्ट गौरव गुप्ता ने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में कनेक्टेड कार स्पेस में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन अग्रणी हैं। स्मार्ट मोबिलिटी स्पेस में जियो जैसे टेक इनोवेटर के साथ हमारी साझेदारी एमजी मोटर को ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट आशीष लोधा ने कहा कि जियो भारतीय यूजर्स के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स और सॉल्युशंस का एक इकोसिस्टम बना रहा है।

## जब चर्च, मस्जिदों पर सरकारी नियंत्रण नहीं तो मंदिर क्यों : विहिप

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व हिन्दू** परिषद (विहिप) के महामंत्री मिलिंद परांडे ने मंगलवार को कहा कि अब हिन्दुओं के लिए अपशब्द का इस्तेमाल कर देश की राजनीति में कोई सफल नहीं हो सकता, क्योंकि राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद समाज का सबसे बड़ा यह वर्ग जागृत हुआ है और राजनीति के केंद्र बिन्दु में आ गया है। मंदिरों पर सरकारों के नियंत्रण का मुद्दा उठाते हुए परांडे ने इसे हिन्दू समाज के साथ पक्षपात करार दिया और दावा किया कि देश में एक भी चर्च या मस्जिद सरकारी नियंत्रण में नहीं है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सम्मेलन कक्ष में देश भर के मंदिरों को एक मंच पर लाने के प्रयास के तहत आरंभ किए गए जानें अपने मंदिर नामक एक उपक्रम की शुरुआत के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में परांडे ने यह बात कही।उन्होंने कहा, यह मंदिरों का महत्व है। राम जन्मभूमि आंदोलन के पहले इस देश में हिन्दू को भी गाली देकर देश में सफल राजनीति की जा सकती थी, लेकिन राम मंदिर आंदोलन ने यह बदल दिया। आज राम जन्मभूमि आंदोलन का परिणाम है कि हिन्दू को गाली देकर कोई राजनीति में सफल नहीं हो सकता है। हिन्दु जागृत हुआ है और वह केंद्र बिन्दु बना है। उन्होंने कहा, इतिहास का स्मरण करना अच्छी बात है, लेकिन अगर हम इतिहास से कुछ सीखेंगे नहीं तो हमारा भूगोल भी बदल जाएगा और इसके बारे में हमें बहुत गंभीरता से सोचना होगा। मंदिरों पर सरकारों के नियंत्रण का मुद्दा उठाते हुए परांडे ने इसे हिन्दू समाज के साथ पक्षपात करर दिया और दावा किया कि देश में एक भी चर्च या मस्जिद सरकारी नियंत्रण में नहीं है।उन्होंने कहा, हिन्दू समाज को इसके बारे में सोचना ही चाहिए। इस अवसर पर त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सदस्य विप्लब देब ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के बाद वामपंथियों ने सनातन धर्म को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। जिसने भी सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, वे सभी खत्म हो गए और यही हाल वामपंथियों का हुआ है। खिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद स्वामी ने मंदिरों की अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला और दावा किया कि देश की दो लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था सिर्फ मंदिरों से ही है। देश भर के मंदिरों से 35 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है। इस अवसर पर अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान बबीता फोगाट भी मौजूद थीं।

### मंदिर के पुजारियों की नियुक्ति में जाति आधारित वंशावली की कोई भूमिका नहीं : मद्रास उच्च न्यायालय

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि मंदिरो मे अर्चक (पुजारी) की नियुक्ति मे जाति आधारित वंशावली की कोई भूमिका नही होगी। उसने न्यासियों को मंदिर अगम की आवश्यकताओ के अनुसार पूजा विधि की जानकारी रखने वाले किसी भी योग्य व्यक्ति को अर्चक नियुक्त करने की अनुमति दे दी है। अगम का अर्थ मंदिर मे पूजा के जरिए किए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठानो से है। उच्च न्यायालय ने हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआरएंडसीई) विभाग द्वारा जारी एक विज्ञापन के खिलाफ मुथु सुब्रमण्यम गुरुक्कल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। इस विज्ञापन मे सलेम स्थित श्री सुगवनेश्वर स्वामी मंदिर मे अर्चकास्थानिकम के पदो के लिए आवेदन मांगे गए थे। याचिकाकर्ता की शिकायत थी कि विवादित विज्ञापन उसके और अन्य लोगो के वंशानुगत अधिकार का उल्लंघन करता है, जो प्राचीन काल से उत्तराधिकार की पंक्ति मे रीति-रिवाजो और जरूरत के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उक्त मंदिर एक अगामिक मंदिर है, इसलिए अर्चगरास्थानिगर पद पर कोई भी नियुक्ति केवल रीति-रिवाजो और जरूरत के अनुसार ही की जा सकती है। न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने अपने फैसले मे सेशम्मल और अन्य बनाम तमिलनाड राज्य मामले सहित उच्चतम न्यायालय के विभिन्न फैसलों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, शेषम्मल मामले मे शीर्ष न्यायालय के फैसले से स्पष्ट है कि अर्चक की नियुक्ति एक धर्मनिरपेक्ष कार्य है और इसलिए वंशानुगत अधिकार का दावा नही जताया जा सकता है।

## हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग में घायल हुईं ममता बनर्जी



भाषा ।सिलीगुड़ी-कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हेलीकॉप्टर मंगलवार दोपहर को खराब मौसम के कारण सिलीगुड़ी के समीप सेवोके हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा, जिसके कारण उन्हें चोट आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि बनर्जी को हवाई अड्डे पर हेलीकॉप्टर से उतरने की कोशिश के दौरान कमर तथा पैरों में चोटें आईं। बाद में वह बागडोगरा हवाई अड्डे से एक विमान से कोलकाता लौटीं। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री को कोलकाता पहुंचने के तुरंत बाद सरकारी एसएसकेएम हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका एमआरआई कराया गया। एक चिकित्सक ने पीटीआई-भाषा को बताया, चोटें गंभीर नहीं लग रही हैं। हम एमआरआई रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की जांच की। बनर्जी की रिपोर्ट आने के बाद ही यह फैसला लिया जाएगा कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाए या नहीं।

## विश्वविद्यालय से छात्रों, शोधकर्ताओं को राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के बारे में बताए : यूजीसी

भाषा। नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों से कहा है कि राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के बारे में शोधकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों को जानकारी दी जाए ताकि वे इससे लाभ प्राप्त कर सकें। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने 21 जून को सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, सभी कालेजों संस्थानों के प्राचार्यों को लिखे पत्र में यह आग्रह किया।पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023-24 से 2030-31 तक की अवधि तक चलने वाले इस मिशन पर 6003.65 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस मिशन का लक्ष्य क्वांटम प्रौद्योगिकी (क्यूटी) के क्षेत्र में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान देना और इस क्षेत्र में देश में अनुकूल माहौल तैयार करना है।इसमें कहा गया है कि इस मिशन में सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक तकनीक जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों में आठ वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट की क्षमता वाला मध्यवर्ती स्तर का क्वांटम कंप्यूटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत में 2000 किलोमीटर की सीमा में जमीनी स्टेशनों के बीच उपग्रह आधारित सुरक्षित क्वांटम संचार, अन्य देशों के साथ लंबी दूरी का सुरक्षित क्वांटम संचार, 2000 किलोमीटर से अधिक के दायरे में अंतर-शहरी (इंटरसिटी) क्वांटम के वितरण के साथ-साथ क्वांटम मेमोरी से लैस बहु आयामी क्वांटम नेटवर्क तैयार करना भी इस मिशन के अन्य अहम पहलू हैं। इसमें कहा गया है कि यह मिशन संचार और नौवहन सुगमता के लिए परमाणु प्रणालियों और परमाणु घड़ियों में उच्च संवेदनशीलता से लैस मैग्नेटोमीटर विकसित करने में मदद करेगा। यह क्वांटम उपकरणों के निर्माण के लिए सुपरकंडक्टर, नवीन सेमीकंडक्टर संरचनाओं और सांस्थितिक (टोपोलॉजिकल) सामग्रियों आदि के डिजाइन और संश्लेषण में भी सहायता करेगा। इसके तहत क्वांटम संचार, संवेदन और मौसम विज्ञान संबंधी अनुप्रयोगों के लिए फोटॉन स्रोत भी विकसित किए जाएंगे। इसके तहत शीर्ष शैक्षणिक और राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में चार विषयगत केन्द्र (टी-हब) स्थापित किए जाएंगे जो मौलिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान के माध्यम से नए ज्ञान एवं जानकारी के सृजन पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। यूजीसी के सचिव ने विश्वविद्यालयों एवं कालेजों को लिखे पत्र में कहा है, उच्च शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया जाता है कि वे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के बारे में शोधकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों को जानकारी दें ।

## पिछले नौ साल में देश का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ा: गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में किए गए मोदी सरकार के विकास कार्यों के तहत भारत का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़कर दुनिया में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। गडकरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज के समय में देश का सड़क नेटवर्क करीब ।,45,240 किलोमीटर है जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 91,287 किलोमीटर ही था। इस तरह देश के सड़क नेटवर्क में पिछले नौ वर्षों के दौरान 59 प्रतिशत की उच्च वृद्धि हुई है। उन्होंने मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज भारत का सड़क नेटवर्क अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस दौरान सड़क निर्माण के क्षेत्र में भारत ने सात विश्व रिकॉर्ड भी कायम किए। गडकरी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में टोल से मिलने वाला राजस्व भी 4,770 करोड़ रुपए से बढ़कर 41,342 करोड़ रुपए हो चुका है।

## हिंसा पीड़ितों को 1,000 रुपए की सहायता मिलेगी : मणिपुर के मुख्यमंत्री

भाषा। इंफाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य में जातीय दंगों के कारण राहत शिविरों में रह रहे लोगों को उनकी सरकार 1,000 रुपए की एकमुश्त मदद देगी।सिंह ने इंफाल ईस्ट जिले के खुमान लैंपक खेल परिसर में बनाए गए एक राहत शिविर में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह सहायता इसलिए दी जाएगी, ताकि शिविरों में रह रहे लोग कपड़े और जरूरत के अन्य सामान खरीद सकें। इस राहत शिविर में 106 महिलाएं और बच्चे रह रहे हैं।पिछले महीने राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से करीब 50,000 लोग 300 से अधिक राहत शिविरों में रह रहे हैं। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, सरकार ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को 1,000 रुपए देने का फैसला किया है। यह वित्तीय सहायता संबंधित जिला अधिकारियों के जरिए दी जाएगी। दिन में, विस्थापित लोगों के एक तबके को यह सहायता मिली। सिंह ने इंफाल वेस्ट जिले में भी एक राहत शिविर का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने बाद में ट्वीट किया, प्रभावित लोगों की सहायता करने और पीड़ितों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विस्थापित लोगों के राहत एवं पुनर्वास के लिए किए जा रहे उपायों के तहत वित्तीय सहायता दी। राज्य में जो कुछ हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य प्रशासन के अलावा महिला संगठनों सहित विभिन्न समूहों के प्रयासों से स्थिति में काफी सुधार हुआ है। केंद्र 24 घंटे राज्य की स्थिति पर नजर रख रहा है और राज्य प्रशासन सभी लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, उन संवेदनशील इलाकों में करीब 40,000 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, जहां उग्रवादियों के हमले की आशंका है। उनकी नई दिल्ली यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें आश्वासन दिया है कि केंद्र राज्य के पहाड़ी इलाकों में उग्रवादी गतिविधियों पर गौर करेगा।



ले.जनरल पीएन अनंतनारायन को अतिविशिष्ट सेवा मेंडल सम्मान देती राष्ट्रपति द्रौपदी

## आईटीबीपी में रसोइयों, सफाईकर्मियों और अन्य को मिलेगी पहली बार पदोन्नति

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कार्मिक संगठन की बहुप्रतीक्षित समीक्षा के लिए केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद इस अर्धसैनिक बल में सबसे निचले स्तर पर आने वाले रसोइए, पानी वाहकों, सफाईकर्मियों, नाइयों जैसे कर्मियों को पहली बार पदोन्नति दी जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को पीटीआई भाषा को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आईटीबीपी के ग्रुप सी ट्रेड्समैन कैडर की पहली समीक्षा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके तहत इन पदों के वास्ते हेडकांस्टेबल के 984 नए पद सृजित किए जाएंगे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में फिलहाल ट्रेड्समैन श्रेणियों में दर्जी, मोची, माली, रसोइया, पानी वाहक, नाई, धोबी और सफाईकमी शामिल हैं। बल के करीब 90,000 कर्मियों में इन श्रेणियों के 7067 कर्मी हैं।

## बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए स्थानीय निवासी होना अनिवार्य नही

भाषा। पटना



**बिहार के** नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षक पद पर भर्ती के लिए स्थानीय निवासी (डोमिसाइलाअधिवास) होना अनिवार्य नहीं है और अब कोई भी भारतीय नागरिक इसके लिए आवेदन कर सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। यह प्रस्ताव राज्य शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रिमंडल के समक्ष रखा गया था। इससे पहले, नई सेवा शर्तों के तहत राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों शिक्षक के रूप में केवल बिहार के निवासियों की ही भर्ती करने का प्रावधान था। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने संवाददाताओं से कहा, अब, राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रदेश का निवासी होने की अहर्ता अनिवार्य नहीं है। कोई भी भारतीय नागरिक सरकारी शिक्षकों की नौकरियों के लिए आवेदन कर सकता है और यह बाध्यकारी नहीं है कि उसके पास राज्य का अधिवास हो। गौरतलब है कि राज्य मंत्रिमंडल ने इस साल दो मई को राज्य में प्राथमिक, मध्य और उच्च कक्षाओं के लिए 1.78 लाख शिक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा भर्ती की जाएगी। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भर्ती प्रक्रिया इस साल के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है।

### गैर-निवासी गारो को नौकरी में आरक्षण नीति का लाभ नहीं मिलेगा : मेघालय मंत्रिमंडल

**शिलांग।** मेघालय मंत्रिमंडल ने नौकरी में आरक्षण की 1972 की नीति के तहत गैर-निवासी गारो आदिवासियो के रोजगार लाभो को वापस लेने वाले कार्मिक विभाग के एक प्रस्ताव को मंगलवार को स्वीकृति दे दी। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इस नीति के तहत खासी (40 प्रतिशत) और गारो (40 प्रतिशत) के लिए नौकरियो मे 80 फीसदी, अन्य जनजातियो के लिए पांच प्रतिशत तथा राज्य मे रहने वाले अन्य आदिवासियो के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने आरक्षण रोस्टर के अनुरूप स्वीकृति दी है। कैबिनेट मंत्री अम्पारीन लिंगदोह ने कहा, मंत्रिमंडल ने 1974 कार्यालय ज्ञापन में संशोधन किया है जिसके तहत राज्य के बाहर रहने वाले गारो (समुदाय के लोगो) को नौकरी आरक्षण नीति के तहत रिक्त पदो के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाती थी।

# क्रिकेट के महाकुंभ का आगाज 5 अक्टूबर से



● अहमदाबाद में होगा भारत-पाक मैच और विश्व कप फाइनल, सेमीफाइनल मुंबई और कोलकाता में

**भाषा।** मुंबई

**भारत** और पाकिस्तान के बीच एक दिवसीय विश्व कप का बहुचर्चित मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दुनिया के सबसे बड़े इस स्टेडियम पर ही 19 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। आईसीसी ने मंगलवार को यह घोषणा की। टूर्नामेंट का आगाज अहमदाबाद में ही पांच अक्टूबर को पिछले विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच मैच से होगा। दर्शकों की संख्या के आधार पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है जिसमें 132000 दर्शक बैठ सकते हैं जो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) से 32000 अधिक है। विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में और दूसरा अगले दिन कोलकाता में ईडन गार्डंस पर खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल में एक रिजर्व दिन होगा। फाइनल मैच अहमदाबाद में 19 नवंबर को होगा जबकि 20 नवंबर रिजर्व दिन रहेगा। सभी तीन नॉकआउट मैच दिन रात के होंगे। आईसीसी ने वनडे विश्व कप से सौ दिन पहले कार्यक्रम का ऐलान करते हुए कहा कि मेजबान भारत अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को पांच बार की विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगा। गुवाहाटी 12 वेन्यू में से एक है जहां अभ्यास मैच समेत टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। पहली बार विश्व कप का पदार्पण पूर्वोत्तर भारत में होगा। विश्व कप के मैच हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ पुणे, बेंगलुरू,मुंबई और कोलकाता में होंगे। गुवाहाटी और तिरूवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में 29 सितंबर से तीन अक्टूबर तक अभ्यास मैच खेले जाएंगे। बारह मेजबान संघों को सोमवार को मुंबई बुलाया गया था जहां मंगलवार की आधिकारिक घोषणा से पहले उनसे विस्तार से जानकारी ली गई।

वानखेड़े स्टेडियम पर 2011 विश्व कप का फाइनल खेला गया था जहां महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 28 साल बाद खिताब जीता था। वहीं ईडन गार्डंस पर 1987 विश्व कप का फाइनल खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच चेन्नई, बेंगलुरू या कोलकाता में कराने की मांग की थी जिसे बीसीसीआई और आईसीसी ने ठुकरा दिया। इस विश्व कप में दस टीमें भाग लेंगी जिनमें से आठ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के जरिए क्वालीफाई कर चुकी हैं और शेष दो जिम्बाब्वे में चल रहे क्वालीफायर टूर्नामेंट के जरिए पहुंचेंगी। क्वालीफायर में पूर्व चैम्पियन श्रीलंका, वेस्टइंडीज के अलावा नीदरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, यूएई , अमेरिका और मेजबान जिम्बाब्वे भाग ले रहे हैं। विश्व कप में सभी टीमें एक दूसरे से राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल होंगे। टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए नौ अलग-अलग स्थल पर राउंड रॉबिन चरण के मुकाबले खेलना चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले 10 वर्षो से अपने पहले आईसीसी खिताब की तलाश कर रही टीम को रोहित शर्मा की अगुवाई में शुरूआती मैचों में ही मुश्किल चुनौती से निपटना होगा।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी और विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपने सर्वश्रेष्ठ खेल के लिए जाना जाता है। टीम इसके बाद दिल्ली में अफगानिस्तान से भिड़ेगी जिसके बाद विश्वस्तरीय स्पिन गेंदबाज है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सामने हमेशे आने शीर्ष प्रदर्शन की चुनौती रहती है। पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट में भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है लेकिन इस मैच में टीम पर उम्मीदों का बोझ सबसे ज्यादा रहेगा। चेन्नई के गर्म और उमस भरे मौसम में धीमी गति और स्पिन की मददगार पिच पर भारत आठ अक्टूबर को अपने स्पिन आक्रमण से ऑस्ट्रेलियाई टीम को परेशान करने की उम्मीद करेगा। टीम को हालांकि 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में स्पिन गेंदबाजों की चुनौती से भिड़ना होगा। भारतीय टीम इस खतरे से अच्छे से वाकिफ है ।

## आईसीसी ने वनडे विश्व कप के दो मैचों के स्थल बदलने के पाकिस्तान के अनुरोध को खारिज किया

**कराची।** भारत में खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम के कार्यक्रम और स्थलो पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा उठाई गई सभी आपत्तियो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खारिज कर दिया। आईसीसी और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा मंगलवार को जारी विश्व कप के कार्यक्रम में, भारत के खिलाफ पाकिस्तान का मैच अहमदाबाद में निर्धारित है जैसा कि पहले के ड्राफ्ट में प्रस्तावित था। इसमें अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचो के लिए स्थान बदलने के पीसीबी के अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया गया है। पीसीबी ने आईसीसी और बीसीसीआई से अफगानिस्तान के खिलाफ अपने मैच को चेन्नई से बेंगलुरु और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को बेंगलुरु से चेन्नई में पुनर्निर्धारित करने के लिए कहा था।पाकिस्तान टीम प्रबंधन को चिंता थी कि चेपॉक (चेन्नई) में पिच स्पिनरों की मददगार होती है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम को नुकसान होगा, जिसके पास शानदार स्पिन गेंदबाज है।

## आईसीसी को यकीन कि खेलेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड वनडे विश्व कप के लिए भारत में अपनी टीम भेजने को लेकर अभी भी आशंकित है लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को यकीन है कि बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम भारत में 50 ओवरों का विश्व कप खेलेगी। आईसीसी ने मंगलवार को पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप का कार्यक्रम जारी किया। इसके साथ ही कुछ टीमों के खिलाफ पाकिस्तान के मैच चेन्नई और बेंगलुरू में कराने का पीसीबी का अनुरोध भी ठुकरा दिया।

## मैचों की मेजबानी नहीं मिलने से कई प्रदेश संघों के अधिकारी निराश

नई दिल्ली। भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप के मैचों की मेजबानी नही मिलने पर मोहाली और इंदौर समेत देश के प्रमुख क्रिकेट केंद्रों के अधिकारियों ने निराशा जताई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और मेजबान बीसीसीआई ने मंगलवार को विश्व कप के कार्यक्रम का ऐलान किया जिसमे पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक दस शहरों में मैच खेले जाएंगे। मोहाली, इंदौर, राजकोट, रांची और नागपुर को एक भी मैच नही मिला है। विश्व कप के मैच हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ पुणे, बेंगलुरू, मुंबई और कोलकाता मे होंगे। आईसीसी टूर्नामेंट मे आम तौर पर मेजबान आयोजन समिति द्वारा प्रस्तावित मेजबान शहरों को मंजूरी मिल जाती है। नियमित तौर पर अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रहे इंदौर को विश्व कप का एक भी मैच नही मिला है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने इस पर निराशा जताते हुए कहा , इंदौर में 1987 मे आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप का मैच हुआ था। हमें दुख है कि इस बार इंदौर को बाहर रखा गया। पता नही बीसीसीआई की क्या मजबूरी थी। हमें लगा था कि इंदौर को मैच मिलेगा। विश्व कप 2019 में 11 वेन्यू चुने गए थे जबकि 2015 में 14 शहरों में मैच हुए थे।

## विश्वकप कार्यक्रम

| मैच | तारीख | स्थल |
|---|---|---|
| इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड | -पांच अक्टूबर | अहमदाबाद |
| पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर- | एक अक्टूबर | हैदराबाद |
| बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान | सात अक्टूबर | धर्मशाला |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम क्वालीफायर दो | सात अक्टूबर | नई दिल्ली |
| भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | आठ अक्टूबर | चेन्नई |
| न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर 1 | अक्टूबर नौ | हैदराबाद |
| इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश | 10 अक्टूबर | धर्मशाला |
| भारत बनाम अफगानिस्तान | 11 अक्टूबर | दिल्ली |
| पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर 2 | 12 अक्टूबर | हैदराबाद |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | 13 अक्टूबर | लखनऊ |
| इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान | 14 अक्टूबर | दिल्ली |
| न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश | 14 अक्टूबर | चेन्नई |
| भारत बनाम पाकिस्तान | 15 अक्टूबर | अहमदाबाद |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर 2 16 | अक्टूबर | लखनऊ |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम क्वालीफायर। | 17 अक्टूबर | धर्मशाला |
| न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | 18 अक्टूबर | चेन्नई |
| भारत बनाम बांग्लादेश | 19 अक्टूबर | पुणे |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | 20 अक्टूबर | बेंगलुरु |
| इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | 21 अक्टूबर | मुंबई |
| क्वालीफायर। बनाम क्वालीफायर 2 | 21 अक्टूबर | लखनऊ |
| भारत बनाम न्यूजीलैंड | 22 अक्टूबर | धर्मशाला |
| पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान | 23 अक्टूबर | चेन्नई |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | 24 अक्टूबर | मुंबई |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर। | 25 अक्टूबर | दिल्ली |
| इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर 2 | 26 अक्टूबर | बेंगलुरु |
| पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका | 27 अक्टूबर | चेन्नई |
| क्वालीफायर। बनाम बांग्लादेश | 28 अक्टूबर | कोलकाता |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड | 28 अक्टूबर | धर्मशाला |
| भारत बनाम इंग्लैंड | 29 अक्टूबर | लखनऊ |
| अफगानिस्तान बनाम क्वालीफायर 2 | 30 अक्टूबर | पुणे |
| पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | 31 अक्टूबर | कोलकाता |
| न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | एक नवंबर | पुणे |
| भारत बनाम क्वालीफायर 2 | दो नवंबर | मुंबई |
| क्वालीफायर। बनाम अफगानिस्तान | तीन नवंबर | लखनऊ |
| इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया | चार नवंबर | अहमदाबाद |
| न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान | चार नवंबर | बेंगलुरु |
| भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका | पांच नवंबर | कोलकाता |
| बांग्लादेश बनाम क्वालीफायर 2 | छह नवंबर | दिल्ली |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान | सात नवंबर | मुंबई |
| इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर। | आठ नवंबर | पुणे |
| न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर 2 | नौ नवंबर | बेंगलुरु |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान | 10 नवंबर | अहमदाबाद |
| भारत बनाम क्वालीफायर। | 11 नवंबर | बेंगलुरु |
| इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान | 12 नवंबर | कोलकाता |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश | 12 नवंबर | पुणे |
| **पहला सेमीफाइनल** | **15 नवंबर** | **मुंबई** |
| **दूसरा सेमीफाइनल** | **16 नवंबर** | **कोलकाता** |
| **फाइनल** | **19 नवंबर** | **अहमदाबाद** |

## मोईन अली की जगह तेज गेंदबाज टंग इंग्लैंड टीम में

लंदन। वोर्सेस्टरशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉडर्स पर होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट के लिए चोटिल मोईन अली की जगह इंग्लैंड क्रिकेट टीम मे शामिल किया गया है। पहला टेस्ट दो विकेट से हारने वाली इंग्लैंड टीम में यही एक बदलाव किया गया है। टंग ने पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। उन्हें मार्क वुड , क्रिस वोक्स और मैथ्यू पोट्स पर तरजीह दी गई है। अली को पहले टेस्ट के दौरान दाहिने हाथ की उंगली में चोट लगी थी।

## स्वियातेक बैड होम्बर्ग ओपन के दूसरे दौर में पहुंची

बैड होमबर्ग। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बैड होमबर्ग ओपन के अपने पदार्पण मुकाबले में पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए तात्याना मारिया को शिकस्त देकर दूसरे दौर मे जगह बनाई। दो सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद अपना पहला मैच खेल रही स्वियातेक ने ग्रास-कोर्ट विशेषज्ञ मारिया पर 5-7, 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की।पोलैंड की इस खिलाड़ी के सामने दूसरे दौर में जिल टीचमन की चुनौती होगी। स्विट्जरलैंड की टीचमन ने अमेरिका की क्लेयर लियू को 3-6, 6-3, 6-4 मात दी।

## गैंजेज ग्रैंडमास्टर ने त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को हराया

**दुबई।** भारत के पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के नेतृत्व में गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स ने यहां ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीए) के शुरूआती सत्र में त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को 14-2 के बड़े अंतर से हराया।सोमवार रात को खेल गए इस मुकाबले में गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स के छह में से चार खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की जबकि बाकी के दो मुकाबले बराबरी पर छूटे। आनंद के खिलाफ लेवोन अरोनियन ने मैच को लंबा खीचने पर ध्यान दिया ने इस भारतीय दिग्गज ने उनकी चुनौती को खत्म करने में ज्यादा परेशानी नही हुई।

## भावेश रैपिड फायर में व रमिता एयर राइफल में जीते

नई दिल्ली। राजस्थान के भावेश शेखावत ने यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड पिस्टल टी6 में जीत दर्ज की जबकि रमिता ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल टी5 स्पर्धा जीती। भावेश इस सप्ताह टी5 में अनीश भानवाला के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने फाइनल में 33 स्कोर करके सेना के गुरमीत को हराया। महिला एयर राइफल फाइनल में रमिता ने 252.8 का स्कोर किया। ओलंपियन इलावेनिल वालारिवान दूसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग मे ओडिशा की मान्यता सिंह ने महिला एयर राइफल में जीत दर्ज की जबकि हरियाणा के समीर ने पुरूषों के रैपिड फायर पिस्टल में बाजी मारी।

## एकादश में जगह नहीं मिलना मेरे लिए नया नहीं: स्टार्क

लंदन। एशेज श्रृंखला के शुरूआती मुकाबले से हुई अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि उन्हे इस टीम में सबसे ज्यादा बाहर होने की आदत है, लेकिन दूसरे टेस्ट के लिए एकादश में चयन होने वह चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट का हिस्सा नही थे, जिसे मेहमान टीम ने दो विकेट से जीता था।

## अनुभवी और नवोदित खिलाड़ियों के पास लाल गेंद प्रारूप में खुद को साबित करने का मौका

**भाषा।** बेंगलुरु

● दलीप ट्रॉफी आज से

**भारतीय घरेलू** क्रिकेट का नया सत्र बुधवार को यहां दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा तो अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को लाल गेंद के प्रारूप में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मध्य क्षेत्र की टीम अलूर में पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ मैदान में उतरेगी जबकि उत्तर क्षेत्र एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौती का सामना करेगा। इन मुकाबलों के वितेजाओं को सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र से आमना-सामना होगा। पश्चिम क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र को पिछले सत्र के फाइनल में पहुंचने के कारण अंतिम चार चरण में सीधे प्रवेश करेंगे। बुधवार को मुकाबले में उतरने वाली टीमों का पहला लक्ष्य अंतिम चार में जगह पक्की करना होगा लेकिन अगले पखवाड़े में चयनकर्ताओं की नजरें कुछ नए नामों पर होगी क्योंकि भारतीय टीम अब बदलाव के दौर के गुजरेगी। भारतीय टीम को आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अधिक विकल्प की जरूरत होगी और दलीप ट्रॉफी खिलाड़ियों के साथ चयनकर्ताओं के लिए भी मौका होगा। भारतीय टीम के लिएआगामी सत्र 12 जुलाई से वेस्टइंडीज दौरे के साथ शुरू हो रहा है।

## नौ लीग मैच, नौ शहर, 8400 किलोमीटर का सफर, टीम इंडिया का भारत दर्शन

**भाषा।** नई दिल्ली

● 42 दिन चलेंगे मैच

**रोहित शर्मा** की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम आगामी वनडे विश्व कप में 34 दिन के भीतर नौ शहरों में नौ लीग मैच खेलने में करीब 8400 किलोमीटर का सफर तय करेगी। भारत अगर सेमीफाइनल और फिर फाइनल में पहुंचता है तो यह सफर 42 दिन में 11 मैच में 9700 किलोमीटर का होगा। भारत के मैच रात करीब 11 बजे खत्म होंगे और हर तीसरे दिन टीम को फ्लाइट पकड़नी है जो सौ ओवरों के मैच के बाद काफी थकाऊ होगा। भारतीय टीम अपने देश में खेलने पर आम तौर पर चार्टर उड़ान लेती है लेकिन हमेशा बिजनेस क्लास उपलब्ध नहीं होती। पैरों के लिए जगह कम होने से तेज गेंदबाजों के लिए काफी कठिनाई होती है। भारतीय टीम इकलौती है जो सभी नौ शहरों में लीग मैच खेलेगी। बाकी प्रमुख टीमें एक शहर में कम से कम दो मैच खेलेंगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच के लिए चेन्नई पहुंचने के बाद भारतीय टीम चेन्नई से दिल्ली (1761 किमी), दिल्ली से अहमदाबाद (775 किमी), अहमदाबाद से पुणे (516 किमी), पुणे से धर्मशाला (1936 किमी), धर्मशाला से लखनऊ (748 किमी), लखनऊ से मुंबई (1190 किमी), मुंबई से कोलकाता (1652 किमी) और कोलकाता से बेंगलुरू (1544 किमी) का सफर तय करेगी। कुल सफर 8361 किलोमीटर का होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा,जहां तक भारतीय टीम का सवाल है तो नौ में से किसी भी संघ को इन सितारों को अपने मैदान पर खेलते देखने के मौके से वंचित नहीं किया जा सकता। इसलिए कार्यक्रम इतना व्यस्त है। पाकिस्तान को हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरू में दो दो मैच खेलने हैं। भारत के खिलाफ मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। आजम की टीम कुल 6849 किलोमीटर का सफर तय करेगी और हैदराबाद तथा चेन्नई में उसे पूरे एक एक सप्ताह का समय मिलेगा।

## विश्व कप क्वालीफायर : स्कॉटलैंड को हराकर श्रीलंका शीर्ष पर

**हरारे।** श्रीलंका ने 2023 वनडे विश्व कप क्वालीफायर में स्कॉटलैंड को 82 रन से हराकर ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर श्रीलंकाई टीम 245 रन पर आउट हो गई लेकिन बाद में महीष तीक्षणा के तीन विकेट की मदद से उसने स्कॉटलैंड को 29 ओवर में 163 रन पर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका ने 75 रन बनाए जबकि चरित असालांका ने 63 रन की पारी खेली। स्कॉटलैंड के लिए क्रिस ग्रीव्स ने चार और मार्क वाट ने तीन विकेट चटकाए। अब श्रीलंका के चार अंक है और वह सुपर सिक्स में है जबकि स्कॉटलैंड के दो ही अंक हैं। अन्य मैच में आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात को 138 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की।

## बुमराह ने एनसीए में शुरू किया अभ्यास

● वापसी की समयसीमा तय नही

**भाषा।** बेंगलुरु



**भारतीय तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट अभ्यास के दौरान सात ओवर गेंदबाजी की है लेकिन चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में कब वापसी करेंगे इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। नेट पर बुमराह की गेंदबाजी को हालांकि 2023 विश्व कप की प्रतीक्षा कर रहे भारतीय प्रशंसकों अच्छी खबर मान रहे है। विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को मुंबई में जारी किया गया है। बुमराह की पीठ में बार-बार होने वाली तकलीफ के लिए मार्च में न्यूजीलैंड में सर्जरी हुई थी और तब से वह फिटनेस हासिल करने होने की राह पर हैं। बुमराह ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला सितंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेला था। ऐसे में सवाल उठ रहे कि क्या बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला या एशिया कप में वापसी कर पाएंगे? इ स घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस तरह की चोट के लिए, कोई समयसीमा निर्धारित करना बुद्धिमानी नहीं है क्योंकि खिलाड़ी की लगातार निगरानी की आवश्यकता होती है। यह हालांकि कहा जा सकता है कि बुमराह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। उन्होंने एनसीए नेट पर सात ओवर गेंदबाजी की है। वह अपने कार्यभार को लगातार बढ़ा रहे है जिसमें शुरुआती दौर के हल्के वर्कआउट से गेंदबाजी की ओर बढ़ना शामिल है। उन्होंने कहा, वह अगले महीने (एनसीए में) कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे और तब उनकी फिटनेस का करीबी आकलन किया जाएगा। भारतीय टीम के पूर्व स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि बुमराह की वापसी में काफी सावधानी बरतनी चाहिए।

## खांडेकर जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडेकर को मंगलवार को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। भारतीय टीम 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रही है। वह हरविंदर सिंह की जगह लेंगे, जो इस साल जनवरी में एरिक वोनिंक के पद छोड़ने के बाद अंतरिम आधार पर टीम के कोच नियुक्त हुए थे। महिला मुख्य कोच यानेक शोपमैन हॉकी इंडिया के करार के मुताबिक जूनियर और सीनियर टीमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन नीदरलैंड की यह पूर्व खिलाड़ी एशियाई खेलों की तैयारी में व्यस्त हैं और इसलिए खांडेकर को जूनियर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

## सचिन के लिए 2011 में विश्व कप जीता, इस टीम को कोहली के वैसा ही करना चाहिए



**भाषा।** मुंबई

**भारतीय टीम** के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारतीय टीम ने 2011 में जिस तरह से महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के लिए विश्व कप जीता था उसी तरह मौजूद टीम को आगामी विश्व कप विराट कोहली के लिए यादगार बनाना चाहिए। भारत ने 2011 में अपनी सरजमीं पर विश्व कप का खिताब जीता था और कोहली उस टीम का हिस्सा थे। टीम इसके बाद सिर्फ एक बार ही आईसीसी का कोई टूर्नामेंट (2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी) जीत सकी। सहवाग ने कहा, हमने वह विश्व कप तेंदुलकर के लिए खेला था। हमने विश्व कप जीता और यह सचिन पाजी के लिए शानदार विदाई थी। उन्होंने कहा, विराट कोहली (अब) सचिन तेंदुलकर के स्थान पर हैं। वह पूरे जुनून के साथ क्रिकेट खेलते हैं, दूसरों का ख्याल रखते हैं।

### खेल की गति बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगा : रोहित

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि देश में आगामी एकदिवसीय विश्व कप अत्यधिक प्रतिस्पर्धी होगा क्योंकि खेल की गति काफी बढ़ गई है। खेल के ताबड़तोड़ प्रारूप टी-20 क्रिकेट ने सभी प्रारूपों को प्रभावित किया है। इससे पारंपरिक पांच दिवसीय प्रारूप भी अछूता नही है जहां बल्लेबाज आक्रामक शॉट लगाने से गुरेज नही करते है।भारत विश्व कप में आठ अक्टूबर को चेन्नई मे पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसका लक्ष्य अपना तीसरा और घरेलू मैदान पर दूसरा खिताब जीतना होगा। भारत को लीग चरण के अपने नौ मैचों को कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली, लखनऊ और बेंगलुरु सहित विभिन्न स्थानों पर खेलना है।आईसीसी से जारी विज्ञप्ति मे रोहित ने कहा, यह विश्व कप बहुत प्रतिस्पर्धी होने वाला है क्योंकि खेल की गति बढ़ गई है।

## लाल्थाजुआला व रुजुआला को मिला खिताब

● आल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन

**लखनऊ।** योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बालक व बालिका अंडर-15 और अंडर-17बैडमिंटन टूर्नामेंट-2023 में अंडर-17 सिंगल्स में छठीं वरीय मिजोरम के लाल्थाजुआला एच् ने बालक वर्ग व कर्नाटक की शीर्ष वरीय रुजुआला रामू ने बालिका वर्ग का खिताब जीता।बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में संपन्न टूर्नामेंट में बालक अंडर-15 सिंगल्स में कर्नाटक के शीर्ष वरीय प्रतीक कोंडोलिया व बालिका अंडर.15 सिंगल्स में तमिलनाडु की शीर्ष वरीय आदर्शिनी श्री एनबी चैंपियन बने। बालक अंडर-17 सिंगल्स के फाइनल में छठीं वरीय मिजोरम के लाल्थाजुआला एचण ने 13वीं वरीय तेलंगाना के प्रणव राम एनण् को सीधे गेम में 21-16, 21-16 से हराया। बालिका अंडर.17 सिंगल्स के फाइनल में कर्नाटक की शीर्ष वरीय रुजुआला रामू ने गुजरात की 15वीं वरीय अनेरी कोटक को तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 16-21, 22-20, 21-18 से हराकर चैंपियन बनी। बालक अंडर.15 सिंगल्स के फाइनल में कर्नाटक के शीर्ष वरीय प्रतीक कोंडोलिया ने उत्तराखंड के तीसरी वरीय निश्चल चांद को 21.12, 21.11 से हराया।

## गेमिंग की धोखाधड़ी को रोकने का प्रयास

**मुंबई।** दुनिया के अग्रणी मोबाइल ई-स्पोर्ट्स एवं डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म एमपीएल ने धोखाधड़ी वाले अकाउंट्स के विरुद्ध पूर्वनिर्धारित कार्यवाही कर गेमिंग का एक सुरक्षित माहौल देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। पिछली तिमाही में ही एमपीएल ने दो लाख से ज्यादा अकाउंट्स बैन किये हैं। जोकि 1 मिलियन से ज्यादा बैन हुए अकाउंट्स के इसके पिछले रिकॉर्ड में जुड़ गये हैं। इनमें से 10 प्रतिशत से ज्यादा अकाउंट्स उत्तर प्रदेश से थे। जिससे राज्य में गेमर्स के लिये सुरक्षित खेल गेमप्ले सुनिश्चित करने के लिये एमपीएल की कोशिशों का पता चलता है। एमपीएल में सिक्योरिटी एण्ड कॉम्प्लायंस के वीपी रुचिर पटवा ने कहा कि प्लेयर को सबसे अधिक महत्व देने का एमपीएल का नजरिया निष्पक्ष खेल के लिये हमारी अटूट प्रतिबद्धता को बढ़ावा देता है और हम ऐसी धोखाधड़ी को बिलकुल भी सहन नहीं करते हैं। जो हमारे यूजर्स के अनुभव में बाधा डाले। एक सुरक्षित वातावरण देने के लिये हमने व्यापक उपाय किये हैं। आधुनिक टेक्नोलॉजीज, जैसे कि जीपीएस आइडेंटिफिकेशन, कठोर केवायसी चेक और मशीन लर्निंग पर आधारित पैटर्न रिकॉग्निशन, आदि के माध्यम से हम पूर्वसक्रिय तौर पर धोखाधड़ी की गतिविधियों को पहचानकर हटाते हैं और अपने सभी गेमर्स के लिये बराबरी की स्थिति सुनिश्चित करते हैं।

## सैफ फुटबालः कुवैत ने भारत को ड्रॉ पर रोका



**भाषा।** बेंगलुरू,

**कप्तान** सुनील छेत्री के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद भारत को सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के आखिरी ग्रुप मैच में मंगलवार को कुवैत ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। छेत्री ने पहले हाफ में इंजुरी टाइम में गोल करके भारत का खाता खोला लेकिन दूसरे हाफ में अतिरिक्त समय में अनवर अली के आत्मघाती गोल का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। नौ मैचों में भारत ने यह पहला गोल गंवाया था। भारत और कुवैत दोनों के सात अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर कुवैत शीर्ष पर रहा।भारत का सामना सेमीफाइनल में लेबनान से होगा जबकि कुवैत की टक्कर बांग्लादेश या मालदीव से होगी। सेमीफाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत और कुवैत ने पहले ही क्षण से आक्रामक खेल दिखाया। भारत ने दोनों विंग से आक्रमण किया और छठे मिनट में गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन आकाश मिश्रा के क्रास पर छेत्री गेंद पकड़ने में नाकाम रहे। भारत को 35वें मिनट में फिर मौका मिला लेकिन अनिरूद्ध थापा के कॉर्नर पर अनवर अली का हेडर निशाने पर नहीं लगा। लगातार हमलों का फायदा भारत को इंजुरी टाइम में मिला जब थापा से पार लेकर छेत्री ने बेहतरीन गोल दागा। यह टूर्नामेंट में छेत्री का पांचवां और सैफ चैम्पियनशिप के कुल 26 मैचों में 24वां गोल था। दूसरे हाफ में भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को टूर्नामेंट में दूसरी बार लालकार्ड मिला। वह मैच अधिकारियों से बहस करते दिखे और 81वें मिनट में उन्हें लालकार्ड दिखाया गया। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान भी उन्हें लालकार्ड मिला था। भारत के रहीम अली और कुवैत के अल कल्लाफ को भी लालकार्ड दिखाया गया।

### नेपाल ने आखिरी मैच में पाकिस्तान को हराया

**बेंगलुरू।** नेपाल ने सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप मे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच मे पाकिस्तान को हराया। नेपाल के लिए एकमात्र गोल आशीष चौधरी ने 80वे मिनट में किया। नेपाल और पाकिस्तान अपने अपने शुरूआती मैच हारकर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुके है। पहले हाफ में दोनों टीमों को लय हासिल करने मे दिक्कत हुई।

## प्रीमियर हैंडबॉल लीग : गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश उपविजेता

**लखनऊ।** महाराष्ट्र आयरनमेन ने प्रीमियर हैंडबॉल लीग के पहले सीजन का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। महाराष्ट्र आयरनमेन ने फाइनल मुकाबले में गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश को 38-24 से हराया। प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन सीजन का ग्रैंड फाइनल महाराष्ट्र आयरनमेन और गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया और दोनों टीमों ने फ्रंटफुट पर मैच की शुरुआत की। मैच के शुरुआती मिनटों में महाराष्ट्र आयरनमैन ने हालांकि अधिक प्रभावी तरीके से अटैक किया। इगोर चिसेलियोव ने मैच की शुरुआत पूरे जुनून के साथ किया। वह गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की चुनौतियों का आसानी से सामना कर रहे थे और स्कोर करने का रास्ता ढूंढ रहे थे। उत्तर प्रदेश के गोल पोस्ट में ओमिद रेजा के कुछ शानदार बचावों ने उनकी टीम को मैच में वापस ला दिया। गोल्डन ईगल्स के मंकेश पूनिया ने अपनी टीम के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। उन्होंने अटैक में अपने पैर जमाने शुरू कर दिए थे। गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश के सुखवीर सिंह बराड़ भी जल्द ही आक्रामक हो गए। इसका कारण था कि उन्हें शॉट लगाने के लिए जगह मिल रही थी। 15वें मिनट तक स्कोर महाराष्ट्र आयरनमेन के पक्ष में 8.5 हो गया था।

